भोपाल, मंगलवार 14 अप्रैल 2026 ■ वैशाख मास कृष्ण पक्ष -12 ■ वर्ष : 13, अंक : 12 ■ पृष्ठ : 14+8=22 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 37 न्यून. 24 haribhoomi.com




हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी




दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोले पीएम मोदी

# संसद ऐसा इतिहास रचेगी, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा



**21वीं सदी नारी शक्ति वंदन को समर्पित**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विज्ञान भवन में नेशनल लेवल के 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश की संसद एक नया इतिहास रचने के करीब है। एक ऐसा नया इतिहास, जो अतीत की संकल्पनाओं को साकार करेगा, जो भविष्य के संकल्पों को पूरा करेगा। 21वीं सदी नारी शक्ति को समर्पित होगा। पीएम मोदी ने कहा कि लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से हर कोई महसूस कर रहा था। चर्चा भी होती थी इस विमर्श को करीब 4 दशक बीत गए। इसमें सभी पार्टियों और कितनी ही पीढ़ियों के प्रयास शामिल हैं। हर दल ने इस विचार को ▸▸ शेष पेज 6 पर

- लोकतांत्रिक संरचना में महिलाओं को आरक्षण देने की जरूरत दशकों से
- साल 2023 में आया था नारी शक्ति वंदन अधिनियम
- अब समय आ गया है कि इसे कानून का रूप दिया जाए



पीएम मोदी 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' में नारी शक्ति का अभिवादन करते हुए

## महिलाओं ने देश की गरिमा और गौरव दोनों को बढ़ाया

*पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री तक महिलाएं जहां भी रही हैं उन्होनें अपनी अलग लीगेसी बनाई है। इस समय भी हमारे देश में राष्ट्रपति से लेकर वित्त मंत्री तक ऐसे अहम पद महिलाएं ही संभाल रही हैं। उन्होंने देश की गरिमा और गौरव दोनों को बढ़ाया है। नारी शक्ति वंदन बिल पर पीएम मोदी ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जिस प्रकार से इस अधिनियम को पारित किया गया था और संसद का गौरव बढ़ा था। इस बार भी सबके सामूहिक प्रयास से संसद की गरीमा और नई ऊंचाइयों को छुएगी। देश की हर नारी को अच्छा लगेगा कि हर दल ने राजनीति से ऊपर उठकर उनके हित में ये महत्वपूर्ण निर्णय लिया है काम किया है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
सीएसके केकेआर
शाम 7.30 बजे से

हरिभूमि सहेली
आज के अंक के साथ

रायसेन में उन्नत कृषि महोत्सव का समापन, किसानों के साथ कृषि बदलाव का नया संकल्प

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि वे कार्यक्रम में एक मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि किसान के रूप में आए

# किसान अन्नदाता ही नहीं... ऊर्जा दाता ईंधन दाता और हाइड्रोजन दाता भी बनेगा

गडकरी ने कहा कि ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है और ज्ञान को संपत्ति में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत



नितिन गडकरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण कृषि मेले उन्नत कृषि महोत्सव का रायसेन में समापन हुआ। समापन सत्र में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जहां सड़क विकास, कृषि तकनीक, जल संरक्षण, वैकल्पिक ऊर्जा और ग्रामीण समृद्धि का व्यापक विजन रखा, वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीज से बाजार तक तैयार रोडमैप को जमीन पर उतारने का दृढ़ संकल्प दोहराया।

गडकरी ने संबोधन में कहा कि वे इस कार्यक्रम में मंत्री के रूप में नहीं, बल्कि ▸▸ शेष पेज 6 पर

**बीज से बाजार तक की योजना पर अमल के लिए बनेगा टास्क फोर्स**



गडकरी और शिवराज दीप प्रज्जवलित करते हुए

***एआई, ड्रोन, नैनो यूरिया और नवाचार से घटेगी लागत, बढ़ेगा उत्पादन***

***जल संरक्षण, डेयरी, मत्स्य और प्रोसेसिंग से बढ़ेगी किसानों की आमदनी***

**शिवराज सिंह की मांग पर नितिन गडकरी ने रायसेन रिंग रोड और सौंदर्यीकरण कार्यों को दी मंजूरी**

### पानी को जमीन में डिपॉजिट करना होगा

जल संरक्षण पर विशेष बल देते हुए गडकरी ने कहा कि पानी को जमीन में डिपॉजिट करना होगा। उन्होंने कहा कि जहां सिंचाई का पानी सीधे नहीं पहुंच सकता, वहां जल संरक्षण की संरचनाएं बड़ी भूमिका निभा सकती हैं। केवल उत्पादन बढ़ाना काफी नहीं है, बल्कि प्रोसेसिंग प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, प्री-कूलिंग ▸▸ शेष पेज 6 पर

### उत्पादन, प्रोसेसिंग तथा मार्केटिंग की बनेगी संपूर्ण योजना : शिवराज

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस क्षेत्र की माटी, जलवायु, जल उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर बीज से बाजार तक का विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस रोडमैप में यह तय किया गया है कि इस क्षेत्र में कौन-कौन सी फसलें, फल और सब्जियां अच्छी हो सकती हैं और उनके उत्पादन, प्रोसेसिंग तथा मार्केटिंग की संपूर्ण योजना कैसे ▸▸ शेष पेज 6 पर

### किसानों को हितलाभों का वितरण

समापन सत्र में किसानों को हितलाभों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर और हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा,मंत्री करण सिंह वर्मा, नारायण सिंह पवार, नरेंद्र शिवाजी ▸▸ शेष पेज 6 पर



कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री के साथ मंत्रीगण

मोहन कैबिनेट में मिली मंजूरी

## मप्र में 8 नए वन स्टॉप सेंटर खुलेंगे, 5 साल में 240 करोड़ रुपए खर्च होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र में 8 नए वन स्टॉप सेंटर खोलने को मंजूरी दे दी गई। स्टॉप सेंटर खुलने से महिलाओं को कई तरह की सुविधाएं मसलन, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, छेड़छाड़, एसिड अटैक जैसी घटनाओं में तुरंत मदद मिल सकेगी। पीड़ित महिलाओं को कानूनी सहायता प्रदान की जा सकेगी। एफआईआर दर्ज कराने से लेकर वकील उपलब्ध कराने तक की सुविधा दी जा सकेगी। प्रदेश में मैहर, मऊगंज, पांढुर्णा, धार के मनावर तथा पीथमपुर, इंदौर जिले में लसूडिया और सांवेर तथा झाबुआ के पेटलावद में नए वन स्टॉप सेंटर का संचालन होगा। कैबिनेट की बैठक सोमवार को मंत्रालय में हुई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। खासकर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर एवं महिला हेल्पलाइन 181 के संचालन ▸▸ शेष पेज 6 पर

**मैहर, मऊगंज पांढुर्णा, मनावर पीथमपुर, लसूडिया सांवेर व पेटलावद में खुलेंगे**

### सागर के 27 गांवों के किसानों को होगा लाभ

कैबिनेट ने सागर जिले की मिडवासा मध्यम सिंचाई परियोजना के निर्माण के लिए 286 करोड़ 26 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। इससे सागर जिले की सागर तहसील के 27 ग्रामों की 7200 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई के लिए किसानों को लाभ मिलेगा। ▸▸ पढ़ें पेज 04 भी

## खबर संक्षेप

### एमपी बोर्ड की 10वीं 12वीं के परिणाम कल



**भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं-12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम 15 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव सुबह 11 बजे सीएम हाउस में आयोजित कार्यक्रम में इन कक्षाओं के परिणाम घोषित करेंगे।

### सीमेंट मिक्सर से टकराई वैन, 11 लोगों की मौत



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे में सवारियों से भरी वैन सीमेंट मिक्सर से टकरा गई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना गोविली गांव के रायता पुल के पास सुबह करीब 10:45 बजे हुई।

### एलपीजी से भरी मालगाड़ी में रिसाव, टला बड़ा हादसा



**खंडवा।** पनवेल से जबलपुर जा रही एक मालगाड़ी के वैगन से एलपीजी गैस का रिसाव शुरू हो गया। ट्रेन में लीकेज का पता चलते ही रेलवे प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। तीन घंटे की मशक्कत के बाद लीकेज को रोका जा सका।

ग्वालियर में 'वर्दी की आड़' में धोखा

## शादी का झांसा देकर मुकरे टीआई पर रेप का केस दर्ज

**पीड़ित महिला विधवा और 9 माह की गर्भवती**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में एक पुलिस निरीक्षक पर महिला से दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगा है। तिघरा पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में पदस्थ निरीक्षक रूपेश शर्मा के खिलाफ झांसी रोड थाना पुलिस ने रविवार देर रात दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी निरीक्षक शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं, जबकि पीड़ित महिला विधवा है और 9 माह की गर्भवती बताई जा रही है।

महिला के अनुसार उसके पति की 6 साल पहले मौत हो चुकी है और उसका एक बच्चा भी है। उसकी पहचान निरीक्षक रूपेश शर्मा से सोशल मीडिया के माध्यम से हुई थी। आरोपी ने शादी का झांसा देकर उसके ▸▸ शेष पेज 6 पर

महू-नीमच हाइवे पर दिखा गुस्सा

## कंपनी ने नहीं बढ़ाई सैलरी कर्मचारी धरने पर बैठ गए

**3 किमी लगा लंबा जाम, पीथमपुर में ट्रक बसों की कतार**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धार



जिले में पीथमपुर स्थित मदरसन कंपनी यूनिट-2 के कर्मचारियों ने सोमवार को काम बंद कर प्रदर्शन किया। सैलरी नहीं बढ़ाने पर सैकड़ों कर्मचारी कंपनी के बाहर धरने पर बैठे। महू-नीमच नेशनल हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। करीब ढाई घंटे तक हाईवे पर दोनों ओर लंबी कतारें लगी रही। यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। ट्रक, बसें और निजी वाहन जाम में फंसे रहे, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सीएसपी रवि सोने ने ▸▸ शेष पेज 6 पर

अवैध रेत खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## मप्र और राजस्थान सरकार से मांगा जवाब पूछा-क्या पुल गिरने के बाद आएगी रिपोर्ट?

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

**अवैध रेत खनन के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने की सुनवाई**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंबल अभयारण्य क्षेत्र में अवैध रेत खनन पर रोक लगाने में नाकाम रहने के लिए राजस्थान और मध्य प्रदेश के अधिकारियों से जवाब मांगा है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने राज्य तंत्र के अस्तित्व पर ही सवाल उठाया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह सब आपकी नाक के नीचे हो रहा है। हलफनामों में लिखा है कि आपके पास हथियार नहीं हैं। फिर राज्य सरकार का अस्तित्व ही क्यों है? यह बहुत अजीब बात है। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते मध्य प्रदेश सरकार ने अदालत के समक्ष स्वीकार किया था कि चंबल क्षेत्र में सक्रिय अवैध रेत खनन ▸▸ शेष पेज 6 पर

### वन रक्षक की मौत की जांच जारी

सुनवाई के दौरान, मप्र सरकार की ओर से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कोर्ट को बताया कि फोरेस्ट गॉर्ड की हाल ही में हुई मौत की जांच चल रही है। उन्होंने अदालत को यह भी बताया कि अटेर-फतेहपुर पुल के नीचे से अवैध ▸▸ शेष पेज 6 पर

पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देश कर रहे प्रयास

**पूरी डिप्लोमेसी में असली पेच 'परमाणु बनाम पैसे' पर फंसा**

## 21 अप्रैल तक फिर हो सकती है अमेरिका और ईरान की बात



- **अमेरिका की शर्तः** ईरान अपना यूरेनियम संवर्धन तुरंत रोके और सारा स्टॉक खत्म करे
- **ईरान का कहनाः** पहले अमेरिका उसके जमे हुए अरबों डॉलर के फंड्स को जारी करे

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच छिड़ी जंग के बीच दोनों देश पहली बार बातचीत को राजी हुए थे। सभी पाकिस्तान पहुंचे थे लेकिन, बातचीत विफल हो गई। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ऐलान कर दिया है कि ईरान ने अमेरिका की शर्तें मानने से साफ मना कर दिया। इसके बाद शांति-वार्ता की कोई उम्मीद नहीं बची लेकिन अब भी उम्मीद खत्म नहीं हुई है और 21 अप्रैल को दोनों दुश्मनों को बीच एक बार फिर से बातचीत हो सकती है। इस्लामाबाद में ईरान-अमेरिका की बातचीत नाकाम होने के बावजूद अभी 'मैदान' खाली नहीं हुआ है। पाकिस्तान, मिस्र और तुर्की जैसे मध्यस्थ अब 'सुपर-एक्टिव' मोड में आ गए हैं, ताकि दुनिया को एक भीषण परमाणु युद्ध की आग में झुलसने से बचाया जा ▸▸ शेष पेज 6 पर ▸▸ पढ़ें पेज 12 भी

## आइए...इस शुरुआत को 'सार्थक पहल' में तब्दील करें

देश की करीब आधी आबादी फिर भी संसद व विधानसभा में प्रतिनिधित्व लंबे समय सीमित रहा

# अब महिला सिर्फ लाभार्थी ही नहीं होगी... वह नीति निर्माण में भी सक्रिय और भागीदार होगी


▸▸ भावना अपराजिता शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार



राजनीतिक छींटाकशी मजबूरीवश ही पर आवश्यक रवायत बन चुकी है। नहीं तो क्या कारण है कि देश की कुल आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी होने के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लंबे समय से सीमित रहा है। बीते तीन दशक गवाह हैं, क्यों और कैसे आधी आबादी के प्रतिनिधित्व की जंग अनावरत रुप से चलती रही। 1996 में एचडी देवगौड़ा सरकार के दौरान पहली बार महिला आरक्षण विधेयक नाम से विधेयक पेश किया गया, लेकिन राजनीतिक सहमति के अभाव में यह बार-बार निष्प्रभावी होता रहा। करीब 27 साल बाद सितंबर 2023 में 106वां संशोधन पारित किया गया, जिसमें संसद, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित की गईं। आसान शब्दों में यह संसद में महिलाओं की ▸▸ शेष पेज 6 पर

### बदल रहा है समाज का नजरिया

अब बात करते हैं इसके ऐतिहासिक होने की, तो करीब तीन दशक से ज्यादा समय बीत जाने के बाद। लोकतंत्र के मंदिरों में समाज के एक अहम घटक को अपनी उपस्थिति देश समाज हित के निर्णयों में सीधे भागीदारी का मौका मिलने जा रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (106वां संवैधानिक संशोधन, 2023) का फैसला ऐतिहासिक है। क्योंकि, कानून बनने के बाद ही जागरुकता की, अपने अधिकारों के इस्तेमाल की बातें जोर पकड़ती हैं। चाहे दहेज प्रथा, नारी की अस्मिता, बाल विवाह जैसे कानून में गुनहगारों को सजा के प्रावधान होने के बावजूद महिला-बाल विरोधी अपराध भले ही बंद नहीं हुए हों, न्याय मिलने की पेचीदगियों ने कई बार महिलाओं को हतोत्साहित किया हो लेकिन समाज का नजरिया महिला ▸▸ शेष पेज 6 पर


भारत के संविधान निर्माता, भारत रत्न
डॉ. भीमराव अम्बेडकर
को कोटि-कोटि नमन
न्याय, समानता और समरसता के मूल्यों से सशक्त होता मध्यप्रदेश
136वीं जयंती समारोह
14 अप्रैल, 2026
डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)
जिला इंदौर
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
"भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के समाज कल्याण के लिए किए गए योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता बाबासाहेब की न्याय, समानता और समरसता की विरासत हमें हमेशा प्रेरित करती रहेगी।"
-डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सपनों को समर्पित विकास
आस्था से जुड़ाव
बाबासाहेब से जुड़े महू, दिल्ली, नागपुर, मुंबई और लंदन में स्थित 5 ऐतिहासिक स्थल मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में शामिल
वैश्विक आस्था और अध्ययन का केंद्र महू
स्मारक, संग्रहालय, सभागार, स्वागत द्वार एवं अंतर्राष्ट्रीय रिसर्च सेंटर का विकास
सम्मान का प्रतीक नामकरण
महू रेलवे स्टेशन का नाम 'डॉ. अम्बेडकर नगर'
युवा स्व-रोज़गार उद्यम को नई उड़ान
डेयरी इकाई के लिए कामधेनु योजना में ₹42 लाख तक ऋण
आर्थिक कल्याण योजना में ₹1 लाख तक अनुदान
संत रविदास स्व-रोज़गार योजना में ₹1 लाख से ₹50 लाख तक सहायता
उद्योग उदय योजना के माध्यम से MSME को वित्तीय सहयोग
शिक्षा में उत्कृष्टता का सम्मान
डॉ. भीमराव अम्बेडकर मेधावी विद्यार्थी पुरस्कार योजना
10वीं-12वीं में प्रोत्साहन पुरस्कार
उच्च शिक्षा एवं अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन हेतु अम्बेडकर फैलोशिप
पर्यावरण और विरासत का संगम
सागर में 25वां डॉ. बी.आर. अम्बेडकर वन्यजीव अभयारण्य घोषित
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
D-11005/26
आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2026
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@Jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@JansamparkMP
JansamparkMP
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश



ज्योति टॉकीज चौराहे के पास सोमवार दोपहर 1:50 बजे तेज धूप से बचने के लिए चेहरों को कपड़े से ढकी हुई युवतियां।

आईएमडी का पूर्वानुमान
मप्र में इस साल सामान्य से 5 से 15 प्रतिशत तक कम बारिश होगी

# इस साल गर्मी लंबी खिंचेगी, अप्रैल से जून के बीच बारिश कुछ कम होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश से गुजर रही ट्रफ और सर्कुलेशन से हवाएं बदल रही हैं। इससे अभी राजधानी सहित पश्चिमी मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को दिन के तापमान में मामूली बढ़त रही, जबकि पूर्वी मप्र में 2.5 डिग्री तक कमी आई है।

तापमान में घट-बढ़ से प्रदेश में औसत अधिकतम तापमान सोमवार को थमा रहा। कुछ जिलों में एक से 2 डिग्री तक बढ़त और कुछ जगह इतनी ही कमी आने से गर्मी के तेवर ज्यादा तीखे नहीं हो सके। सबसे अधिक दिन का पारा लगातार दूसरे दिन रतलाम में 41.2 डिग्री रहा है, जबकि सबसे ठंडी रात का पारा पचमढ़ी में 12.8 डिग्री दर्ज हुआ है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी ट्रफ और सर्कुलेशन के कारण हवाएं बदलने से तापमान में बदलाव हो रहा है। गर्मी का ज्यादा असर दो दिन बाद होगा।

भोपाल में दिन का पारा दशमलव 2 डिग्री बढ़कर 38.8 डिग्री रहा, जबकि रात का तापमान 1.6 डिग्री बढ़कर 22 डिग्री रहा।

**ट्रफ और सर्कुलेशन से बदल रहीं हवाएं, गर्मी में घट-बढ़ से औसत पारा थमा**

**शहर में दिन का पारा दशमलव 2 डिग्री बढ़कर 38.8 डिग्री रहा, जबकि रात का तापमान 1.6 डिग्री बढ़कर 22 डिग्री दर्ज हुआ**

### प्रदेश में सिस्टम का असर

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन दक्षिण पूर्वी पाकिस्तान और लगे राजस्थान में सक्रिय है। उत्तर दक्षिणी ट्रफ बिहार के ऊपर सक्रिय सर्कुलेशन से लेकर तमिमलनाडु, झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, विदर्भ, मराठवाड़ा और कर्नाटक से गुजर रही है। इससे अभी हवाएं कभी उत्तर पूर्वी और कभी पश्चिमी हो रही हैं। इससे तापमान में बदलाव जारी है। राजस्थान की गर्म हवाएं आने पर गर्मी में तेजी से बढ़त होगी।

### भोपाल में पिछले साल बराबर ही बारिश

आईएमडी नई दिल्ली ने सोमवार को अप्रैल से जून के बीच दीर्घा अवधि पूर्वानुमान जारी किया है। इसके अनुसार प्रदेश में इस साल सामान्य से 5 से 15 प्रतिशत तक कम बारिश होगी। यह नॉर्मल से 90 से 95 प्रतिशत तक होगी। इस लिहाज से प्रदेश में 800 मिमी तक बारिश की उम्मीद है। भोपाल में पिछले साल के बराबर ही बारिश की उम्मीद है। बताया गया है कि इस साल प्रशांत महासागर क्षेत्र में कमजोर ला नीना जैसी स्थितियां बन रही हैं। इससे मानसून में बारिश पर असर पड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार औसत बारिश में कमी से गर्मी के दिनों में इजाफा हो सकता है।

### शहर में चलने वाली ई-बसों में होगी ई-टिकटिंग की व्यवस्था



**भोपाल।** केन्द्रीय शहरी कार्य मंत्रालय से राजधानी सहित प्रदेश के 8 नगर निगमों को मिलने वाली पीएम ई-बस चलाने के लिए ई-टिकटिंग की व्यवस्था के लिए एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। केंद्र सरकार से 40 ई-बसें इंदौर पहुंच चुकी हैं और भोपाल पहुंचने की भी जल्द उम्मीद है, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार नहीं होने के कारण इसमें देरी हो रही है। नगर निगम के एमआईसी मेंबर मनोज राठौर ने बताया कि संत नगर में आधुनिक डिपो बनकर तैयार हो गया है। बसों की पार्किंग, देखरेख, चार्जिंग, मेंटेनेंस को लेकर व्यवस्था पूरी हो चुकी है। शासन स्तर पर ई-टिकटिंग के लिए एजेंसी हायर करने की प्रक्रिया चल रही है। संचालन के लिए प्रक्रियाओं को पूरा करने में समय लगता है, लेकिन निगम प्रशासन इन बसों के संचालन के लिए पूरी तरह से तैयार है। उल्लेखनीय है कि इंदौर, भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, देवास, सतना में 972 पीएम ई-बसों का संचालन होना है। इनमें ई-टिकटिंग और डिजिटल पेमेंट व्यवस्था होगी। इसके लिए टिकटिंग एजेंसी का चयन किया जाएगा।

पेट्रोलियम कंपनियों के लगातार रेट बढ़ाए जाने के कारण निगम ने पुलिस कार्पोरेशन से लेना शुरू किया पेट्रोल-डीजल

# डीजल लेने निगम के वाहनों की पेट्रोल पंपों पर लगी कतार फील्ड में देरी से पहुंचे कचरा कलेक्शन के लिए मैजिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम के वाहनों को पेट्रोल-डीजल पुलिस कार्पोरेशन के पंपों से लिए जाने की व्यवस्था करने के बाद सोमवार को शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन समय पर शुरू नहीं को सका। मैजिक वाहन फील्ड में देरी से पहुंचे। जबकि सोमवार सुबह से संत नगर, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर, भदभदभदा रोड 25वीं बटालियन और लाल परेड ग्राउंड डीजल टैंकों पर नगर निगम के वाहनों की कतारें नजर आईं। यहां सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक सप्लाई की व्यवस्था निगम के वाहनों के लिए की गइ है। हालांकि निगम प्रशासन ने किसी भी तरह के परेशानी से इंकार किया है।

निगम के डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगे वाहन पेट्रोल पंपों पर कतार में लगे रहे। उसके बाद अपने-अपने क्षेत्रों में कचरा कलेक्शन के लिए पहुंचे। भेल क्षेत्र सहित पुराने शहर के कई क्षेत्रों में आम दिनों की तरह मैजिक सुबह 7 बजे से कचरा कलेक्शन के लिए नहीं दिखे। इक्का-दुक्का वाहन जरूर ट्रांसफर स्टेशन जाते और वहां से आते दिखे। इंद्रपुरी-भवानीधाम रोड, अयोध्या बायपास, रायसेन रोड से लगी कॉलोनियों में सुबह दस बजे तक कचरा कलेक्शन के लिए मैजिक नजर नहीं आए।



जहांगीराबाद पुलिस पेट्रोल पंप पर डीजल के लिए कतार में खड़े वाहन।

**कई क्षेत्रों में आम दिनों की तरह मैजिक सुबह 7 बजे से कचरा कलेक्शन के लिए नहीं दिखे**

**सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक निगम के वाहनों को मिला पेट्रोल-डीजल**

### 82 रुपए से 142 रुपए कर दिया डीजल

इजराइल-अमेरीका और ईरान के बीच जंग का असर पर निगम पर भी नजर आ रहा है। बल्क कंज्यूमर के नाम पर ऑयल कंपनी ने निगम को सप्लाई होने वाले डीजल पर प्रति लीटर 60 रुपए की बढोत्तरी कर दी। जो डीजल 82 रुपए प्रति लीटर मिल रहा था, वह 142 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया। इसके चलते निगम प्रशासन ने पुलिस कारपोरेशन से सामान्य पत्राचार करके पेट्रोल-डीजल की सप्लाई व्यवस्था बनाई। निगम अब सीधे पेट्रोलियम कंपनी से डीजल-पेट्रोल खरीदने बजाए पुलिस पेट्रोलपंपों से डीजल लेना शुरू किया है।

### 650 मैजिक 85 वार्डों में डोर-टू-डोर करती हैं कचरा कलेक्शन

शहर के 21 जोन और 85 वार्डों में 650 से ज्यादा मैजिक रोज डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करती हैं। निगम के पास करीब 1700 वाहन हैं जिनमें वॉटर टैंकर, डंपर, जेसीबी व अन्य वाहन शामिल हैं। जिनके लिए रोज 18 हजार लीटर डीजल जरूरत होती है। निगम के पास 270 सीएनजी वाहन भी हैं, जिनकी संख्या निगम बढ़ा भी रहा है।

### निगम का तर्क- कोई शिकायत नहीं मिली

नगर निगम में डीजल-टैंक प्रभारी उपयंत्री विजय गोयल का कहना है कि पेट्रोल पंपों पर वाहनों को समय पर डीजल मिला। कोई शिकायत नहीं मिली। पेट्रोलियम कंपनियों द्वारा डीजल रेट बढ़ाए जाने से पुलिस कार्पोरेशन से पत्राचार कर डीजल लेने के लिए व्यवस्था बनाई गई है।

## सुबह निगम कमिश्नर ने शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, शाम को 21 एएचओ-दारोगा की बैठक ली, काम में सुधार लाने की हिदायत

- बैठक में देरी से पहुंचने पर एक एएचओ को मुख्यालय अटैच किया
- गंदगी मिलने पर कई जोन के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों को लगाई फटकार
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत कैसे करना है काम, बताए तरीके

शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर निगम कमिश्नर एक्शन मोड में हैं। सोमवार को सुबह उन्होंने वार्ड-3, 4 और 17 में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और गंदगी मिलने पर संबंधित जोनों के प्रभारी एएचओ को जमकर फटकार लगाई और काम में सुधार लाने की हिदायत दी। वहीं शाम चार बजे उन्होंने सभी 21 जोन के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और दरोगा की बैठक बुलाई।

इसमें जोन-1 के प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी रविकांत औदिच्य करीब एक घंटे देरी से पहुंचे तो उन्हें तत्काल प्रभाव से मुख्यालय अटैच करने के निर्देश दिए और पांच सौ रुपए फाइन भी लगाया। इस पर अपर आयुक्त ने भी तत्काल आदेश जारी कर दिए।



### एएचओ और दारोगाओं को दिए टिप्स

जैन ने एएचओ और दरोगाओं को स्वच्छ भारत मिशन को लेकर सफाई व्यवस्था कैसे करवाना है, निगरानी और पूरे सिस्टम पर नजर रखने सहित कचरे के निष्पादन को लेकर कई टिप्स दिए।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 को लेकर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन ने सफाई व्यवस्था की मॉनीटरिंग शुरू कर दी है। सोमवार को वे मोती मस्जिद, इकबाल मैदान, हमीदिया अस्पताल, कॉजी कैम्प, कबाड़खाना और करोंद हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सफाई व्यवस्था देखने पहुंची।

## निजी जमीनों से बाउंड्रीवॉल तोड़कर अमला लौटा, सरकारी जमीन वालों को दी मोहलत



बड़े तालाब किनारे निजी जमीन पर बनाई गई बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर दायरे को नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने का काम जारी है। सोमवार को टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा की टीम ने सेवनिया गौंड में निजी जमीनों पर निर्माणों को जमींदोज किया गया, जिसके तहत राजेंद्र जुनेजा और रॉबिंस सिंह की बाउंड्रीवॉल तोड़ी गई। टीम ने योगेंद्र सैनी, निगम और वंदना ठाकुर के निर्माण को भी ढहा दिया। इधर सरकारी जमीन पर पक्के निर्माण वाले गौरा गांव के एक दर्जन अतिक्रमणरियों को एक सप्ताह की मोहलत दी गई है।

एसडीएम ने बताया कि सेवनिया गौंड में निजी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले योगेंद्र सैनी, राजेंद्र जुनेजा, निगम, रॉबिंस सिंह और वंदना ठाकुर की बाउंड्रीवॉल और टीनशेड ढहा दिए। इसके साथ गौरा गांव में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वाले मनोज राजपूत, अमर सिंह, लक्ष्मण मारण और अमित जाटव के निर्माण को तोड़ा गया है।

- टीटी नगर में 68 सरकारी, 49 निजी जमीन पर अतिक्रमण
- गौरा गांव में पक्के मकान वालों को सात दिन की मोहलत, सेवनिया में कार्रवाई

### बोट क्लब पर 50 से ज्यादा अतिक्रमण टूटेंगे

टीटी नगर क्षेत्र के बोट क्लब पर जॉक रेस्टॉरेंट, लहर रेस्टॉरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन में बनी 26 दुकानें, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कॉम्पलेक्स, लहर जिम, मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के रेस्टॉरेंट को अतिक्रमण में दर्ज किया है। एसडीएम का कहना है कि इन निर्माणों को हटाने के संबंध में नगर निगम को जानकारी दे दी गई है।

## आंबेडकर जयंती पर आज बोर्ड ऑफिस चौराहे के आसपास रहेगा ट्रैफिक डायवर्सन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर मंगलवार को विभिन्न संगठनों द्वारा बोर्ड ऑफिस चौराहा स्थित आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसलिए ट्रैफिक व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है।

### यह रहेगा ट्रैफिक प्लान

- नर्मदापुरम से आईएसबीटी, पिपलानी की ओर जाने वाले वाहन आरआरएल तिराहा, बीएसएनएल तिराहा, शक्ति नगर चौराहा, डीआरएम ऑफिस, कस्तूरबा हॉस्पिटल होकर आईएसबीटी एवं पिपलानी की ओर जा सकेंगे।
- मानसरोवर कॉम्प्लेक्स से कोर्ट वाहन 6 नंबर स्टॉप, व्यापमं चौराहा, शौर्य स्मारक होते हुए कोर्ट की ओर जा सकेंगे।
- **न्यू मार्केट से ज्योति टॉकीज/आईएसबीटी जाने वाले वाहन:** व्यापम चौराहा, शौर्य स्मारक, वल्लभ भवन रोटरी, डीबी मॉल रोटरी, होटल रेसिडेंसी होते हुए ज्योति टॉकीज से आईएसबीटी पहुंच सकेंगे।
- **आईएसबीटी से न्यू मार्केट की ओर आने वाले वाहन:** चेतक ब्रिज, होटल रेसिडेंसी, डीबी मॉल रोटरी, वल्लभ भवन रोटरी, शौर्य स्मारक होते हुए जा सकेंगे।

पुलिस हिरासत में महिला सहित तीन आरोपी, अन्य की तलाश जारी

## डॉ. मनोज वर्मा से बदला लेने एनजीओ की संचालक महिला ने कराई थी लूट

**आरोपी महिला की डॉ. वर्मा से हुई थी अनबन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित किलोल पार्क मस्जिद के पास डॉक्टर मनोज वर्मा से 11 तोला गोल्ड का कड़ा और पर्स सहित घड़ी छीनने वाले आरोपी पुलिस हिरासत में आ गए हैं। उक्त मामले में अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि लूट की वारदात एनजीओ से जुड़ा महिला ने अपने परिचितों से करवाई थी। उसे डॉक्टर से बदला लेना था। इधर आरोपियों को पता चला कि डॉक्टर के हाथ में भारी भरकम लाखों का कड़ा है तो उन्होंने लूट की वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस का कहना है कि लूटपाट में और भी आरोपी शामिल हैं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस सनसनीखेज लूटपाट का खुलासा कर देंगी।

पुलिस के अनुसार टीबी से जुड़े एनजीओ का संचालन करने वाली तलाकशुदा महिला दो बच्चों की मां है। एनजीओ के काम के कारण उसका डॉक्टर मनोज वर्मा से मिलना जुलना था। लिहाजा उनसे परिचय हो गया। परिचय होने के कुछ समय बाद अनबन हो गई। अनबन का बदला लेने उसने अपने परिचित अदनान खान को चुना। अदनान खान आपराधिक प्रवृत्ति का है। महिला ने उसकी पूर्व में जमानत कराई थी। महिला ने अदनान से कहा कि डॉक्टर मनोज वर्मा से वह बदला लेना चाहती थी। तुम उसे हाथ पैर तोड़ दो। अदनान ने कहा कि मारपीट और हाथ पैरे तोड़ने के बदले उसे क्या



मिलेगा। इस पर महिला ने कहा कि डॉक्टर मनोज वर्मा के हाथ में कड़ा है और वह सोने का है काफी वजनी है। मारपीट के दौरान कड़ा छीन लेना।

अदनान ने अपने साथी अर्सलान और एक अन्य के साथ मिलकर प्लान किया। महिला ने उन्हें बता दिया था कि डॉक्टर वर्मा प्रतिदिन सुबह साइकिलिंग करने बोट क्लब जाते है। बदमाशों ने उनकी रैकी की और बाइक से उनकी साइकिल में टक्कर मारने के बाद मिर्च झोंककर हाथ से कड़ा सहित पर्स और घड़ी छीन ली। इस घटना में चलती साइकिल से गिरने के कारण डॉक्टर मनोज वर्मा की कुल्हे की हड्डी टूट गई थी। पुलिस ने महिला सहित असलम खान और अर्सलान को हिरासत में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि इस सनसीखेज लूट की वारदात से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उनकी गिरफ्तारी के बाद मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## एक साल से निर्भया आश्रय गृह में रह रही थी पूजा

दमोह से कल आएगी बारात, अफसर बनेंगे घराती

# पूजा के हाथ हुए पीले, हल्दी लगाकर गाए बन्ना-बन्नी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

तीन साल बाद दोबारा से प्रोफेसर कॉलोनी स्थित निर्भया आश्रय गृह में शहनाई बज उठी है। इसके पहले भी मोना और सरस्वती को विदा किया गया था। जिसके बाद बुधवार को आश्रय गृह में रहने वाली पूजा राजपाली को भी विदा किया जाएगा। जिसके लिए आश्रय गृह में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

सोमवार को हल्दी की रस्म रखी गई, जिसमें महिलाओं ने बन्ना-बन्नी गाकर हल्दी लगाई। इसके पहले माता पूजन भी किया गया। मंगलवार को संगीत के बाद बुधवार को बारात आगमन होगा। जिसमें सरकारी अफसर भी शामिल होंगे।




हल्दी की रस्म में दुल्हन पूजा राजपाली के साथ अतिथि।

### साईं बाबा मंदिर में माता पूजन किया

आश्रय गृह की डायरेक्टर समर खान ने बताया कि आश्रय गृह की बेटी पूजा के जीवन की नई शुरूआत की खुशियां पूरे परिवार की तरह मनाई गईं। कार्यक्रम की शुरूआत प्रोफेसर कॉलोनी स्थित साईं बाबा मंदिर में माता पूजन से हुई। पूजन के बाद हल्दी की रस्म निभाई गई। इस अवसर पर कर्नल वीपी सिंह, शाहीन आरिफ मुमताज, रश्मि व्यास, मुब्सिरा मसूद, गुलशाद बेगम सहित अन्य लोगों ने पूजा को आशीर्वाद दिया।

### तीन साल पहले मोना, सरस्वती हुई थीं विदा

तीन साल पहले आश्रय गृह में रहने वाली मोना और सरस्वती की शादी की गई थी। वर्तमान में दोनों के बच्चे भी हैं। जिन्होंने अपनी तीसरी एनिवर्सिरी पति और बच्चों के साथ मिलकर आश्रय गृह में मनाई थी। उनकी सुरक्षा के लिए संस्था द्वारा कराई गई 25 हजार रुपए की एफडी भी सौंपी गई थी।

### बेसहारा महिलाओं को मिल रहा आसरा

शक्ति सदन के माध्यम से घरेलू हिंसा पीड़ित, अनाथ, बेसहारा, और यौन हिंसा से प्रभावित महिलाओं को आश्रय, भोजन, चिकित्सा, विधिक सहायता और व्यवसायिक प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं।

# खरमास का समापन आज, इस माह जमकर गूंजेंगी शहनाइयां... अक्षय तृतीया बड़ा शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जो लोग अपने घर शादी या अन्य शुभ काम करने का सोच रहे हैं, उनके लिए अच्छी खबर है। दरअसल एक माह से बंद शादी, विवाह, गृह प्रवेश सहित अन्य मांगलिक कार्य 14 अप्रैल से फिर शुरू हो सकेंगे। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 अप्रैल मंगलवार को ग्रहों के राजा सूर्य का मेष राशि में प्रवेश करते ही मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लगाने वाले खरमास का समापन हो जाएगा। खरमास का आरंभ 15 मार्च को आरंभ हुआ था। इसके बाद से ही शादी-समारोह की शहनाई के साथ ही गृह प्रवेश, नये कारोबार सहित अन्य मांगलिक कार्यों के आयोजनों पर प्रतिबंध लग गया था।

### 17 मई से 15 जून तक रहेगा अधिमास

पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि 14 अप्रैल मंगलवार को सुबह 9.33 बजे ग्रहों के राजा सूर्य गुरु की राशि मीन को छोड़कर मंगल की राशि मेष में प्रवेश कर जाएंगे। इसके साथ ही 15 मार्च से आरंभ हुए खरमास का समापन होगा और मांगलिक कार्यों का रास्ता खुल जाएगा। इसके बाद 25 जुलाई शनिवार को देवशयनी एकादशी तक शादी विवाह, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य करना श्रेष्ठकर रहेगा। हांलाकि इस वर्ष 17 मई से 15 जून तक ज्येष्ठ अधिकमास भी रहेगा। इस अवधि में शादी-विवाह जैसे आयोजन करना श्रेष्ठ नहीं माना जाता है।

### इस तरह रहेंगे विवाह मुहूर्त

- अप्रैल 15,20,21,25, 26, 27, 28,29,
- मई 1, 3, 4, 5,6,7,8, 12,13 और 14
- जून 19, 20, 21,22, 23, 24, 25, 26, 27, 28,29
- जुलाई 1, 2, 3, 4, 5, 7, 8, 9, 11, 12 और 22




### पति-पत्नी में परस्पर प्रेम, सहानुभूति और एक दूसरे का सम्मान करें

**गायत्री परिवार ने नव दंपतियों को दिए सदा गृहस्थ बनने के सूत्र**

भोपाल। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा समाज के नवनिर्माण के लिए लिए चलाए जा रहे विश्व व्यापी अभियानों मे से एक आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी आंदोलन के तहत सोमवार को गायत्री प्रज्ञापीठ बरखेड़ा में 50 नव विवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन के वे सूत्र बताए गए, जिनसे घर परिवार में खुशहाली, सुख सौहार्द और समाज मे सम्मान प्राप्त होता है। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. शिखा गुप्ता ने परिवार में पति-पत्नी में परस्पर प्रेम, सहानुभूति कायम रखने और एक दूसरे का सम्मान करने की बात कही। वहीं, मधु श्रीवास्तव एवं आशा पाठक ने कहा कि गर्भवती माता के गर्भ मे पल रहे भ्रूण पर गर्भिणी के विचार व्यवहार का प्रभाव पड़ता है, वह तीन माह की अवधि से आकार और संस्कार दोनों से प्रभावित होता है, अतः समय रहते गर्भिणी का गर्भ संस्कार अवश्य कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विज्ञान भी इस बात की पुष्टि करता है कि आने वाली संतान माता की दिनचर्या, खानपान और मनोभूमि से प्रभावित होता है। डॉ. सुनीता गुप्ता ने गृहस्थ को एक आश्रम जैसा बनाने की बात कही। कार्यक्रम की संयोजिका सुषमा बालदया ने सभी का हार्दिक आभार व्यक्त किया। मंच संचालन रुचि श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी आंदोलन समिति भोपाल की प्रभारी शांति बारपेटे उपस्थिति रहीं।

## खबर संक्षेप

### वन कर्मचारी मंच ने मुरैना के वनरक्षक हरकेश को दी श्रद्धांजलि



भोपाल। मप्र वन कर्मचारी मंच ने सोमवार को मुरैना के वनरंक्षक हरकेश गुर्जर को श्रद्धांजलि दी। प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे के निर्णय पर मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच जिला शाखा भोपाल के नेतृत्व और वनमंडला अधिकारी भोपाल के मार्गदर्शन में शहीद स्तंभ वन भवन में वन कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से शहीद वनरक्षक को श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इसमें अशोक पांडे प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश वन कर्मचारी मंच पंकज पांडे, प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश वन कर्मचारी संघ नरेंद्र पयासी, जिला अध्यक्ष राजकरण चतुर्वेदी रेंजर, मुकेश पांडे, ब्रजलाल वर्मा, ब्रजेश मिश्रा, दिलीप निगम, विष्णु कान्त गौतमि, अनवर हुसैन, कासी प्रसाद तिवारी, विनय पांडे, प्रभाकर दुबेदी आदि कर्मचारी शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि श्रद्धांजलि सभा के बाद प्रधान मुख्य वन संरक्षण के कर्मचारियों ने ज्ञापन देकर शहीद वनरक्षक हरकेश गुर्जर के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही एक करोड़ रुपए मुआवजा देकर हरकेश गुर्जर के परिवार को तत्काल अनुकंपा नियुक्ति देने तथा वन कर्मचारियों को आत्म सुरक्षा के लिए बंदूक देने और बंदूक चलाने का अधिकार देने की मांग की।

### बीलखेड़ा में बनेगी स्कूल की बाउंड्रीवाल, क्लास रूम और सीसी रोड



भोपाल। नगर निगम द्वारा वार्ड-26 के बीलखेड़ा, सूरज नगर, सेवनिया गौड, श्रीराम कॉलोनी में जनसुविधा से जुड़े कामों के लिए एक करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। सोमवार को महापौर मालती राय व विधायक भगवानदास सबनानी ने भूमिपूजन किया। इसके तहत बीलखेड़ा में 32 लाख रुपए की लागत से शासकीय स्कूल की बाउंड्रीवॉल, कक्षों की मरम्मत, करीब 37 लाख रुपए की लागत से सूरज नगर मां कल्याणीपुरम में होने वाली सीसी रोड, सरदार वल्लभ भाई पटेल स्कूल सेवनिया गौड में करीब 11 लाख से पैवर ब्लॉक लगाने, शौचालय निर्माण तथा वॉटर प्रूफिंग जैसे काम होंगे। इस अवसर पर आरती अनेजा, राजमणी उईके, हेमंत बडगैया, लीलेन्द्र मारण, जीवन मारण, बीएल जायसवाल सहित स्थानीय रहवासी मौजूद थे।

### भारतीय शिक्षण मंडल के मध्य भारत प्रांत का 57वां स्थापना दिवस कल

भोपाल। भारतीय शिक्षण मंडल के मध्य भारत प्रांत, भोपाल महानगर द्वारा 57वां स्थापना दिवस 15 अप्रैल को समन्वय भवन, अपेक्स बैंक, न्यू मार्केट में 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गोविंद सिंह राजपूत उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में बी आर शंकरानंद तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ संजय पाठक शामिल होंगे। कार्यक्रम में शिक्षा और संस्कार आधारित राष्ट्र निर्माण पर विशेष चर्चा होगी। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

### वरुथिनी एकादशी पर राजधानी के मंदिरों में बाबा खाटू श्याम का फूलों से किया विशेष श्रृंगार, अर्पित किए 56 भोग

# नकारात्मकता से मुक्ति पाने व्रत के साथ की भगवान विष्णु की विशेष आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**दान पुण्य करने से मिलते हैं विशेष फल**

राजधानी के मंदिरों में कामदा एकादशी के अवसर भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण, भगवान खाटू श्याम की विशेष पूजा-पाठ की गई। लोगों ने व्रत रखा वरुथिनी एकादशी की कथा सुनी। तो वहीं श्रीकृष्ण व खाटू श्याम मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए गए।

वरुथिनी एकादशी के व्रत से नकारात्मकता से मुक्ति मिलती है तो वहीं दान-पुण्य के लिए खासःभगवान विष्णु की आराधना से नई ऊर्जा का संचार होता है। राजधानी के सिंधी कॉलोनी टीटी नगर वैष्णो धाम सहित अन्य मंदिरों में भगवान विष्णु की पूजन-अर्चना कर विशेष भोग लगाया गया। पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि वरुथिनी शब्द संस्कृत के वरुथिनी से बना है, जिसका अर्थ कवच होता है। इसे रक्षा संरक्षित करने वाला भी कह सकते हैं। यह भगवान विष्णु को सर्वाधिक प्रिय है। विभिन्न समाजों और संप्रदायों में इस दिन भगवान के अलग-अलग रूपों की पूजा की गई। व्रत रखकर पूजा करने से हमारे भीतर की नकारात्मकता दूर होकर नई ऊर्जा का संचार होता है।




बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा में वरुथिनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का विशेष श्रृंगार।

### लोगों ने चढ़ाए पीले फूल-फल

वरुथिनी एकादशी पर भक्तों ने पूजा-पूठा कर पीले पुष्प चढ़ाए। पीले रंग की मिठाई भोग लगाया गया।

### बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई

मां वैष्णो धाम आदर्श नो दुर्गा मंदिर बाबा खाटू श्याम मंदिर प्लेटिनम प्लाजा पर वरुथिनी एकादशी पर बाबा खाटू श्याम का फूलों से सिंगार किया गया। 56 भोग अर्पित किए गए, बाबा की ज्योत प्रज्वलित की गई ।

### श्रीजी मंदिर में वल्लभाचार्य प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया

## प्रभातफेरी में पर्यावरण की रक्षा एवं पेड़ पौधों के संरक्षण का दिया संदेश

भोपाल। लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में पुष्टिमार्ग के प्रवर्तक जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु का 549वां प्राकट्योत्सव मनाया गया। सुबह मंदिर से



प्रभातफेरी निकाली गई, जो सराफा चौक, लोहा बाजार, जुमेराती, जनकपुरी, सिंधी मार्केट, भवानी चौक, सोमवारा होते हुए वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान पर्यावरण की रक्षा एवं पेड़ पौधे का संरक्षण की जागृति रैली निकाल कर संदेश दिया। दोपहर में यहां जगतगुरु का तिलकोत्सव मनाया गया, तो नींबू के रस व जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि जगतगुरु श्री वल्लभाचार्य महाप्रभु वरुथिनी एकादशी पर प्रकट हुए थे। इस अवसर पर प्रातः 6 बजे श्रीजी मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें शामिल हुए वैष्णवजनों ने भजन किए। उन्होंने बताया कि प्रभु श्रीनाथजी का केसरिया वस्त्र के साथ सिर पर चंद्रिका, सोने और मोती के आभूषणों से श्रृंगार किया गया।

### आज मलयाली का विशु और तमिल का पुथांडु पर्व मनेगा

भोपाल। राजधानी में मंगलवार को विभिन्न समाजों के नववर्ष पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाए जाएंगे। इसमें जहां मलयाली समाज विशु और तमिल समाज पुथांडु पर्व मनेगा। मलयाली नववर्ष विशु का पर्व पर खजूरी कला स्थित लार्ड कृष्णा मंदिर और बरखेड़ा के अयप्पा मंदिर में मनाया जाएगा। इस दिन भगवान अय्यप्पा का अष्टाभिषेकम् होगा। मलयाली समुदाय विशु कानी सजाता है, जिसमें नारियल, चावल, मौसमी फल, और अन्य धार्मिक वस्तुएं शामिल होती हैं। इसे भगवान कृष्ण की छवि के सामने रखा जाता है। तो वहीं तमिल समाज पुथांडु पर्वर् मनाएगा।

### पूर्व संध्या के अवसर पर निकाली मोमबत्ती रैली

# आज धूमधाम से मनाई जाएगी भीमराव आंबेडकर की जयंती



मोमबत्ती रैली निकालते बौद्ध धर्मावलंबी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मंगलवार को श्रद्धा व उत्साह से मनेगी। शहर में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

केट काटकर बाबा साहेब की जयंती मनाई जाएगी। इसे लेकर बाबा साहेब अनुयायियों के अलग-अलग संगठनों ने तैयारियां की हैं। बोर्ड आफिस चौराहे पर बाबा साहेब की प्रतिमा के आसपास साज-सज्जा की गई है। बाबा साहेब की जयंती की पूर्व संध्या पर सोमवार को कई कार्यक्रम हुए। अनुयायियों ने रैली निकाली। तुलसी नगर स्थित आंबेडकर मैदान से रात्रि में मोमबत्ती रैली निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रात 12 बजे बोर्ड आफिस चौराहा आंबेडकर जयंती प्रतिमा के समक्ष पहुंची।

### देर रात में आतिशबाजी और केक काटा गया

बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल में दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ, अहिरवार समाज संघ, दलित इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (डिक्की), जागड़ा महासभा, अखिल भारतीय मेहरा समाज महासंघ, राष्ट्रीय बौद्ध महासभा एवं सैकड़ों सामाजिक समाज सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में डॉ बाबा साहेब आंबेडकर की 135वीं भीम जयंती संयुक्त महोत्सव मनाया जाएगा। विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सोमवार रात 10:30 बजे से महा समारोह, बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री, चुनाभट्टी कोलार रोड पर आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित किए।

### विभिन्न स्थानों से निकलेंगी झांकियां

शहर के विभिन्न नगरों से पंचशील नगर, राजगीरी बुद्ध विहार, राहुल नगर, आंबेडकर नगर, ललिता नगर, गांधी नगर, राहुल नगर, प्रियदर्शी नगर, अशोका गार्डन, बागसेवनीया से बाबासाहेब आंबेडकर की जीवन प्रसंग पर बनी झांकियां निकाली जाएंगी।

### समाज को समर्पित स्व. मिश्र की स्मृति में आयोजन

# संस्कृत विवि में व्याख्यानमाला का समापन, विद्वानों ने रखे अपने विचार

**भारतीय परंपराएं व्यक्ति को रोगमुक्त ही नहीं, बल्कि संतुलित एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करती हैं**



व्याख्यानमाला का समापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन, भारत एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में स्व. आनंदस्वरूप मिश्र स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन भारतीय ज्ञान परम्परा में सम्पूर्ण स्वास्थ्य की कल्पना एवं वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता विषय पर विवि में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार वार्ष्णेय, राष्ट्रीय संगठन सचिव, आरोग्य भारती, भारत ने वक्तव्य में भारतीय ज्ञान परंपरा को समग्र स्वास्थ्य का मूल आधार बताते हुए कहा कि वर्तमान में केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने योग, आयुर्वेद एवं संतुलित दिनचर्या को स्वस्थ जीवन का प्रमुख आधार बताते हुए कहा कि भारतीय परंपराएं व्यक्ति को रोगमुक्त ही नहीं, बल्कि संतुलित एवं दीर्घायु जीवन प्रदान करती हैं। अध्यक्षता प्रो. हंसधर झा, निदेशक, केंद्रीय संस्कृत विवि द्वारा की गई।

### स्व. मिश्र के जीवन एवं कार्यों का किया स्मरण

प्रो. आशा शुक्ला, पूर्व कुलगुरु एवं प्रबंध निदेशक, आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन, भारत द्वारा प्रस्तावना वक्तव्य में स्व. आनंदस्वरूप मिश्र के जीवन एवं कार्यों का स्मरण करते हुए उन्हें समाज एवं शिक्षा जगत के लिए आदर्श व्यक्तित्व बताया। कार्यक्रम में विद्वानों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता रही। हाइब्रिड में आयोजित इस कार्यक्रम में देश विदेश से विशिष्ट विद्वान जुड़े रहे। अंत में प्रो. श्रीगोविन्द पाण्डेय, सह-निदेशक एवं शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय संस्कृत विवि ने धन्यवाद दिया।

### निगम की कार्रवाई के विरोध में नारेबाजी

# नगर निगम मुख्यालय के सामने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नींबू-पानी का ठेला लगाकर किया प्रदर्शन




कांग्रेस का अनूठा प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के माता मंदिर स्थित मुख्यालय के सामने सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नींबू पानी का ठेला लगाकर अतिक्रमण हटाने की हो रही कार्रवाई का विरोध किया। नारेबाजी कर प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर किए जा रहे अत्याचार को खत्म करने की मांग की। प्रदर्शनकारी मुख्यालय के गेट के सामने बैठ गए और नींबू पानी का ठेला लगाया। कांग्रेस नेता मुजाहिद सिद्दीकी ने बताया कि राजधानी में अतिक्रमण हटाने के नाम पर अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा मारपीट और गाली गलौच तक की जा रही है। गरीबों से रोजी-रोटी छीनी जा रही है। उन्हें बिना नोटिस दिए हटाया जा रहा है। शहर अतिक्रमण मुक्त हो, लेकिन जिन्हें हटाया जा रहा है उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि वेंडिंग जोन बनाए जाएं और स्ट्रीट वेंडर्स कानून को लागू किया जाए।

# होल सेल दवा के व्यवसाय में फार्मासिस्ट की हो अनिवार्यता



एमपी फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री शुक्ला को डीटीएबी के निर्णय के विरोध में ज्ञापन सौंपा ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम.पी. फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला से चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल सिंह बघेल के नेतृत्व में भेंट की एवं औषधि तकनीकी सलाहकार बोर्ड (डीटीएबी) के हालिया के निर्णय के विरोध में ज्ञापन दिया।

प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव त्यागी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से डीटीएबी के निर्णय का कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। ज्ञापन में कहा गया कि आधुनिक दवाएं अत्यंत संवेदनशील होती हैं, जिनके दुष्प्रभाव एवं दुरुपयोग की संभावना रहती है। प्रतिनिधि मंडल में पंकज त्रिपाठी, राहुल नगायच , सोहित लाल, राज बाबू बघेल एवं डॉ सत्येंद्र सिंह बघेल ने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रस्ताव विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं अंतरराष्ट्रीय फार्मास्युटिकल महासंघ के मानकों के विपरीत है, जो सुरक्षित एवं जिम्मेदार दवा उपयोग को सुनिश्चित करते हैं। यह भी उल्लेख किया गया कि देश में 35 लाख से अधिक पंजीकृत फार्मासिस्ट उपलब्ध हैं, जिनमें से बड़ी संख्या बेरोजगार या अल्प-रोजगार की स्थिति में हैं।

### चावल उद्योग महासंघ ने की प्रेस-कांफ्रेंस

# मिलिंग नहीं होने से धान के खराब होने का काफी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के मिलर की समस्याओं का निराकरण नहीं होने के कारण सरकार की करोड़ों रुपए की ओपन कैप में रखी धान के खराब होने का खतरा मंडरा रहा है। प्रदेश के राइस उद्योग डूबने की कगार पर हैं। यह बात मप्र चावल उद्योग महासंघ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने सोमवार को राजधानी में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा प्रदेश के राइस मिलर से गत वर्ष 2024-25 में जो मिलिंग करवाई गई थी उसके तहत सरकार द्वारा जारी की गई मिलिंग नीति में भारतीय खाद्य निगम में जमा करने पर रेशों अनुसार अपग्रेडेशन राशि दिए जाने का लेख कंडिका-21 में किया गया था, जिसके आदेश आज तक जारी नहीं हुए। जिसकी वजह से प्रदेश के मिलर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश में आगामी दिनों में गेहूं उपार्जन चालू होने वाला है। अगर मिलर की समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो वेयर हाउसों में धान भंडारित होने की वजह से गेहूं के भंडारण में भी समस्या आएगी, जिससे सरकार को असुविधा और नुकसान होगा।

### भीषण गर्मी के मौसम में यात्रियों के लिए कर रहा पर्याप्त जलापूर्ति

# रेलवे अपने नेटवर्क वाले मंडलों के नौ स्टेशनों पर समाज सेवियों के सहयोग से यात्रियों को पिला रहा शीतल जल

**भोपाल मंडल के प्रवक्ता अग्रवाल ने दी इस संबंध में जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गर्मी के दौरान यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए रेलवे अपने स्टेशनों पर पर्याप्त पीने के पानी की सुविधा सुनिश्चित कर रहा है। गर्मी आते ही स्टेशनों पर पीने योग्य पानी की मांग बढ़ने की उम्मीद है। इसे देखते हुए स्टेशनों पर पर्याप्त जलापूर्ति की व्यवस्था का जा रही है। स्टेशनों पर पानी की व्यवस्था के बारे में जानकारी देते हुए भोपाल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे अपने रेलवे नेटवर्क के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्थापित मानदंडों के अनुसार स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने कमर कस ली है।



जल सेवा करते समाजसेवी।

### ट्रेन आते ही दौड़ पड़ते हैं

वहीं कुछ गैर सरकारी संगठन, समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रहे हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। इनके द्वारा ट्रेन के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बोतल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि मंडल से गुजरने वाली ट्रेनों में कोई भी यात्री प्यासा न रहे। इससे रेल सफर की थकान और गर्मी के मौसम से बेहाल यात्रियों को काफी राहत मिल रही है।

### मंडल के नौ स्टेशनों पर जल सेवा

मंडल के स्टेशनों पर गैर सरकारी संगठन एवं समाज सेवी संस्थाओं को स्टेशन पर यात्रियों को निःशुल्क शीतल जल पिलाने के लिए प्रशासन द्वारा अनुमति दी गई है। सभी समाजसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों, रोटरी क्लब से अपील की हैं कि मानव सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए आगे आएं, रेल प्रशासन हर संभव मदद करेगा। मंडल के 9 स्टेशनों (खिरकिया, हरदा, नर्मदापुरम, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, मंडी बामोरा, अशोकनगर, गुना पर 10 गैर सरकारी संगठन, समाज सेवी संस्थाएं सेवा भावना से निश्शुल्क जल सेवा में अपना योगदान दे रही हैं।

## इंदौर में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पूर्ण आस्था एवं अपार उत्साह के साथ मनेगी

# बाबा साहेब जन्म स्थली स्मारक महू में होगा विशाल समागम भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा, मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती इंदौर में 14 अप्रैल को पूर्ण आस्था एवं अपार उत्साह के साथ मनाई जाएगी। डॉ. आंबेडकर नगर महू में स्थित उनकी जन्मस्थली पर बने भव्य स्मारक में विशाल समागम होगा। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से इस आयोजन में शामिल होंगे।

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल को डॉ. आंबेडकर जयंती उत्सव समारोह पूर्ण उत्साह, उमंग और आस्था के साथ इंदौर जिले के डॉ. अंबेडकर नगर (महू) में मनाया जा रहा है। जयंती उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की मेहमानों की तरह आवभगत की जा रही है। श्रद्धालुओं के लिए आवास, भोजन, शीतल पेयजल आदि की विशेष व्यवस्था की गई है। जन्म स्थली पर बने भव्य स्मारक पर विशेष साज-सज्जा की गई है। अंबेडकर जयंती उत्सव समारोह में मप्र सहित अन्य प्रदेशों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। श्रद्धालुओं के आगमन का सिलसिला 12 अप्रैल की शाम से शुरू हो गया है। श्रद्धालुओं के भोजन की व्यवस्था स्वर्ग मंदिर परिसर में की गई।

▶▶ राज्य शासन द्वारा श्रद्धालुओं की मेहमानों की तरह की जा रही है आवभगत

▶▶ आवास, भोजन, पेयजल के लिए विशेष व्यवस्था


फाइल फोटो

### कार्यक्रम स्थलों को 7 सेक्टर में विभाजित किया गया

व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थलों को 7 सेक्टर में विभाजित किया गया है। यह सेक्टर महेश्वरी स्कूल महू, डॉ. आम्बेडकर जन्म स्थली, केन्ट प्रायमरी स्कूल, स्वर्ग मंदिर परिसर, रेल्वे स्टेशन से सात रास्ता, केन्ट बोर्ड कन्या विद्यालय तथा उत्कृष्ट विद्यालय महू में बनाए गए हैं। उक्त 7 सेक्टरों में दल का गठन कर सभी विभागों के व्यक्तियों की ड्यूटी लगाई गई है। उक्त 7 सेक्टरों पर मराठी भाषी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। कार्यक्रम की व्यवस्था के लिये 3 स्थानों पर कन्ट्रोल रूम बनाए गए हैं। यह कंट्रोल रूम तहसील परिसर महू, अम्बेडकर जन्म स्थली स्मारक तथा स्वर्ग मंदिर परिसर में रहेंगे।

### भोजन व्यवस्था आज शाम तक जारी रहेगी

भोजन व्यवस्था 14 अप्रैल की शाम तक जारी रहेगी। भंतो के भोजन की व्यवस्था माहेश्वरी स्कूल में की गई है तथा उनके रूकने की व्यवस्था भी माहेश्वरी स्कूल में है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त संख्या में अस्थाई शौचालयों का निर्माण भी किया गया है। पेयजल व्यवस्था के लिए विभिन्न स्थानों पर प्याऊ का निर्माण किया गया है। आंबेडकर जयंती के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के रूकने के लिए धर्मशालाओं, केन्ट बोर्ड हायर सेकेंडरी स्कूल एवं केन्ट बोर्ड कन्या स्कूल में की गई है।

### 6 स्थान पर आकस्मिक चिकित्सा की विशेष व्यवस्था

महू में जयंती समारोह में 6 स्थान पर आकस्मिक चिकित्सा की विशेष व्यवस्था की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से चिकित्सकों का दल गठन कर ड्यूटी लगाई गई है। कार्यक्रम के दौरान साफ-सफाई के लिए इन्दौर नगर निगम एवं स्थानीय निकाय का अमला तैनात किया गया है। समारोह में अग्निशमन की भी व्यवस्था रहेगी।

### कलेक्टर ने महू पहुंचकर लिया व्यवस्थाओं का जायजा

कलेक्टर शिवम वर्मा डॉ. आंबेडकर नगर (महू) पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## खबर संक्षेप

### मप्र विस की नवगठित समितियां सक्रिय, पहली बैठकों की तारीख तय

**भोपाल।** मप्र विधानसभा की नवगठित चार समितियां अब सक्रिय हो गई हैं और लंबित मामलों के निराकरण के लिए अपनी पहली बैठकों की तारीखें तय कर दी गई हैं। सबसे पहले शासकीय आश्वासनों संबंधी समिति की बैठक 15 अप्रैल को होगी। इस बैठक में गृह, वन, पीएचई, उच्च शिक्षा और खाद्य विभाग के अपर मुख्य सचिव-प्रमुख सचिवों को मौखिक साक्ष्य के लिए बुलाया गया है, जिससे लंबित आश्वासनों की प्रगति की समीक्षा की जा सके। इसके अलावा, याचिका एवं अभ्यावेदन समिति ने 22 अप्रैल को अपनी पहली बैठक निर्धारित की है। वहीं, पटल पर रखे गए पत्रों के परीक्षण से जुड़ी समिति 27 अप्रैल को बैठक करेगी। कृषि विकास समिति की पहली बैठक 28 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि 7 अप्रैल को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने सभी नवगठित समितियों की संयुक्त बैठक बुलाई थी, जिसमें कार्य और प्राथमिकताओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए थे। इन बैठकों के साथ ही समितियों ने कामकाज की औपचारिक शुरुआत कर दी है, जिससे विभिन्न विभागों से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है।

### संघ और डॉ. आंबेडकर पर विशेष व्याख्यान आज

**भोपाल।** विश्व संवाद केंद्र की ओर से सामाजिक समरसता के अग्रदूत डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर विशेष व्याख्यान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ. आंबेडकर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में संघ और डॉ. अम्बेडकर के संबंध में कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आएंगे। व्याख्यान का आयोजन 14 अप्रैल, को शाम 6 बजे विश्व संवाद केंद्र के मामाजी माणिकचंद्र वाजपेयी सभागार में किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत संघचालक अशोक पांडेय कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रहेंगे। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ के डॉ. आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति प्रकाश बरतुनिया शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व संवाद केंद्र न्यास के अध्यक्ष लाजपत आहूजा करेंगे।

### काम में ढिलाई, एसडीएम पर गिरी गाज, हटाए गए

**भोपाल।** दतिया जिले में प्रशासनिक कामकाज को गति देने और जवाबदेही सुनिश्चित करने कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े ने बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। दतिया अनुभाग के एसडीएम संतोष कुमार तिवारी को उनके दायित्वों से मुक्त कर दिया गया है। वहीं, संयुक्त कलेक्टर लोकेंद्र सिंह सरल को नया एसडीएम एवं दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। पूर्व एसडीएम के कार्यकाल के दौरान कई कई प्रकरण लंबे समय से लंबित थे। लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया। बताया जा रहा है कि संतोष कुमार तिवारी की टेबल पर कई जांचें महीनों से लंबित थीं। इससे न केवल शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन प्रभावित हुआ, बल्कि आम जनता का भरोसा भी कमजोर पड़ने लगा था। इसी पृष्ठभूमि में कलेक्टर ने स्थिति का संज्ञान लेते हुए त्वरित निर्णय लिया और प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया।

## लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए 19 हजार 810 करोड़ रुपए की स्वीकृति

# गैस पीड़ितों की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दिया गया 1,005 करोड़ का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार भोपाल गैस त्रासदी से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए 5 साल में एक हजार 5 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करेगी। इस राशि से गैस त्रासदी के पीड़ितों का इलाज हो सकेगा। इसके साथ ही साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य मदों से भी गैस पीड़ितों का इलाज हो सकेगा। कैबिनेट ने 19 हजार 810 करोड़ रुपए की मंजूरी भी प्रदान की है। कैबिनेट की बैठक सोमवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में आधा दर्जन से अधिक मुद्दों को मंजूरी दी गई। इसमें भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को 31 मार्च 2031 तक निरंतर रखने के लिए 1,005 करोड़ रुपए का अनुमोदन दिया गया है। लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए तकरीबन 19,810 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। कैबिनेट ने लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजना, महिला बाल विकास के कार्यों, नवीन चिकित्सा महाविद्यालयों तथा कृषि विभाग के प्रस्तावों को भी स्वीकृति दी है।

▶▶ पीडब्ल्यूडी के लिए 10,801 करोड़, नए मेडिकल कॉलेज के लिए 1,674 करोड़ मंजूर

▶▶ पंचायत एवं ग्रामीण विकास की योजनाओं के लिए भी राशि


कैबिनेट की बैठक।

### विकास कार्यों के लिए 10,801 करोड़ रुपए

कैबिनेट ने लोक निर्माण के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए 10,801 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। इसके तहत बीओटी मार्गों का विकास एवं पर्यवेक्षण के लिए 150 करोड़ रुपए, बीओटी परियोजनाओं की समाप्ति पर भुगतान के लिए 765 करोड़ रुपए, एन्यूटी भुगतान के लिए 4,564 करोड़ सहित अन्य स्वीकृति।

### हस्तचलित, बैलचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान

प्रदेश में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन (एसएमएएम) के तहत कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने, ग्रामीण युवाओं के माध्यम से कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना करने, नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा देने और प्रदेश के वन पट्टाधारियों के लिए हस्तचलित, बैलचलित कृषि यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराने के लिए योजना आगामी 5 वर्षों के निरन्तर संचालन के लिए 2,250 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### संसद सत्र में पेश होगा नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह सप्ताह महिला सशक्तिकरण के लिए ऐतिहासिक होगा। संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र 16 अप्रैल को आरंभ हो रहा है, जिसमें महिला आरक्षण के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 स्वीकृति के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे देश की नारी शक्ति को लोकसभा और विधानसभा में 33% स्थान मिलना चाहिए। राज्य सरकार भी 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मना रही है। पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर नारी शक्ति वंदन सम्मेलन होंगे, इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर नारी शक्ति पदयात्रा भी निकल जाएगी।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह जानकारी कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में दी।

## सेवा का संगम है नर्मदे हर सेवा न्यास

# सेवा ही सच्ची साधना, यही जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमरकंटक में संचालित गौशाला के लिए अनुदान शुरू कराने, कथा-प्रवचन के लिए पर्यावरण हितैषी आधुनिक भवन का निर्माण करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अमरकंटक के हराभरा रहने से मध्यप्रदेश के गांव-गली-मोहल्लों में आनंद होगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान के जरिए मप्र सरकार और जन अभियान परिषद राज्य के सभी पुराने जल स्त्रोतों को पुनर्जीवन देने की चिंता कर रही है। प्रदेश में तीन माह (गुढ़ी पड़वा से गंगा दशहरा तक) सभी जल स्त्रोतों का संरक्षण, जीर्णोद्धार किया जाएगा। मां नर्मदा का यह स्थान भी इसी से जुड़ा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को 'श्री नर्मदे हर सेवा न्यास' के संस्थापक अध्यक्ष स्व. भगवत शरण माथुर की जयंती पर न्यास के मुख्यालय अमरकंटक में आयोजित विचार गोष्ठी सह श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने नर्मदा परिक्रमा मार्ग को विकसित करते हुए परिक्रमावासियों के लिए सभी सुविधाएं विकसित करने का संकल्प लिया है।

## आनंद नगर में बैरिकेडिंग कर पुलिस ने रोका, काफी देर चली बहस

# कृषि मेले में नहीं जा पाए जीतू पटवारी, पुलिस ने घर से रायसेन तक के रास्तों पर की नाकाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में रायसेन में तीन दिवसीय कृषि मेले का सोमवार को समापन हो गया। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी इस मेले में शामिल हुए। इधर, एमपी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भी रायसेन के इस कृषि मेले में शामिल होकर किसानों की परेशानियां बताने का ऐलान किया था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के कारण वे रायसेन नहीं जा पाए।

पुलिस ने आनंद नगर में बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया। काफी देर पुलिसकर्मियों से बहस करने के बाद भी जीतू पटवारी को आगे नहीं जाने दिया तो वह अपने काफिले के साथ वापस लौटे। पीसीसी चीफ जीतू पटवारी सुबह से ही रायसेन जाने की तैयारी में थे। पटवारी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि वे टकराव नहीं, बल्कि संवाद चाहते थे। उन्होंने कहा, मेरा मन कृषि मेले में जाने का है और मैंने पहले ही कहा था कि जब शिवराज अनुमति देंगे, तभी जाऊंगा। पटवारी के मुताबिक, उन्होंने पत्र लिखकर अनुमति मांगी थी और तय किया था कि अगर अनुमति नहीं मिली तो वे मेले के आखिरी दिन वहां पहुंचेंगे।



### सिंह से भेंट और राज्यसभा का '5 लाख परसेंट' दावा

रायसेन के घटनाक्रम के बीच जीतू पटवारी ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात की। पटवारी ने कहा कि वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मार्गदर्शन लेते रहते हैं। चर्चा के मुख्य केंद्र में राज्यसभा चुनाव, पार्टी की आगामी रणनीति और संगठन की मजबूती जैसे विषय रहे।
राज्यसभा सीट को लेकर आत्मविश्वास से लबरेज पटवारी ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि हमारा कैंडिडेट पांच लाख परसेंट राज्यसभा जाएगा। उन्होंने साफ कर दिया कि पार्टी के भीतर कोई गुटबाजी नहीं है।

## प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बोले पूर्व विधायक राजेंद्र भारती

# केंद्रीय मंत्री के ओएसडी ने दिया था 70 करोड़ रु. का ऑफर, ठुकराया तो इसी केस में निपटाने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व विधायक राजेंद्र भारती ने अपनी सदस्यता जाने और हाल ही में मिली सजा को गहरा राजनीतिक षड्यंत्र करार देते हुए पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा और भाजपा सरकार पर तीखे हमले किए। भारती ने कहा कि उन्हें झुकने और बिकने के लिए 70 करोड़ रुपए तक का प्रलोभन दिया गया था, जिसे ठुकराने पर उन्हें निपटाने की धमकी दी गई थी।

राजेंद्र भारती ने कहा- उन्होंने कई बार हमसे संपर्क किया। मई 2024 में दिल्ली में एक केंद्रीय मंत्री के ओएसडी ने मुझसे मुलाकात की। उन्होंने मुझे पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का संदेश देते हुए कहा कि आप सारे केस वापस ले लीजिए, भाजपा में आ जाइए और आपको किसी निगम-मंडल का अध्यक्ष बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम आपको 70 करोड़ रुपए दिलवाएंगे। जब मैंने यह प्रस्ताव ठुकरा दिया, तो मुझे जाते-जाते धमकी दी गई कि इसी केस में तुम्हें निपटवा दिया जाएगा। मैं उस ओएसडी का नाम और स्थान आने वाले समय में सार्वजनिक करूंगा।'



पीसीसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान विधायक भारती व अन्य।

### मंत्री सारंग पर मां के अपमान का आरोप

भारती ने मंत्री विश्वास सारंग को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, सहकारिता मंत्री सारंग ने मीडिया में हमारी स्वर्गवासी मां के प्रति जो अपमानजनक बातें कहीं, वे पूरी तरह असहनीय हैं। हमारा परिवार राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में बहुत पुराना है। मेरे पिता श्याम सुंदर श्याम दतिया से पांच बार विधायक रहे, मेरी चाची मंत्री रहीं। जो व्यक्ति खुद भ्रष्टाचार से घिरा है, वह षड्यंत्र करके हमें बदनाम करना चाहता है। सारंग के विभाग का ही यह मामला है और उन्होंने झूठी जांच रिपोर्ट बनवाकर मेरी दिवंगत मां की छवि खराब करने की कोशिश की है।

## अफसर करेंगे पीड़ित परिवार की मदद

# वनरक्षक मामले में आगे आई आईएफएस एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुरैना में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले वन रक्षक हरिकेश गुर्जर के परिवार को समय पर सरकारी सहायता नहीं मिलने का मामला सामने आया है। जहां एक ओर शासन स्तर पर आर्थिक मदद के स्पष्ट प्रावधान मौजूद हैं, वहीं दूसरी ओर वन विभाग की ओर से तत्काल राहत नहीं मिल सकी। ऐसे में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारियों ने स्वयं आगे आकर परिवार की मदद का बीड़ा उठाया है।

दरअसल, 8 अप्रैल को मुरैना जिले में रेत माफिया के ट्रैक्टर से कुचलकर वन रक्षक हरिकेश गुर्जर की मौत हो गई थी। घटना के बाद वन कर्मचारियों ने मृतक के परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपए की सहायता देने की मांग की, लेकिन विभागीय स्तर पर प्रावधान की जानकारी नहीं होने के कारण यह मदद जारी नहीं हो सकी।

इधर, भारतीय वन सेवा संघ के अध्यक्ष एचएस मोहंता ने मृतक वन रक्षक के परिवार की मदद के लिए अपील जारी की है। उन्होंने हरिकेश गुर्जर की पत्नी लवली गुर्जर के बैंक ऑफ बड़ौदा खाते की जानकारी साझा करते हुए अधिकारियों और आमजन से सीधे आर्थिक सहयोग करने की अपील की है।

मोहंता ने कहा कि आईएफएस अधिकारी निजी स्तर पर भी आर्थिक सहायता जुटा रहे हैं और विभागीय प्रक्रिया को तेज कराने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द राहत मिल सके।

## प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को बना रही मजबूत

## राजनीतिक प्रतिनिधित्व के साथ महिलाओं को मिलेगी सामाजिक पहचान भी

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम: जमीनी हकीकत से राष्ट्रीय सशक्तिकरण तक बदलाव की उम्मीद

▶▶ आरती शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार



भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी लंबे समय से चर्चा का विषय रही है, लेकिन अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में एक ऐसा प्रयास सामने आया है, जो इस दिशा में ठोस बदलाव की उम्मीद जगाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस पहल को यदि जमीनी स्तर पर परखा जाए, तो इसका वास्तविक महत्व स्पष्ट रूप से समझ में आता है।




पिछले 25 वर्षों के अपने पत्रकारिता जीवन में मैंने समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर ग्रामीण भारत को बेहद करीब से देखा है। मध्य प्रदेश में पंचायती राज व्यवस्था के तहत महिलाओं के लिए आरक्षण लागू किया गया था। कागजों पर यह व्यवस्था सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर पेश करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कई बार इससे अलग नजर आती है। आज भी अनेक स्थानों पर निर्वाचित महिला सरपंचों की जगह उनके पति, जिन्हें आम बोलचाल में 'सरपंच पति' कहा जाता है, निर्णय लेते दिखाई देते हैं। यह मेरा व्यक्तिगत मत है कि आधी आबादी को केवल आरक्षण देना पर्याप्त नहीं है। वास्तविक सशक्तिकरण के लिए सामाजिक सोच में बदलाव, आत्मविश्वास का निर्माण और महिलाओं को वित्तीय एवं स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता देना भी उतना ही आवश्यक है। मध्य प्रदेश में वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन को मजबूती देने की दिशा में कार्य करती नजर आती है।

### लाड़ली बहना योजना से सक्षम बन रही महिलाएं

'लाड़ली बहना योजना' के तहत प्रतिमाह महिलाओं के खातों में पहुंचने वाली राशि उन्हें अपने वित्तीय अधिकारों के प्रति जागरूक और सक्षम बना रही है। ऐसी स्थिति में नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक व्यापक और दूरगामी पहल के रूप में सामने आता है। यह कानून महिलाओं को केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें हर स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर भी प्रदान करेगा। जब महिलाएं संसद और विधानसभाओं में सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएंगी, तो नीतियों में उनकी संवेदनशीलता और दृष्टिकोण स्वाभाविक रूप से परिलक्षित होंगे। यह अधिनियम महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और वित्तीय मजबूती प्रदान करेगा। निर्णय प्रक्रिया में उनकी बढ़ती भागीदारी से उनका आत्मबल सुदृढ़ होगा। यह परिवर्तन केवल महिलाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे समाज को संतुलित और विकास की दिशा में आगे बढ़ाएगा। मेरे अनुभव में, जब भी महिलाओं को सही अवसर और मंच मिला है, उन्होंने अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। ऐसे में 33% आरक्षण केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि महिलाओं के नेतृत्व की नई पहचान है। यह पहल उन्हें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की ओर एक मजबूत आधार प्रदान करेगी।

## पेज एक का शेष...

### संसद ऐसा इतिहास...

अपने-अपने ढंग से आगे बढ़ाया है। साल 2023 में जब नारी शक्ति वंदन अधिनियम आया था तब भी सभी दलों ने सर्वसम्मति से इसे पास कराया था और तब एक सुर में ये बात भी उठी थी कि हर हाल में 2029 तक ये लागू हो जाना चाहिए। हमारे विपक्ष के सभी साथियों ने जोर लगाया था कि 2029 में ये लागू होना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश की विकास यात्रा के इन अहम पड़ावों के बीच भारत 21वीं सदी के सबसे बड़े निर्णयों में से एक निर्णय लेने जा रहा है। मैं बहुत जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं कि 21वीं सदी के महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक महत्वपूर्ण निर्णय ये है।

### किसान अन्नदाता...

किसान के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि खेती का भविष्य अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वेदर स्टेशन, सैटेलाइट आधारित सूचना, ड्रोन, नैनो यूरिया और आधुनिक कृषि तकनीकों से जुड़ चुका है, इसलिए किसानों को समय के साथ बदलना होगा। उन्होंने कहा कि ज्ञान सबसे बड़ी शक्ति है और ज्ञान को संपत्ति में बदलना आज कृषि क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने किसानों से इनोवेशन, रिसर्च, सफल प्रयोगों और तकनीक-आधारित खेती को अपनाने का आह्वान किया, ताकि कम लागत में अधिक उत्पादन संभव हो सके।

गडकरी ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता नहीं रहेगा, बल्कि ऊर्जा दाता, ईंधन दाता, हवाई ईंधन दाता, डामर दाता और हाइड्रोजन दाता भी बनेगा। उन्होंने कहा कि कृषि अवशेष, पराली, बायोमास, इथेनॉल, सीएनजी और हाइड्रोजन के माध्यम से किसानों के लिए आय के नए रास्ते खुलेंगे, आयात घटेगा और गांवों की अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिलेगी। शिवराज सिंह की मांग पर नितिन गडकरी ने रायसेन रिंग रोड और सौंदर्यीकरण कार्यों को मंजूरी दी।

### पानी को जमीन ...

सिस्टम और वैल्यू एडिशन की मजबूत व्यवस्था भी बनानी होगी। उन्होंने कहा कि जब बाजार में उत्पादन अधिक होता है तो कीमतें गिर जाती हैं, इसलिए भंडारण और प्रसंस्करण की मजबूत व्यवस्था किसानों को बेहतर दाम दिलाने के लिए आवश्यक है।

### उत्पादन, प्रोसेसिंग ...

बनेगी। इस पूरे रोडमैप की मॉनिटरिंग के लिए टास्क फोर्स बनाया जाएगा। चौहान ने किसानों से फार्मर आईडी बनवाने की अपील करते हुए कहा कि भविष्य में खेती से जुड़ी अनेक सेवाएं, योजनाएं और प्रक्रियाएं इससे आसान होंगी।

### किसानों को हितलाभों...

पटेल, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, विधायक डॉ. सुरेंद्र चौधरी, रमाकांत भार्गव, अन्य जनप्रतिनिधि, कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, वरिष्ठ अधिकारी तथा हजारों किसान उपस्थित रहे।

### मप्र में 8 नए...

के लिए 240 करोड़ 42 लाख रुपए की मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, वन स्टॉप सेंटर योजना एवं महिला हेल्पलाइन-181 योजना को आगामी 5 वर्ष, 2026-27 से 2030-31 की अवधि तक संचालन एवं निरंतरता की स्वीकृति दी गई है।

### शादी का झांसा...

साथ संबंध बनाए। इस दौरान जब महिला गर्भवती हो गई, तो उसने आरोपी पर शादी का दबाव बनाया लेकिन वह टालने लगा। थाना प्रभारी ने मामले की जांच कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। जांच के बाद रविवार देर रात करीब 12 बजे आरोपी निरीक्षक के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया गया है।

### कंपनी ने नहीं ...

कहा कि मदरसन कंपनी के कर्मचारियों ने चक्काजाम किया था। कर्मचारी 25,000 रुपए वेतन की मांग कर रहे हैं और दो साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं।

### मप्र और राजस्थान ...

माफियाओं का सामना करने के लिए उसके अधिकारियों के पास पर्याप्त हथियार नहीं थे। कोर्ट राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में अवैध रेत खनन के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सुनवाई कर रहा था।

### वन रक्षक की मौत ...

रेत खनन की जांच के लिए एक समिति का गठन किया गया है जो जल्द ही अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। फिर कोर्ट ने सवाल किया, क्या वह रिपोर्ट पुल गिरने और लोगों की मौत होने के बाद आएगी? एएसजी ने जवाब दिया कि रिपोर्ट 1 हफ्ते में दे दी जाएगी। जस्टिस मेहता ने टिप्पणी की कि राज्य ने आखिर खुदाई की अनुमति क्यों दी? जस्टिस मेहता ने इस बात पर जोर दिया कि माफिया किस प्रकार राज्य के अधिकारियों को निशाना बना रहा था।

**शीर्ष कोर्ट ने दिया सुझाव :** अदालत ने सुझाव दिया कि अवैध खनन रोकने के लिए हाई-रेजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं और भारी मशीनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाए ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। साथ ही, अदालत ने वन रक्षक की हत्या की जांच पर स्टेटस रिपोर्ट और सीसीटीवी लगाने की व्यवहार्यता रिपोर्ट मांगी है।

### 21 अप्रैल तक ...

सके। 21 अप्रैल से पहले बातचीत का एक और दौर शुरू करने की कोशिशें तेज हो गई हैं।

### अब महिला सिर्फ ...

भागीदारी बढ़ाकर महिला नेतृत्व विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। इससे महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण में सक्रिय और भागीदार बनने का अवसर मिलेगा। परिसीमन की प्रक्रिया की सीमा पार होते ही, देश की कुल आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी होने वाले तबके को संसद और विधानसभाओं में 33% (एक-तिहाई) प्रतिनिधित्व मिल सकेगा।

### बदल रहा है ...

विरोधी मानसिकता रखने वाले व्यक्तियों, उन अपराधों में सीधे तौर पर शामिल परिजनों के कदाचरण के प्रति बदला तो है। नियम कानून बनाना एक शुरुआत है। आइए, मिलकर इस शुरुआत को सार्थक पहल में तब्दील करें।

# नोएडा में निजी कंपनियों के कर्मचारियों का उग्र प्रदर्शन




## वेतन की मांग पर बवाल, वाहनों में तोड़फोड़ व आगजनी पथराव भी किया

**नोएडा।** गुरुग्राम के बाद अब नोएडा में वेतन वृद्धि की मांग को लेकर बड़ा बवाल हुआ है। नोएडा के फेज-2 में एक निजी कंपनी के कर्मचारियों ने हिंसक प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की और आग लगी दी। पुलिस पर भी पथराव किया गया। घंटों पूरा इलाका युद्ध क्षेत्र जैसा बना रहा। दूसरी तरफ दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे समेत नोएडा-गाजियाबाद के कई इलाकों में भीषण जाम लग गया। फेज-2 स्थित मदरसन कंपनी के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि समेत कुछ मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। अस्थायी कर्मचारियों का दावा है कि कंपनी ने नए श्रम कानूनों के प्रावधानों को लागू नहीं किया है। नोएडा का फेज 2 क्षेत्र जहां होजरी कांप्लेक्स में करीब 100 से अधिक कंपनियां हैं। करीब 200 से अधिक कंपनियों के कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

AN ISO 9001: 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) पिन-482001
फोन एवं फैक्स नं.: 0761-2622333, ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-03/व.ले.लि./2025-26 — जबलपुर, दिनाक 06/04/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख में) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रु. | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB_497573_pack1 | सिविल लाईन जबलपुर स्थित आवासीय भवनों में रूफिंग, ग्रेडिंग एवं टारफेल्टिंग इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB_497574_pack1 | सिविल लाईन जबलपुर स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में सेनेटरी एवं वाटर सप्लाई का कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB_497575_pack1 | पचपेढी उपखण्ड जबलपुर स्थित व्ही.आई.पी. बंगलों में रखरखाव का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | 2026_PWDRB_497576_pack1 | सिविल लाईन जबलपुर स्थित आवासीय भवनों में बाउण्ड्रीवॉल, प्लास्टर इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | 2026_PWDRB_497578_pack1 | पचपेढी उपखण्ड अंतर्गत आवासीय भवनों में मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | 2026_PWDRB_497581_pack1 | पचपेढी उपखण्ड अंतर्गत आवासीय भवनों में रेनोवेशन, फ्लोर एवं टॉयलेट इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 7 | 2026_PWDRB_497583_pack1 | लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों में बाउण्ड्रीवॉल, प्लास्टर इत्यादि का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 8 | 2026_PWDRB_497585_pack1 | लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2. जबलपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों में मरम्मत इत्यादि का कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 9 | 2026_PWDRB_497586_pack1 | लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2. जबलपुर के अंतर्गत आवासीय भवनों में प्लास्टर, पुट्टी, मरम्मत इत्यादि का कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 10 | 2026_PWDRB_497590_pack1 | लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में आवश्यक मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.95 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |
| 11 | 2026_PWDRB_497591_pack1 | लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों में रखरखाव, दरवाजे, खिड़कियों की मरम्मत, फ्लोरिंग इत्यादि कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40,000/- | 2000/- | 02 माह वर्षाऋतु सहित |

टीपः- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 27.04.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

जी - 11466/26 — स्वच्छता ही सेवा है। — कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्र.2, (म.प्र.)



MIN/1/0187/2026-0/oMining-BPL-COLL — 1/933126/2026

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/ /खनिज / 2026 — भोपाल, दिनांक / /2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक माँ कामाख्या मिनरल्स पार्टनर कोनार्क गुप्ता आ. श्री दिलीप कुमार गुप्ता निवासी 158-जोन-2 एम.पी. नगर भोपाल द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 20.01.2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त क्षेत्र पर प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस तक की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

// आवेदन का संक्षिप्त विवरण //

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | निपनिया सूखा | 536(एस) | रकबा 52.8800 हे. में से 20.000 हे. | शासकीय | गिट्टी, बोल्डर एवं एम-सेण्ड | भाग रकबा 20.000 हे. |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी (खनिज) जिला भोपाल

G-11446/26 — सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो



## कार्यालय सहायक संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण सिलारी (पिपरिया), जिला-नर्मदापुरम (म.प्र.)

E-Mail - horti.silari@mp.gov.in

क्र./उद्यान/तक./नीलामी/2026-27/22 — सिलारी, दिनांक 07/04/2026

**नीलामी सूचना**

इस कार्यालय के अधीन शासकीय उद्यान सिलारी/रामपुर एंव खापरखेड़ा की आम एंव शासकीय उद्यान सिलारी की कटहल फलबहार वर्ष 2026-27 की नीलामी हेतु सीलबंद निविदाए दिनांक 22.04.2026 दिन बुधवार को प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदांए उसी दिन दोपहर 02:30 बजे उपस्थित व्यापारियो के समक्ष खोली जावेगी। आंमत्रित निविदाओं में पर्याप्त राशि न आने पर उसी दिन खुली बोली से नीलामी करवाये जाने का विकल्प खुला रहेगा।

**फलनहार का उद्यानवार विवरण निम्नानुसार है ।**

| क्र. | उद्यान का नाम | धरोहर राशि | फलबहार | कुल फलित पेडों की संख्या | किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | सिलारी उद्यान खण्ड-1 अ + द | 25,000.00 | कलमी आम | 164 | दशहरी, लंगडा, चौसा, बाम्बेग्रीन मल्लिका एवं अन्य किस्में |
| | खण्ड-2 ब + स | 25,000.00 | कलमी आम | 220 | दशहरी, लंगडा, चौसा, फजली मिश्री, मल्लिका एवं अन्य किस्में |
| 2 | रामपुर उद्यान | 20,000.00 | कलमी आम | 123 | लंगडा, दशहरी चौसा, मल्लिका एवं अन्य किस्में |
| 3 | खापरखेड़ा उद्यान | 10,000.00 | कलमी आम | 26 | लंगडा, दशहरी, चौसा एवं अन्य किस्में |
| 4 | सिलारी उद्यान | 1,000.00 | कटहल | 07 | रूद्राक्ष |

नीलामी की शर्ते एवं अन्य जानकारी के लिये सहायक संचालक उद्यान सिलारी (पिपरिया) के कार्यालयीन समय पर सम्पर्क करें।

सहायक संचालक, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण, सिलारी (पिपरिया)

जी- 11428/26 — स्वच्छता ही सेवा



हरिभूमि क्लासीफाइड — आवश्यकता है, खरीदना है, बेचना है, व्यापार, चिकित्सा, ज्योतिष, डिस्प्ले विज्ञापन — संपर्क सूत्र : 9407279644, 9977912473

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर — साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड — आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल — मो. 7772079910

Medical Help Line — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद — सफेद दाग — सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव — Timing 10:30 am to 8:00 pm — Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC — कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409 — 5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल




## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — मन परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पिता का साथ मिलेगा। नौकरी में यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान मिलेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्च अधिक रहेंगे।

**मिथुन** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें।

**कर्क** — किसी मित्र के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते है। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**सिंह** — परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। सम्मान में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**कन्या** — संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं। अफसरों से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं।

**तुला** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

**वृश्चिक** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**धनु** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। परिवार में व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**मकर** — किसी भवन या सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। भाई-बहनों का साथ मिलेगा।

**कुंभ** — आय में वृद्धि तो होगी, परन्तु अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं।

**मीन** — शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। आय भी बढ़ेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6195



**बाएँ से दाए**
1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव (उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**
1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

### शब्द पहेली - 6194 का हल



## सूडोकु नवताल - 6205

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6204 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

## स्विच मोबिलिटी ने 100 ई-बसें मॉरीशस को दी

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी स्विच मोबिलिटी ने मॉरीशस सरकार को 100 इलेक्ट्रिक बस की डिलिवरी पूरी कर ली है। कपंनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह आपूर्ति दोनों देशों की सरकारों के बीच हुए समझौते के तहत की गई है। जिसके अंतर्गत 100 इलेक्ट्रिक बसें स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा मॉरीशस को उपहार के रूप में दी जा रही हैं। यह भारत से इलेक्ट्रिक बस का अब तक का सबसे बड़ा निर्यात है।

# कैफे-तीन मानदंड अप्रैल 2027 से होगा लागू, नहीं बढ़ेगी तिथि

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ वाहन विनिर्माताओं को कड़े मानदंड का पालन करना होगा

भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने सोमवार को कहा कि अगले वर्ष एक अप्रैल से वाहन विनिर्माताओं को ईंधन दक्षता के कड़े मानदंडों का पालन करना होगा। इसका कारण कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे तीन) मानकों के कार्यान्वयन की समय सीमा बढ़ाये जाने की संभावना नहीं है। कुरैशी ने कहा कि एक अप्रैल, 2027 के बाद कार्यान्वयन की समय सीमा बढ़ाने की आवश्यकता संभवतः नहीं होगी।

### उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव कुरैशी ने कहा

### आम सहमति बनाने का होगा प्रयास

इस बैठक में बिजली, भारी उद्योग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सहित विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के शामिल होने की संभावना है। इस बैठक का मकसद कॉरपारेट औसत ईंधन दक्षता नियमों को लागू करने से पहले आम सहमति प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि अन्य नियमों के अलावा, कैफे-तीन के मसौदा मानदंडों में अधिक लचीली अनुपालन रूपरेखा का प्रस्ताव किया गया है।




### टाटा, महिंद्रा, हुंडई व किआ ने किया विरोध

मारुति सुजुकी और टोयोटा किर्लोस्कर जैसी कंपनियां छोटी कारों को छूट देने की वकालत कर रही हैं, वहीं टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई और किआ जैसी कंपनियां इसका विरोध कर रही हैं। सरकार ने कैफे तीन के मसौदा मानदंडों पर विचार-विमर्श करने के लिए 16 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

### क्रेडिट खरीदकर कमी की भरपाई कर सकते हैं

सूत्रों ने बताया कि मसौदा मानदंडों में यह भी प्रस्ताव है कि मूल उपकरण निर्माता ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) से 'क्रेडिट' खरीदकर किसी भी प्रकार की कमी की भरपाई कर सकते हैं।

### वाहन विनिर्माताओं के बीच मतभेद बने हुए

सरकार कैफे तीन मानदंडों पर वाहन उद्योग से जुड़े पक्षों के संपर्क में है और नियमित रूप से उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त कर उन्हें पूरी जानकारी दे रही है। कैफे तीन मानदंड एक अप्रैल, 2027 से 31 मार्च, 2032 तक लागू किये जाने का प्रस्ताव है। नियमों को लेकर वाहन विनिर्माताओं के बीच मतभेद बने हुए हैं।

### छोटे कार विनिर्माता कर रहे समर्थन

छोटे कार विनिर्माता वजन और किफायत के आधार पर कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता मानदंडों में छूट की मांग कर रहे हैं, जबकि बड़े मूल उपकरण विनिर्माता अलग-अलग व्यवहार का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सुरक्षा सुविधाओं से समझौता होगा।

## भूचाल से सेंसेक्स खुलते ही 1600 अंक तक लुढ़का

# अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ।

### गिरावट पर खरीदारी देखने मिल रही

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है।

**संघर्ष जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम बढ़े**

**पिछले सप्ताह बाजार को युद्धविराम से सीमित समर्थन मिल**

**कच्चा तेल बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल हो गया**

### वार्ता विफल होने से कच्चे तेल में उछाल

हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है।'' नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है।




### वैश्विक तनाव बढ़ने से बाजार लुढ़के

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।''

**एनटीपीसी व एक्सिस बैंक रहे लाभ में**

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

**युद्धविराम का भविष्य हुआ अनिश्चित**

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### एशिया के बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### सूचीबद्ध 2573 शेयर रहे नुकसान में

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि 1,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 275.50 अंक चढ़कर 24,050.60 अंक पर रहा था।

# मार्च में खाद्य तेल आयात 12 प्रतिशत बढ़ा : एसईए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ सालाना आधार पर 11.73 टन हो गया

■ कच्चे पामतेल के आयात में आई वृद्धि

कच्चे पाम तेल के ज़्यादा खेप की वजह से मार्च में भारत का खाद्य तेल का आयात सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 11.73 लाख टन हो गया।उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है।


एसईए के अनुसार, आने वाले महीनों में वैश्विक कीमतों में तेज़ी और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ज़्यादा माल ढुलाई की लागत की वजह से आयात कम हो सकता है। सोमवार को जारी एक बयान में, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एसईए) ने कहा कि खाद्य तेलों का आयात मार्च में बढ़कर 11,73,168 टन हो गया, जो एक साल पहले इसी समय में 10,45,281 टन था।एसईए आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने कच्चे पामतेल का आयात बढ़कर 6,73,965 टन हो गया, जो मार्च, 2025 में 3,43,949 टन था। अखाद्य तेल का आयात 27,742 टन से घटकर 13,401 टन रह गया। वनस्पति तेल (खाद्य और अखाद्य दोनों मिलाकर) का आयात पिछले महीने 11 प्रतिशत बढ़कर 11,86,569 टन हो गया, जो मार्च, 2025 में 10,73,023 टन था। भारत पामतेल इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात करता है, जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राज़ील से आता है। देश अपनी आधी से ज़्यादा घरेलू मांग आयात से पूरी करता है। विपणन वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों के दौरान, कुल वनस्पति तेल का आयात आठ प्रतिशत बढ़कर 65,72,131 टन हो गया, जो पिछले साल इसी समय में 60,96,923 टन था।

### जोखिम को कम करने विविधीकरण पर ध्यान

एसोसिएशन ने कहा कि लंबे समय में, भारत भू-राजनीतिक जोखिम को कम करने के लिए घरेलू तिलहन उत्पादन और स्रोतों के विवधीकरण पर ज़्यादा ध्यान केन्द्रित करने के साथ आयात को संतुलित करना जारी रख सकता है। एसईए ने बताया कि मार्च, 2026 में खाद्य तेल का आयात पिछले महीने के 12.92 लाख टन से 10 प्रतिशत घटकर 11.73 लाख टन रह गया।

# खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से मार्च में बढ़ी खुदरा महंगाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई

■ पश्चिम एशिया में जारी संकट से बढ़े खाद्य पदार्थों की कीमतें

खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी।

''बिजली, गैस और अन्य ईंधन'' श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही जबकि पिछले फरवरी में यह 1.52 प्रतिशत थी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए मुद्रास्फीति दर क्रमशः 3.63 प्रतिशत और 3.11 प्रतिशत रही। मार्च, 2026 के लिए आवासीय मुद्रास्फीति दर 2.11 प्रतिशत थी। राज्यों की बात करें तो तेलंगाना में महंगाई दर सबसे अधिक 5.83 प्रतिशत रही जबकि मिजोरम में यह सबसे कम 0.66 प्रतिशत दर्ज की गई।

### केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को स्थिर रखा

मिंडा ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को स्थिर बनाए रखकर आर्थिक गतिविधियों को भी समर्थन दिया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि मार्च में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में थोड़ी बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई जो पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती हल्के प्रभाव का संकेत देती है।

### शेरोन मिंत्रा की प्रमुख नियुक्त नंदिता सिन्हा ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ग्रुप ने सोमवार को शेरोन पेस को तुरंत प्रभाव से मिंत्रा का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। वह नंदिता सिन्हा की जगह लेंगी, जिन्होंने कंपनी छोड़ने का फैसला किया है। एक बयान में कहा गया है कि पेस ने पिछले कई साल में मिंत्रा और फ्लिपकार्ट की फैशन टीमों के साथ मिलकर काम किया है और उन्हें व्यवसाय की अच्छी समझ है।

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्याः 15-MC-Depot Cleanin-25-26 धनबाद, दिनांक 10.04.2026**

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समन्वय), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender), Two Packet System मे IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

**1. कार्य का नामः** धनबाद मंडल में पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह और ओबरा डिपो के सर्विस बिल्डिंग, सिक लाइन, ROH shed एवं खुला यार्ड में प्रतिदिन की साफ सफाई का आउटसोर्सिंग का कार्य। **2. संविदा की अवधिः** 36 माह, **3. कार्य–स्थलः** धनबाद मंडल के पाथरडीह, पतरातू, बरवाडीह और ओबरा डिपो, **4. अनुमानित बोली मूल्यः ₹ 3,41,49,126.06/–** (तीन करोड़ इकतालीस लाख उनचास हजार एक सौ छब्बीस रूपये और छः पैसे मात्र), **5. निविदा दस्तावेज मूल्यः** ₹ 10,000/– (दस हजार रूपये मात्र), **6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तदनुसार):** ₹ 3,20,800/– (तीन लाख बीस हजार आठ सौ रूपये मात्र), **7. निविदा प्रकाशन की तिथि :** 08/04/2026, **8. ई–निविदा जमा करने का तारीख तथा समयः** तारीख 16/04/2026 से 30/04/2026 को 12:00 बजे तक। **9. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समयः** 30/04/2026 को 12:30 बजे। **10. वेब साईट विवरणः** http://www.ireps.gov.in (ई–निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

**वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता(समन्वय)**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**
**पीआर/0052/डीएचएन/एमइसीएच/टी/26–27/44**

**केनरा बैंक Canara Bank** A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]

**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **30.04.2026** को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, कोहेफिजा शाखा, भोपाल फोन : 9993166500 e-mail id : cb2652@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002652** | | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः **श्री गोरखनाथ साहेबराव अहेर पुत्र साहेबराव** | दिनांक 18.03.2024 को ₹ 14,03,222.45/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित रिहायशी प्लॉट नंबर 157, 'रॉयल पाक' ग्राम नीलबड़, (भौरी) पटवारी हल्का नं. 35, आर.एन. मंडल 04, भूतल हुजूर भोपाल, क्षेत्रफल 1018 वर्गमीटर अर्थात 94.61 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- श्री गोरखनाथ साहेबराव अहेर पुत्र श्री साहेबराव चर्तुसीमाएंः पूर्वः प्लॉट नंबर 158, पश्चिमः प्लॉट नंबर 156, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः अन्य भूमि | ₹ 12,00,000/-<br>₹ 1,20,000/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बीएचईएल शाखा, भोपाल फोन (Ph. No 919836556510) e-mail id : cb2544@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0002544** | | | |
| ऋणी-**मेसर्स नारायण फेशन** प्रोपराइटर- श्री नारायण प्रसाद बथारी पुत्र जानकी प्रसाद बथारी | दिनांक 30.03.2021 को ₹ 8,47,895.32/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | मकान नं. एल.आई.जी. 810, जी-सेक्टर अयोध्या नगर, तह. हुजूर जिला-भोपाल-462011, कुल क्षेत्रफल-38.70 वर्गमीटर अथवा 416.41 वर्गफिट बिल्टअप क्षेत्रफल- 25.61 वर्गमीटर अथवा 275.56 वर्गफिट संपत्ति मालिक- नारायण प्रसाद बथारी चर्तुसीमाएं- उत्तर- रोड, दक्षिण- मकान नं. 795, पूर्व- मकान नं. 809, पश्चिम- मकान नं. 811 | ₹ 11,00,000/-<br>₹ 1,10,000/-<br>₹ 10000/- |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री लीला किशन** सहऋणी एवं बंधककर्ताः श्रीमती सुलोचना बाई पत्नि श्री लीला किशन | ₹ 357523.17/- + दिनांक 30.12.2024 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी फ्लैट नं. एस-2, क्षेत्रफल- 280 वर्गफिट द्वितीय तल, आशुतोष परिसर, खसरा नं. 468/1, 469,471/8/3, 468/1/8/3, 468/1/8/1, 468/1/8/4, का भाग, शिवलोक कालोनी, फेस-3, खजूरी कलां, भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- पूर्व- रोड, पश्चिम- प्लाट नं. 79, उत्तर- फ्लैट नं. एस-03, दक्षिण- फ्लैट नं. एस-01 | ₹ 7,25,000/-<br>₹ 72,500/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बाबड़िया कलां शाखा, भोपाल (Ph. No 9934670351) e-mail id : cb5101@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0004594,** | | | |
| ऋणी- **मेसर्स आराध्या सेल्स** प्रोपराइटर - श्री संदीप कुमार पुत्र श्री सुधीर कुमार | ₹ 606851.50 + दिनांक 19.05.2021 से ब्याज एवं खर्चे | रिहायशी प्लाट नं. 159, आस्था विहार, हिनोतिया जागीर, पटवारी हल्का 10/8, आर.एन.एम.-01, विकास खंड फन्दा, तहसील- हुजूर, जिला-भोपाल क्षेत्रफल- 74.34 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- उत्तर- प्लाट नं. 158, दक्षिण- प्लाट नं. 160, पूर्व- प्लाट नं. 166, पश्चिम- कालोनी रोड | ₹ 2,95,000/-<br>₹ 29,500/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बैरसिया शाखा, बैरसिया (Ph. No 919827214021) e-mail id : cb3176@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0003176** | | | |
| ऋणी-**श्री सुरेन्द्र कुमार यादव** पुत्र गरीबदास यादव एवं **श्री अशोक कुमार साहू** पुत्र राजाराम | दिनांक 13.02.2022 को ₹ 20,40,126.92 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी प्लाट पर निर्मित मकान स्थित खसरा नं. 43/2 का भाग, ग्राम- सेमराकलां, तहसील बैरसिया, जिला-भोपाल क्षेत्रफल- 2000 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- उत्तर- उत्तर- विक्रेता की संपत्ति, पूर्व- विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण- खुला, पश्चिम- रोड | ₹ 15,84,000/-<br>₹ 1,58,400/-<br>₹ 10000/- |
| ऋणी एवं बंधककर्ताः **श्री धारु सिंह डांगी** सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ताः **श्रीमती राजमणि पत्नि श्री धारु सिंह डांगी** | ₹ 11,33,616/- + दिनांक 30.12.2025 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति सर्वे क्रमांक 116, फ्री होल्ड डायवर्टेड आवासीय प्लॉट जिसका क्षेत्रफल 30*40= 1200 वर्गफीट ग्राम नरेला बाजाफ्ता पी.सी. क्रमांक 48/33, तहसील बैरसिया, जिला भोपाल चर्तुसीमाएंः पूर्वः उसी सर्वे क्रमांक 116 की शेष भूमि, पश्चिमः 20 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः शकील अहमद का प्लॉट, दक्षिणः उसी सर्वे क्रमांक 116 की शेष भूमि | ₹ 24,50,000/-<br>₹ 2,45,000/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक गुलमोहर शाखा, भोपाल फोन : (Ph. No 8989989121) e-mail id : cb2625@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002625** | | | |
| ऋणी- **श्री गुलाब सिंह पाल पुत्र राम भरोसे पाल** जमानतदार-श्री जसवन्त सिंह चौहान पुत्र छतर सिंह चौहान | दिनांक 04.07.2024 को ₹ 27,98,724.6/- + देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी भूमि एवं भवन, क्षेत्रफल-1500 वर्गफिट, तीन मंजिला भवन स्थित वार्ड नं. 8, खसरा नं. 346/1/2, मंडीदीप, तहसील-गौहरगंज जिला-रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- पूर्व- नगर पालिका की रोड, पश्चिम- मंदिर, उत्तर- खुली भूमि, दक्षिण- चंदर पाल का मकान | ₹ 31,00,000/-<br>₹ 3,10,000/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक बरेली शाखा, बरेली ( Ph. No 8172873155 ) e-mail id : cb6124@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0006124** | | | |
| ऋणी एवं बंधककर्ता- **श्री वीरेन्द्र कुमार घूरे** पुत्र श्री धम्मूलाल घूरे | ₹ 412399.00/- + दिनांक 21.11.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति स्थित प.ह.नं. 30/21, खसरा नं. 224/64/16/0001, वार्ड नं. 01, शक्ति नगर वार्ड, भूतड़ा कालोनी, बरेली तहसील जिला-रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल- 450 वर्गफिट चर्तुसीमाएं- पूर्व- विक्रेता की जमीन, पश्चिम- 15 फिट कालोनी रोड, उत्तर- ज्योति साहू का प्लाट, दक्षिण- विक्रेता की जमीन | ₹ 4,00,000/-<br>₹ 40,000/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक अरेरा कालोनी शाखा, भोपाल e-mail id : cb1471@canarabank.com Contact No. : 917004895868/8449087876, Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0001471** | | | |
| ऋणीः **मेसर्स जॉय लॉजिस्टिक्स प्रोपराइटरः श्री चन्द्रशेखर वर्मा** बंधककर्ता / जमानतदार : श्री चन्द्रशेखर वर्मा पुत्र श्री राम प्रताप वर्मा | ₹ 20,94,923.97/- +दि. 16.06.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट क्रमांक 502, ब्लॉक जमुना, पांचवीं मंजिल, 'चिनार ड्रीम सीटी', स्थित ग्राम-हनुमंता नरेला और रतनपुर सड़क, वार्ड-84, होशंगाबाद रोड, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) चर्तुसीमाएंः पूर्वः फ्लैट क्रमांक 501, जमुना, पश्चिमः फ्लैट क्रमांक 503, जमुना, उत्तरः फ्लैट क्रमांक 507, जमुना, दक्षिणः खुला | ₹ 14,50,000/-<br>₹ 1,45,000/-<br>₹ 10000/- |
| | | आवासीय फ्लैट क्रमांक एस.एफ.-16, द्वितीय तल, खसरा क्रमांक 532/6, 532/7, 532/3, 532/4 एवं 532/1/1/1 का भाग, 'रॉयल पार्क सिटी', काशी पार्क सिटी, काशी, ब्लॉक-ए, वार्ड क्रमांक 23, मंडीदीप, तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.) चर्तुसीमाएं- पूर्वः कॉमन कॉरिडोर, पश्चिमः कॉलोनी रोड, उत्तरः कॉलोनी रोड, दक्षिणः फ्लैट क्रमांक एस.एफ.-17, | ₹ 11,00,000/-<br>₹ 1,10,000/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, भौरी शाखा, भौरी फोन : 919687673142 e-mail id : cb4725@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0004725** | | | |
| ऋणीः **श्री कमलेश कुमार पुत्र राम हेत** जमानतदार- श्री मनोज कुमार पुत्र धरमिन्दर यादव | दिनांक 24.09.2024 को ₹ 1808626/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति रिहायशी मकान नं. 165, स्थित खसरा नं. 316, 317, 318, 320, 323 कुल रकबा 3.20 हेक्टेयर का भाग, रॉयल पार्क, ग्राम नीलबड पटवारी हल्का नं. 35, तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. मकान नं. 165 कुल क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट चर्तुसीमाएंः पूर्वः प्लॉट नं.166, पश्चिमः प्लॉट नं.164, उत्तरः सड़क, दक्षिणः दूसरों की जमीन, मालिक-श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री राम हेत | ₹ 13,50,000/-<br>₹ 1,35,000/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक, बैरसिया रोड शाखा, भोपाल (Ph. No 9860341394 ) e-mail id : cb0360@canarabank.com Authorised Officer : Contact No. 9860341394 , Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0000360** | | | |
| ऋणी- **श्रीमती श्वेता शर्मा पत्नि अमित शर्मा** जमानतदार-श्री राजकुमार मौर्य पुत्र कालूराम मौर्य | दि. 31.08.2024 को ₹ 14,22,395.21/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग रेवेन्यु / सर्वे नं. 270/3, 271/3, 270/4 एवं 271/4, पटवारी हल्का नं. 6/10, वार्ड नंबर 79, आवासीय फ्लैट नंबर बी-604, 6वीं मंजिल, ब्लॉक- बी, कस्तूरी हाइट्स, ग्राम लांबाखेड़ा, भोपाल (म.प्र.) फ्लैट सुपर निर्मित चर्तुसीमाएंः पूर्व- बालकनी, पश्चिमः फ्लैट नंबर 605, उत्तरः फ्लैट नंबर 603, दक्षिणः बालकनी | ₹ 16,65,000/-<br>₹ 1,66,500/-<br>₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक कोलार रोड शाखा, भोपाल (फोन नं. 8722237676) e-mail id : cb2626@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0002626** | | | |
| ऋणी- **श्री जैनम बैग्स एण्ड फुटवेयर,** प्रोप हर्ष डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी गारंटरः श्री विराज डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी | दिनांक 09.09.2022 को ₹ 9,96,919.60/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट संख्या-सी-3, तीसरी मंजिल, प्लाट संख्या 205-डी, डी सेक्टर, ''कृष्णा हाईट्स'' गांव नयापुरा, वार्ड नंबर 83, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) पिलिन्थ क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट एवं कारपेट क्षेत्रफल- 540 वर्गफिट संपत्ति मालिक-श्री विराज डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी चर्तुसीमाएंः पूर्वः अन्य संपत्ति, पश्चिमः- फ्लैट नंबर सी-2, उत्तर :- कालोनी रोड, दक्षिणः- कॉरिडोर | ₹ 15,13,000/-<br>₹ 1,51,300/-<br>₹ 10000/- |
| ऋणी- **मेसर्स साहू लेडीज टेलर** प्रो. सविता साहू पत्नि परसराम साहू, जमानतदारः श्री पारस राम साहू पुत्र छगन लाल साहू | दिनांक 12.07.2023 को ₹ 9,75,324.72 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित भूमि एवं दुकान नंबर 137 प्रथम तल 'ओम कॉम्प्लेक्स' गणपति एन्क्लेव, खसरा नंबर 46/5/3/1/4 पर निर्मित पीएच नंबर 39 कोलार रोड, भोपाल प्लॉट क्षेत्रफल 193 वर्गफुट चर्तुसीमाएँः पूर्वः दुकान नं. 138, पश्चिमः दुकान नं.136, उत्तरः काम्पलेक्स का अन्य भाग, दक्षिणः गलियारा | ₹ 17,30,000/-<br>₹ 1,73,000/-<br>₹ 10000/- |

**धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 30-04-2026, सुबह 11.30 बजे तक या उससे पूर्व**
**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 30-04-2026, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)**

E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com

नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।

स्थान : भोपाल दिनांकः **13-04-2026** — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

■ ग्रुप ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की

# पिरोजशा होंगे गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरपर्सन, अगस्त में संभालेंगे पद

एजेंसी ▶▶| मुंबई



गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने सोमवार को नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की। इसके तहत पिरोजशा गोदरेज इस वर्ष अगस्त में नादिर गोदरेज से समूह के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करेंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नादिर गोदरेज नियोजित पीढ़ीगत उत्तराधिकार के तहत मानद अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। समूह में नेतृत्व स्तर पर अन्य बदलाव भी किये गये हैं। पिरोजशा ने कहा, ''यह क्षण जिम्मेदारी और सौभाग्य दोनों का है। हमें पीढ़ियों से चली आ रही एक उल्लेखनीय विरासत मिली है और अब हमारा कार्य उन मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहते हुए महत्वाकांक्षा के साथ इसे आगे बढ़ाना है जो हमें परिभाषित करते हैं। बयान में कहा गया है कि नादिर अगस्त, 2026 में 75 वर्ष के होने के बाद सेवानिवृत्त होंगे।

**गोदरेज एग्रोवेट के निर्माण पर होगा ध्यान : बुर्जिस**

*बुर्जिस ने एस्टेक लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है और वह इसके निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। बुर्जिस ने कहा, ''हमारा ध्यान एक मजबूत गोदरेज एग्रोवेट के निर्माण पर होगा, जो सतत विकास को गति प्रदान करते हुए हमारे सभी व्यवसायों में क्रियान्वयन को और बेहतर बनाएगा।''*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **यशपाल सिंह चौहान, पुत्रः अरिमर्दन सिंह, मालिक/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, मेसर्स चौहान कृषि सेवा केंद्र, निवासीः ग्राम रामपुरा कला पोस्ट सतपारा हाट, तहसील नटेरन, रामपुरा कला जिला विदिशा 464221, मध्य प्रदेश, और ग्राम रामपुरा कला पोस्ट सतपारा हाट, तहसील नटेरन, रामपुरा कला जिला विदिशा 464221, मध्य प्रदेश** ने **CC No. 531862/16, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **यशपाल सिंह चौहान** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **यशपाल सिंह चौहान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना दरियागंज, दिल्ली** के अभियुक्त **यशपाल सिंह चौहान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.05.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार,**
**सुश्री उर्वी गुप्ता**
**एल.डी. जेएमएफसी (एनआई अधिनियम)–01,**
**सीबीए–11, कमरा नंबर 201,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4748/CD/2026**

## चिंतन

# कम पानी वाली फसलों को दी जाए प्राथमिकता

मौसम के बदलते मिजाज ने एक बार फिर दकृषि व्यवस्था के सामने कठिन सवाल खड़े कर दिए हैं। निजी एजेंसी स्काईमैट वेदर के बाद अब सरकारी संस्था भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी इस साल मानसून के सामान्य से कम रहने की आशंका जताई है। स्काईमैट जहां 6% और आईएमडी 8% तक कम बारिश का अनुमान दिया है। यह केवल आंकड़ों का खेल नहीं है, इसके पीछे छिपी है ग्रामीण भारत की आजीविका, खाद्य सुरक्षा और महंगाई की संभावित मार। तीन साल बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है जब बारिश औसत से कम रह सकती है। इसका सीधा असर हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र जैसे कृषि प्रधान राज्यों पर पड़ेगा जहां खेती केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। पिछले वर्ष 2025 में देश ने सामान्य से अधिक वर्षा देखी, लेकिन वह भी राहत नहीं दे सकी। कई क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश ने फसलों को बर्बाद कर दिया, खेतों में जलभराव से फसलें गल गईं। अगली फसल के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा। यानी समस्या केवल 'कम' या 'ज्यादा' बारिश की नहीं, बल्कि 'असंतुलित' बारिश की है। कुल मिलाकर आने वाला समय खाड़ी युद्ध के बीच आर्थिक और सामाजिक तौर पर चुनौती पेश करने वाला होगा। इस बार कम बारिश के हालात देखते हुए सरकार को पहले से ही तैयार रहना होगा और किसानों को कम पानी वाली उन्नत फसलों को बढ़ावा देने के लिए जागरूक करना होगा। इसके लिए अभी से प्रयास करने होंगे, ताकि समय रहते किसानों को प्रेरित और जागरूक किया जा सके। सरकार फसलों के विविधिकरण के लिए भी अनुदान बढ़ाए और किसानों को उन्नत बीज सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाकर राहत प्रदान करे। यही वह समय है जब कृषि नीति में निर्णायक बदलाव की जरूरत है। कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों जैसे बाजरा, ज्वार, दालें और तिलहन को प्राथमिकता देनी होगी। किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए सीधे आर्थिक प्रोत्साहन जैसे अधिक अनुदान, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी और उन्नत बीजों की सुलभ उपलब्धता देनी होगी। जब तक किसान को यह भरोसा नहीं होगा कि कम पानी वाली फसलें भी उसे समान या बेहतर आय देंगी, तब तक बदलाव संभव नहीं। हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों में धान के स्थान पर वैकल्पिक फसलों को बढ़ावा देना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता बन चुका है। यह बदलाव जितनी जल्दी होगा, उतना ही देश के जल संसाधनों और कृषि अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होगा। मनरेगा जैसी योजनाओं का भी इस संदर्भ में बेहतर उपयोग किया जा सकता है। गांवों में तालाब, चेक डैम और वर्षा जल संचयन संरचनाओं का निर्माण कर सिंचाई क्षमता को बढ़ाया जा सकता है। इससे न केवल खेती को सहारा मिलेगा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट से भी राहत मिलेगी। इसके अलावा, आधुनिक तकनीकों जैसे ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरत है। 'हर बूंद से अधिक फसल' का नारा तभी सार्थक होगा, जब इसे जमीनी स्तर पर लागू किया जाए। कमजोर मानसून का असर केवल खेतों तक सीमित नहीं रहता। यह ग्रामीण मांग को प्रभावित करता है, जिससे पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ता है। खाद्य उत्पादन घटने पर महंगाई बढ़ती है, जिसका बोझ हर नागरिक को उठाना पड़ता है। इसलिए यह मुद्दा केवल किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश का है। कम पानी वाली फसलों को प्राथमिकता देना विकल्प नहीं, बल्कि भविष्य की जरूरत है।



जयंती विशेष
शिवप्रकाश

# बाबा साहेब : दो युग-एक दृष्टि

बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।" 1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं। भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाने के लिए किए गए बाबा साहेब के आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना भी असंभव है।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती को उत्साह के साथ मना रहा है। बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था। अस्पृश्यता के विरोध में आन्दोलन, संविधान निर्माता, श्रम नीति कर निर्माण, विधि व्यवस्था एवं नारी शक्ति के सशक्तिकरण में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। लोकतंत्र एवं संविधान के प्रति वह सदैव समर्पित थे। अपने देश की समस्त समस्याओं का समाधान लोकतांत्रिक पद्धति से संविधान द्वारा ही खोजने का आग्रह उन्होंने किया था। स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुता के वह सदैव पक्षधर थे । 25 दिसंबर 1952 में बोलते हुए उन्होंने कहा था कि "आज के युग में संपत्ति ही आजादी का अधिकार है। जब तक महिलाओं को संपत्ति में वारिस नहीं माना जाता, तब तक उनकी गुलामी खत्म होने वाली नहीं है।" जिस समय देश बाबा साहेब की जयंती मना रहा है उसी के निकटवर्ती समय में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिए संसद विशेष सत्र बुलाकर "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के प्रस्ताव को पारित करने की ओर अपने ऐतिहासिक कदम बढ़ा रही है । ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जीएवं उन सदृश महापुरुषों के सपनों एवं संकल्पों को ही पूर्ण कर रहे हैं ।

भारतीय चिंतन में स्त्री-पुरुष को अलग-अलग देखना यह दृष्टि नहीं रही है। दोनों में एक ही तत्व है । केवल भौतिक शरीर रचना में अंतर दिखाई देता है । इस दृष्टि को समाज में स्थायी बनाने के लिए हमारे ऋषि मुनियों ने स्त्री को आदिशक्ति, अर्धनारीशवर आदि के माध्यम से स्थापित किया था। स्त्री के प्रति सम्मान का भाव "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः" जैसे अनेक वेदमन्त्रो में उदभाषित होता है। वेद में वर्णित अनेक ऋषिकाओं जैसे मैत्रीयी, अपाला, लोपामुद्रा, गार्गी, अदिति आदिने शिक्षा में अपना योगदान दिया। सुशासन एवं समाज सुधार की प्रतीक अनेक महिला बनीं । स्वतंत्रता के आंदोलन में भी अपना योगदान देकर भारतीय महिलाओं ने अपना जीवन उत्सर्ग किया। जिससमय पश्चिमी जगत में स्त्री को वोट का अधिकार एवं समानता का अधिकार दें अथवा न दें, इस विषय पर विवाद चल रहा था, उस समय हमारे संविधान निर्माताओं ने पुरुषों के समान ही महिलाओं को समान मैत्रेयी अधिकार देकर अपने प्राचीन भारतीय दृष्टिकोण का पालन ही किया था। बाबा साहेब आंबेडकर ने 20 जुलाई 1942 को नागपुर में दलित महिला अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा था कि, "किसी समाज की प्रगति का अनुमान इस बात से लगाया जाता है कि उस समाज में महिलाओं की प्रगति कितनी है।"1927 में तथाकथित अस्पृश्यसमाज की महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा था कि जिस प्रकार गृहस्थी की समस्याएं पति-पत्नी मिलकर सुलझाते हैं, वैसे ही समाज की समस्याएं भी स्त्री-पुरुषों को मिलकर सुलझानी चाहिए। आप पुरुषों की जन्मदाता हैं।" बाबा साहेब द्वारा भूमिहीन कृषकों को भूमि दिलाए जाने के लिए आंदोलन में शांति बाई दाणी, गीता बाई गायकवाड़ तथा मीनल के योगदान को भुलाना असंभव है। विवाह की आयु 18 वर्ष, एक विवाह को



वैधता, गोद लेने का अधिकार जैसे कानून बनवाना, महिला सशक्तिकरण में बाबा साहेब का महती योगदान है। गर्भवती महिलाओं को प्रसूति अवकाश यह बाबा साहेब की ही देन है। संविधान के अनुच्छेद 14 से 16 में स्त्री-पुरुषों की समानता का अधिकार, नौकरियों में स्त्रियों को समान अधिकार एवं समान वेतन दिलाने में बाबा साहेब की महत्वपूर्ण भूमिका है। हिंदू कोड बिल, जिसमें महिलाओं को तलाक का अधिकार,बहुविवाह से संरक्षण, संपत्ति में पुत्री का पुत्र के समान अधिकार मिलनाजिस पर तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू से उनकी असहमति सभी को ज्ञात है जो उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र का भी एक कारण बनी थी। केवल हिंदू महिला ही नहीं बाबासाहेब ने मुस्लिम महिलाओं के अधिकारों की भी पुरज़ोर वकालत की थी। बाबा साहेब ने 1928 में ही कहा था कि "राष्ट्रहित में है कि माता को प्रसव-पूर्व एवं पश्चात आराम मिलना चाहिए। भारत का पहला मातृत्व लाभ विधेयक उन्होंने ही प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने "नारी तू नारायणी" के संकल्प के साथ 2014 से ही महिला सशक्तीकरण के लिए अनेक प्रयास किए। समाज में जागरण के साथ-साथ लिंगानुपात में वृद्धि, समाज में सम्मान, आर्थिक सशक्तिकरण, महिला नेतृत्व आदि की दिशा में वह प्रयास सराहनीय है। मातृशक्ति की कठिनाइयों को समझकर 11 करोड़ शौचालयों का निर्माण जिसका उन्होंने इज्जतघर कहा वह ऐतिहासिक पहल थी। घर तक जल पहुँचाना, प्रधानमंत्री आवास योजना में महिला को मालिकाना हक, बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओ अभियान ने न केवल लिंगानुपात में परिवर्तन किया बल्कि बेटी बोझ है की मानसिकता से भी मुक्ति दिलाई है। स्टार्टअप्स, मुद्रा योजना, जनधन खातों में 55% महिला भागीदारी, स्टैंड अप इंडिया, स्वयं सहायता समूह, जिसमें 10 करोड़ से अधिक महिलाओं की सहभागिता है, लखपति दीदी जैसी अनेक योजनाओं से आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाया है। गणतंत्र दिवस की परेड का नेतृत्व, सेना में अवसर,नमो ड्रोन दीदी, ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग महिलाओं द्वारा आदि ने महिलाओं के प्रति सम्मान को बहुगुणित किया है। तीन तलाक से मुक्ति के कानून ने मुस्लिम समाज की महिलाओं में विश्वास जगाने का कार्य किया है ।

नारी केवल मतदान तक सीमित न रहते हुए निर्णय प्रक्रिया में उसका योगदान हो, इस उद्देश्य से 16,17 एवं 18 अप्रैल में संसद एक ऐतिहासिक निर्णय ले रही है । लंबे समय से लंबित यह कानून मोदी सरकार ने 2023 में पास किया था। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 8 अप्रैल 2026 को संविधान संशोधन विधेयक को स्वीकृति प्रदान की है। लोकतंत्र में 33% भागीदारी के लिये संसद की स्वीकृति के बाद यह स्त्री को सशक्तबनाने में सहायक होगा। जिसका परिणाम होगा कि 50% देश की जनसंख्या में सहभागी महिला शक्ति देश के विकास में अपना योगदान दे सकेंगी। भारत रत्न बाबा साहेब आंबेडकर ने 100 वर्ष पूर्व स्त्री के सम्मान का जो सपना देखा था, जिसको संविधान एवं संसद के माध्यम से उन्होंने पूर्ण करने का प्रयास भी किया था, आज 100 वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसको पूर्ण कर रहे हैं। समस्त विपक्षी दल उनके आह्वान अनुसार "नारी शक्ति वंदन" अधिनियम को पारित करने में सहायक बनें, बाबा साहेब के जन्म दिवस पर यह उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी

( लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## बाबा साहेब का स्मरण

लाल सिंह आर्य



# सामाजिक न्याय ही नहीं वे राष्ट्र निर्माण के भी अग्रदूत

संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 136 वीं जयंती केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि भारत की आत्मा का उत्सव है। यह वह दिन है, जब हम उस महापुरुष को स्मरण करते हैं, जिन्होंने सदियों की सामाजिक विषमता को चुनौती दी और एक ऐसे भारत की नींव रखी, जहां न्याय, समानता और गरिमा प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार हो। बाबा साहेब का मानना था कि किसी भी राष्ट्र की स्थिरता और प्रगति उसकी संस्थागत संरचना पर निर्भर करती है। वित्त आयोग, भारतीय रिजर्व बैंक, रोजगार कार्यालयों और श्रम नीतियों की जो बुनियाद उन्होंने रखी, वह आज भी भारत की आर्थिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही है। वे केवल सामाजिक न्याय के ही नहीं, बल्कि आर्थिक विकास और राष्ट्र निर्माण के भी अग्रदूत थे। उनका मानना था कि राजनीतिक स्वतंत्रता तभी सार्थक है, जब सामाजिक और आर्थिक समानता भी सुनिश्चित हो।

बाबा साहेब का सबसे बड़ा योगदान यह था कि उन्होंने समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास किया। उनका संघर्ष केवल अधिकारों के लिए नहीं था, बल्कि आत्मसम्मान के लिए था। आज जब हम वर्तमान भारत की ओर देखते हैं, तो पाते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसकी परिकल्पना बाबा साहेब ने की थी। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास केवल एक नारा नहीं, बल्कि शासन की कार्यप्रणाली का आधार बन चुका है। मोदी सरकार ने आर्थिक समावेशन के क्षेत्र में जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, वे बाबा साहेब के आर्थिक चिंतन का जीवंत उदाहरण हैं। जनधन योजना के माध्यम से करोड़ों लोगों के बैंक खाते खोले गए, आधार और मोबाइल के साथ जोड़कर उन्हें सीधे लाभ पहुंचाया गया। डिजिटल भुगतान प्रणाली, यूपीआई और भीम ऐप ने आम नागरिक को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और शोषण और भ्रष्टाचार से बचाया है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस ने उन्हें वह सम्मान नहीं दिया, जिसके वे हकदार थे। उन्हें चुनावों में हराने के प्रयास हुए, संसद में उनकी उपेक्षा की गई और उनके विचारों को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया।

इसके विपरीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बाबा साहेब को सच्चे अर्थों में राष्ट्रीय सम्मान दिलाने का कार्य किया है। पंचतीर्थ का निर्माण, लंदन स्थित उनके निवास को अंतरराष्ट्रीय स्मारक में परिवर्तित करना, संविधान दिवस की शुरुआत, संयुक्त राष्ट्र में उनकी जयंती का आयोजन- ये सभी पहल इस बात का प्रमाण हैं कि सरकार उनके विचारों को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज भारत विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। यह केवल एक आर्थिक लक्ष्य नहीं, बल्कि एक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवर्तन का भी प्रतीक है। यह वह भारत है, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिलेगा, जहां विकास समावेशी होगा और जहां राष्ट्र आत्मनिर्भरता के मार्ग पर आगे बढ़ेगा। मिशन 2047 अंतर्गत भारत सरकार ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है,जिसमें डॉ. आंबेडकर का आर्थिक चिंतन और उनके विचारों में समानता अर्थात समान अवसरों की उपलब्धता, शिक्षा और आत्मनिर्भरता तीन एसे स्तंभ है जिन पर विकसित भारत खड़ा हो सकता है यानी सशक्त समाज और समृद्ध भारत। बाबासाहेब का दृष्टिकोण स्पष्ट था कि यदि सामाजिक समानता और आर्थिक न्याय साथ-साथ चले तभी भारत वास्तव में विकसित राष्ट्र बन सकता है 1उनका सपना आज भी हमारे मिशन 2047 के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। बाबा साहेब का सपना केवल सरकारों के प्रयासों से नहीं, बल्कि हर नागरिक की भागीदारी से ही साकार होगा। हमें उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना होगा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। आज का भारत एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है- एक ऐसा भारत, जो अपने अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य की ओर दृढ़ता से कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह यात्रा केवल विकास की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय गौरव की भी है। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी उस महान युगपुरुष को, जिसने हमें समानता, न्याय और स्वाभिमान का मार्ग दिखाया।

( लेखक राष्ट्रीय अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा)

## शिक्षा ही सबसे बड़ा हथियार, जिससे दुनिया बदल सकती है


# बाबा साहेब के सपनों को साकार करता हुआ मोदी का भारत



डॉ. ब्रह्मदीप अलूने
राजनीतिक विश्लेषक

डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर का दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही सामाजिक न्याय की दिशा में पहला कदम है। उनका कहना था कि शिक्षा ही सबसे शक्तिशाली हथियार है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं। वे हमेशा शिक्षा को महिलाओं , वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए एक सशक्तिकरण उपकरण के रूप में देखते थे। भारत एक महान लोकतंत्र है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, डॉ. आंबेडकर की आशाओं के अनुरूप वंचित वर्गों का सर्वांगीण विकास करने के लिए कृत संकल्पित है। अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्गों के समुदायों के साथ महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई प्रभावशाली पहल की है,जिनमें शिक्षा,आर्थिक विकास,सामाजिक कल्याण और कानूनी सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इन प्रयासों का उद्देश्य असमानताओं को दूर करना, जीवन स्तर में सुधार करना और समावेशिता को बढ़ावा देना है। जन धन योजना,कौशल भारत मिशन,मेक इन इंडिया, मिशन स्वच्छ भारत, सांसद आदर्श ग्राम योजना,श्रमेव जयते योजना, ग्रामोदय से भारत उदय, प्रधानमंत्री उज्वला गैस योजना आदि योजनाओं का उद्देश्य भारत के सामाजिक, आर्थिक और सामुदायिक विकास को गति देना है। इसमें सरकार सफल रही है और इसके उज्ज्वल परिणाम सामने आ रहे है। सशक्त और विकसित भारत का अर्थ है,एक ऐसा भारत जो सामाजिक,आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक रूप से मजबूत,आत्मनिर्भर और हर नागरिक के लिए समान अवसर प्रदान करने वाला हो। डॉ. आंबेडकर कहा करते थे कि भारत सामाजिक रूप से न्यायपूर्ण,आर्थिक रूप से समान और राजनीतिक रूप से लोकतांत्रिक होना चाहिए। भारतीय संविधान की रचना करते समय उन्होंने इन्हीं आदर्शों को आधार बनाया था। आज भारत का हर नागरिक गरीब,मजदूर, किसान,महिलाएं आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सुरक्षित हो रहे है। जनता ने राजनीतिक सत्ता को सामाजिक बदलाव का उपकरण बना लिया है। विकासवादी और समावेशी विचार के साथ हर वर्ग और हर समुदाय बिना किसी भेदभाव के हर क्षेत्र में भागीदारी कर विकसित भारत के सपने का साकार करने को संकल्पित है। भारत डॉ. आंबेडकर के उस सपने को साकार करता हुआ दिख रहा है जहां बिना किसी भेदभाव के महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति के साथ प्रगतिशील और सशक्त भारतीय समाज की कल्पना की गई थी। भारत ने संवैधानिक अधिकार,आरक्षण और सामाजिक प्रतिनिधित्व के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रगति की है,जिससे सामाजिक न्याय की स्थिति मजबूत हुई है।

## सटाका




## आज की पाती


### शहीदों की याद दिलाता बैसाखी

बैसाखी का पर्व मुख्य तौर पर हिंदुओं और सिखों द्वारा मनाया जाने वाला त्योहार है। इसी दिन 13 अप्रैल 1699 को सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसलिए इस त्योहार को उत्साह-हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसके अलावा इसी दिन जलियांवाला बाग हत्याकांड अंग्रेजों की नापाक हरकत को भी याद करवाता है। 13 अप्रैल, 1919 बैसाखी वाले दिन अंग्रेजों ने पंजाब के जलियांवाला बाग में जिस नापाक हरकत को अंजाम देते हुए कई भारतीयों पर गोलियां चलाकर निहत्थे लोगों को मौत की नींद सुलाया था, उसको याद कर अब भी हर किसी की रुह तक कांप जाती है। अंग्रेजों ने अमृतसर में 13 अप्रैल 1919 को जलियांवाला बाग में अपने कायरतापूर्ण काम को अंजाम दिया था। यह अवसर हमें शहीदों की याद दिलाता है।

-रोहित शर्मा, सोनीपत

## करंट अफेयर


# पाक के खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीम पर हमला



पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल की सुरक्षा के लिए तैनात एक सुरक्षा दल पर अज्ञात आतंकवादियों की गोलीबारी में पुलिस के एक कांस्टेबल की मौत हो गई और चार अन्य कर्मी घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने सोमवार को दी। यह घटना हंगू जिले के थाल थानाक्षेत्र में चपरी वजीरान इलाके में प्रांत में पोलियो रोधी अभियान के पहले दिन घटी। लि पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, हमलावरों ने पुलिस दल पर गोलीबारी की, जिसमें एक कांस्टेबल की मौत हो गई और थाल के अतिरिक्त थाना प्रभारी सहित चार अन्य घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों में से तीन हंगू स्थित पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय से संबद्ध हैं। कोहाट के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) इरफान तारिक ने बताया कि पुलिस दल ने जवाबी कार्रवाई की और गोलीबारी में दो आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि हालांकि, हमलावर अपने साथियों के शव घटनास्थल से ले गए। घायल सुरक्षाकर्मियों को इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया।

## ऑफ बीट

# बैठने के बजाए खड़े होकर काम करना फायदेमंद?



आधुनिक समय में हममें से अधिकतर लोग जागते हुए अपना अधिकांश समय बैठकर गुजारते हैं। हाल में एक अनुसंधान में लंबे समय तक बैठने के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभावों को रेखांकित किया गया है। कई कार्यस्थलों पर 'सिट-स्टैंड' डेस्क सिस्टम को अपनाया गया है, जिस पर आप लंबे समय तक बैठने के नुकसान से बचने के लिए डेस्क को बटन या लीवर दबाकर ऊंचा कर सकते हैं और खड़े होकर काम कर सकते हैं। लेकिन खड़ा होना बेहतर कैसे है? और क्या बहुत अधिक खड़े होने के भी नुकसान हैं? बहुत अधिक बैठने और खड़े होने के जोखिमों के बारे में अनुसंधान क्या कहता है, और क्या 'सिट-स्टैंड' डेस्क में निवेश करना ठीक है। बहुत अधिक बैठने के क्या नुकसान हैं? जो लोग बहुत अधिक बैठते हैं उनमें टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के विकसित होने और उनका जीवन कम होने की आशंका बढ़ जाती है। लंबे समय तक बैठे रहने से मांसपेशियों, हड्डियों में, खासकर गर्दन और पीठ में दर्द संबंधी शिकायत बढ़ जाती है। उन लोगों को अधिक बैठने से और भी ज्यादा नुकसान हो सकता है जो बहुत कम व्यायाम करते हैं या एक मानक स्तर तक शारीरिक गतिविधियां नहीं करते।

## ट्रेंड


### बलिदानियों को श्रद्धांजलि



जलियांवाला बाग नरसंहार के सभी अमर बलिदानियों को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। विदेशी हुकूमत की बर्बरता के खिलाफ उनके अदम्य साहस और स्वाभिमान की गाथा देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करती रहेगी। मैं सभी को नमन करता हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### कविगुरु के सपनों का बंगाल



भाजपा सरकार बंगाल के गरीबों से कटमनी लेने वाली टीएमसी सिंडिकेट को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम करेगी। हिंदुओं के साथ हुई हिंसा और अत्याचार की जांच करेगी। टीएमसी ने 'सोनार बांग्ला' को सिंडिकेट राज बना दिया, भाजपा कविगुरु के सपनों का बंगाल बनाएगी। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### ठंडे बस्ते में जाति जनगणना



सरकार अनुच्छेद 334-ए में संशोधन की बात कर रही है। तर्क दे रही है कि जाति जनगणना के नतीजे आने में समय लगेगा, लेकिन बिहार व तेलंगाना ने 6 माह से कम समय में जाति सर्वे पूरा किया है। स्पष्ट है कि सरकार जनगणना को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। -जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

### चीन की शरारती कोशिश



भारत अपने क्षेत्र के हिस्सों को दिए गए फर्जी नामों को खारिज करता है। चीन की ओर से ऐसे नाम तय करना शरारती कोशिश है। झूठे दावे जमीन की हकीकत नहीं बदल सकते। अरुणाचल भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

-रंधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता को हुआ सम्मान

**संतनगर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संत हिरदाराम नगर मंडल द्वारा वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुशील वासवानी, रमेश जनियानी, केशव लेखवानी, संतोष रायचंदनी, वासदेव वाधवानी, नारायणदास लालवानी, राजू खूबचंदनी, नंद तनवानी, हरिदास पेसवानी, संध्या प्रधान, किशन अच्छानी, राम श्रीचंदानी,अर्जुन मारण, हुकुम माली का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, राहुल राजपूत, मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी, अभिषेक चौकसे, गुड्डू मेहरा, कमल विधानी, सूरज यादव, शेट्टी चंदनानी, महेश खटवानी आदि मौजूद रहे।

### पटवा ने की आशा भोसले को श्रद्धांजलि अर्पित

**औबेदुल्लागंज।** विधायक सुरेंद्र पटवा ने आशा भोंसले को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वर साम्राज्ञी आशा भोसले का इस दुनिया से जाना संगीत जगत के लिए एक ऐसी क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं। उनकी मधुर आवाज केवल सुरों का संगम नहीं थी, बल्कि हर भावना की सच्ची अभिव्यक्ति थी। संगीत कला से अनगिनत दिलों पर राज करने वाली स्वर कोकिला आज हमारे बीच नहीं हैं, पर उनकी कला और विरासत करोड़ों संगीत प्रेमियों के दिलों में सदैव जिंदा रहेगी। परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और संगीत-प्रेमियों को इस गहन दुःख को सहने का शक्ति दें।



### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 788 | 30 | 190 |
| रात: | 268 | 60 | 127 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 227 | 18 | 369 |
| रात: | 250 | 79 | 667 |

# सीमेंट से भरे ट्रक के नीचे सो रहा था अज्ञात युवक, सिर से गुजरा पिछला पहिया, मौत

## मिसरोद स्थित बंगरसिया रोड पर दीपड़ी जोड़ के पास हादसा

### मृतक की शिनाख्त कर रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित बंगरसिया रोड पर दीपड़ी जोड़ के पास सोमवार सुबह सीमेंट से भरा ट्रक युवक के सिर से होता हुआ गुजर गया। पिछला पहिया सिर से चढ़ने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है।

### धूप से बचने के लिए ट्रक के नीचे सो गया था




पुलिस के अनुसार ग्राम दीपड़ी भोजपुर रोड निवासी दीनदयाल मेहर (63) ग्राम कोटवार थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह 11 बजे वह बंगरसिया रोड दीपड़ी जोड़ पर किसी काम से आए थे। वहां रोड किनारे सीमेंट से भरा ट्रक खड़ा दिखा। ट्रक के कैबिन में ड्राइवर सो रहा था। ट्रक के नीचे पिछले पहिए के पास 25-30 साल का एक अज्ञात युवक धूप से बचने के लिए सो गया। कुछ देर में ड्राइवर ने बिना देखे ट्रक स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया। इस घटना में नीचे सो रहे युवक के सिर से होता हुआ ट्रक का पहिया गुजर गया। ट्रक सिर से चढ़ने के कारण जोरदार आवाज आई। उनकी नजर पड़ी तो युवक का सिर क्षत-विक्षत हो चुका था। चेहर और सिर कुचल जाने से उसकी पहचान भी नहीं हो पा रही थी। हादसे की जानकारी मिलते ही सौ-डेढ़ सौ लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। तब तक ड्राइवर गाड़ी से नीचे उतर चुका था। मौका मिलते ही वह ट्रक लेकर बंगरसिया पहुंच गया। पुलिस का कहना है कि मृतक के पास से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज नहीं मिला है।

### चालक सीमेंट के गोदाम पर लेकर जा रहा था ट्रक

*पुलिस ने चश्मदीद दीनदयाल मेहर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। एएसआई चेतन गुप्ता का कहना है कि सुबह नौ बजे ट्रक सीमेंट लेकर गुजरात से भोपाल आया था। बंगरसिया में उसे ट्रक अनलोड कराना था। लेकिन सीमेंट की दुकान बंद थी। दुकानदार ने 11 बजे तक दुकान खुलने की बात कही थी। इसलिए ड्राइवर ट्रक खड़ा कर सो गया। करीब 11 बजे उसे दुकानदार का फोन आया कि ट्रक लेकर बंगरसिया आ जाए। कॉल आते ही उसने ट्रक स्टार्ट कर आगे बढ़ा दिया और हादसा हो गया। पुलिस ने आरोपी चालक राजू पंथी निवासी गौहरगंज को हिरासत में लेकर ट्रक जब्त कर लिया है।*

## पांच नंबर में नगर निगम कार्यालय के पास निर्माणाधीन सड़क पर हुआ हादसा


### सीमेंट के पाइप में टकराई तेज रफ्तार बाइक, एक की मौत, साथी गंभीर

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित पांच नंबर स्टॉप से कुछ दूर वार्ड कार्यालय के पास निर्माणाधीन सड़क पर रखे सीमेंट के पाइप से टकराकर दुकानदार की मौत हो गई। वह अपनी बाइक से दुकान की तरफ जा रहे थे। इस हादसे में बाइक पर पीछे बैठे दोस्त को भी चोट आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि हादसा ओवरस्पीड में बाइक अनियंत्रित होने के कारण हुआ। बाइक पाइप एक हिस्से में टकराई थी और दूसरे हिस्से से निकल गई। पुलिस के मुताबिक पांच नंबर स्टॉप के पास बस्ती में रहने वाले चन्द्रभान कुशवाहा (41) फूल-मालाओं की दुकान के संचालक थे। रविवार 12 अप्रैल की दोपहर करीब दो बजे वह अपनी बाइक से पांच नंबर से छह नंबर स्टॉप की ओर जा रहे थे। उनके दोस्त रिषी सराठे गाड़ी पर पीछे बैठे थे। प्रधान आरक्षक नारायण शर्मा ने बताया कि वार्ड कार्यालय के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर निमार्णाधीन सडक पर रखे सीमेंट के बड़े पाइप से टकरा गई। हादसे में चन्द्रभान गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि रिषी सराठे को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। गंभीर घायल चन्द्रभान को पहले नर्मदा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल ले गए। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही चन्द्रभान की मौत हो गई। उनके सिर में गंभीर चोट आई थी।

## लिंक ओपन करते ही खाते से कट गए एक लाख

# बिजली कनेक्शन काटने का कहकर रिटायर्ड अधिकारी से 1 लाख की ठगी

### बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर मांगे 12 रुपए,



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिजली बिल अपडेट नहीं होने और कनेक्शन काटने की धमकी देकर साइबर जालसाज ने एमपी आईडीसी से रिटायर्ड अधिकारी को एक लाख 64 रुपए की चपत लगा दी। आरोपी ने बिजली बिल अपडेट करने के लिए उन्हें सिर्फ 12 रुपए जमा करने के लिए एक लिंक भेजी थी। लिंक ओपन करते ही उनके खाते से रकम फोन-पे के माध्यम से दूसरे खाते में ट्रांसफर हो गई।

उन्होंने घटना की शिकायत साइबर सेल में की। वहां केस डायरी मिसरोद थाने को मिली। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रोजवुड इंक्लेव जाटखेड़ी निवासी दिनेश काले (65) एमपी आईडीसी भोपाल से रिटायर्ड हैं। 8 अप्रैल की दोपहर करीब 2 बजे उनके मोबाइल पर अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आया। कॉलर ने खुद को विद्युत कंपनी का कर्मचारी बताया। उसने कहा कि आपके घर के मीटर का बिजली का बिल अपडेट नहीं हुआ है। जल्द ही आपके घर की लाइट काट दी जाएगी। कनेक्शन कटने से बचने के लिए स्मार्ट मीटर रजिस्ट्रेशन चार्ज 12 रुपए जमा कर बिल अपडेट करवा लीजिए। कॉलर ने दिनेश काले को बातों में उलझाकर पैसे जमा करने का तरीका बताया और उनके वाट्सएप पर एक लिंक भेज दी। उसने कहा कि लिंक ओपन कर लीजिए। प्रोसेस बता रहा हूं। इससे आपका रजिस्ट्रेशन चार्ज जमा हो जाएगा। दिनेश काले ने लिंक ओपन की और कॉलर के कहने पर अपना फोन-पे भी खोला। उसने बताया कि अपने मोबाइल नंबर के शुरुआती पांच नंबर डालकर पासवर्ड डाल दें। आपका बिल जमा हो जाएगा। उन्होंने वैसा ही किया, लेकिन पासवर्ड डालते ही उनके खाते से 99 हजार 264 रुपए कट गए। दिनेश काले ने कॉलर से कहा कि मेरे खाते से अधिक पैसे कट गए हैं। तो उसने बताया कि 48 घंटे के भीतर आप इसी नंबर पर 800 रुपए पेमेंट कर देना। आपके कटे हुए पैसे खाते में वापस आ जाएंगे। लिहाजा 10 अप्रैल को फरियादी ने 800 रुपए भेज मोबाइल नंबर 9827213364 पर भेज दिए और कॉलर को फोन लगाया। इधर पैसे अकाउंट में आते ही कॉलर का मोबाइल बंद हो चुका था।

### साइबर ठग के पूछने पर बताया कि अपना डेबिट कार्ड का नंबर, अगले दिन खाते से विड्रॉल हो गए रुपए

### पेंशन कार्ड बनाने का झांसा देकर शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी से 1 लाख 69 हजार रुपए की ठगी

पेंशन कार्ड बनाने के नाम पर अज्ञात साइबर जालसाज ने शिक्षा विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी को एक लाख 69 हजार 400 रुपए की चपत लगा दी। आरोपी ने खुद को पीएनबी का कर्मचारी बताकर कॉल किया था। उसके बाद आरोपी ने फरियादी से उनके डेबिट कार्ड की जानकारी लेकर खाते से रकम उड़ा दी। घटना की शिकायत साइबर सेल से की गई थी। जीरो पर ऑनलाइन धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर केस शाहपुरा थाने भेजा गया है। पुलिस के मुताबिक गुलमोहर शाहपुरा निवासी कृष्ण बहादुर सक्सेना (81) शिक्षा विभाग से रिटायर्ड हैं। सात अप्रैल को अज्ञात नंबर से उनके मोबाइल पर कॉल आया। कॉलर की आवाज सही नहीं आ रही थी। तब कृष्ण बहादुर ने कहा कि आपकी आवाज नहीं आ रही है। तब उसने दूसरे नंबर से कॉल किया और पेंशन कार्ड व उसकी सुविधा के बारे में जानकारी दी। फरियादी ने उससे पूछा कि आप कहां से बोल रहे हैं। उसने बताया कि मैं पंजाब नेशनल बैंक से बोल रहा हूं। फिर उसने पूछा कि आपके पास कोई डेबिट कार्ड है। तब फरियादी ने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया का है, पंजाब नेशनल बैंक का नहीं है। कॉलर ने कहा कि आप अपने डेबिट कार्ड का नंबर बताएं। फरियादी सक्सेना ने उसे अपने डेबिट कार्ड का नंबर व कार्ड के पीछे का सीवीवी नंबर भी बता दिया। आरोपी ने फरियादी से उनका वाट्सएप नंबर पूछा। उन्होंने वाट्सएप नंबर भी बता दिया। आरोपी जालसाज ने कहा कि 8 दिन के भीतर आपका नया पेंशन कार्ड बनकर आपके घर आ जाएगा। अगले दिन 8 अप्रैल की दोपहर फरियादी कृष्ण बहादुर सक्सेना के मोबाइल नंबर पर बैंक ऑफ इंडिया का आईएमपीएस मैसेज आया। मैसेज उनके बैंक खाते से क्रमशः 24 सौ, दो हजार और एक लाख 65 हजार रुपए कटने का था।

## जावेद चिकना उसकी पत्नी और सहित अन्य तस्कर धराए

# वॉशिंग मशीन के ड्रायर में छिपाकर रखी थी चरस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



क्राइम ने एमपी नगर स्थित मेटोश्वर महादेव मंदिर के पीछे मैदान से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 126 ग्राम चरस बरामद किया। आरोपी से चरस के बारे में पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उक्त चरस उसने जावेद चिकना से खरीदा था। क्राइम ब्रांच शाहजहांनाबाद में रहने वाले बदमाश जावेद चिकना के घर पहुंची और तलाशी ली। इस दौरान वाशिंग मशीन के ड्रायर में रखा चरस जब्त किया। क्राइम ब्रांच ने जावेद चिकना के घर से भी डेढ़ किलो चरस बरामद किया है। क्राइम ब्रांच आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बताया कि जावेद चिकना पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार हो चुका है।

### क्राइम ब्रांच ने घेराबंदी कर पकड़ा

*क्राइम ब्रांच ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि गायत्री मंदिर के पास मेटोश्वर महादेव मंदिर के पीछे मैदान, एमपी नगर जोन-1 में एक एक्टिवा सवार संदिग्ध चरस बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए दबिश दी और वहां से संदिग्ध को हिरासत में लिया। पूछताछ में संदिग्ध ने अपना नाम मंजूर मोहम्मद खान उर्फ जुनेद (39) हवा महल, इमामीगेट कोतवाली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 126 ग्राम चरस मिली। पुलिस ने उससे चरस, मोबाइल और वारदात में इस्तेमाल एक्टिवा जब्त की। क्राइम ब्रांच की पूछताछ में मंजूर मोहम्मद ने बताया कि उक्त चरस उसने नौशीन खान पति जावेद चिकना निवासी शाहजहांनाबाद से खरीदा था। क्राइम ब्रांच की टीम शाहजहांनाबाद पहुंची और नौशिन खान के घर दबिश दी। मौके पर नौशिन खान (30) और पति आरोपी जावेद खान के घर की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर वाशिंग मशीन के ड्रायर में काले रंग के बैग से चरस के 6 पैकेट मिले। जब्त चरस डेढ़ किलो था। पूछताछ में नौशिन खान ने बताया कि वह अपने घर से चरस फुटकर में बेचती है। जावेद ने बताया कि वह बाहरी व्यक्ति से चरस लाकर अपनी पत्नी को दे देता था।*

## सातवीं और आठवीं में बेहतरीन प्रदर्शन

# परीक्षाओं में शालिनी ने 99% एवं रागिनी 92% ने अंक किए प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जैन समाज के वरिष्ठ संतोष जैन एवं दीपशिखा की बेटियों ने वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 7वीं की छात्रा शालिनी जैन ने 600 अंकों में से 594 अंक प्राप्त कर 99 प्रतिशत हासिल किए।

कक्षा 8वीं की छात्रा शालिनी जैन ने 600 में से 552 अंक प्राप्त कर 92 प्रतिशत अंक अर्जित किए। दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त किया है। चाणक्य स्कूल के प्रबंधक एवं प्रिंसिपल एवं स्टाफ ने खुशी जाहिर की है।



शालिनी जैन



रागिनी जैन

## कृषि मेले में लेकर जाने की नहीं दी सूचना नेताओं में आक्रोश

**तामोट।** जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, अंत्योदय कमेटी सदस्य रामकिशोर चौहान, पूर्व रातापानी जलाशय अध्यक्ष बाबूलाल, वरिष्ठ रामपाल चौहान ने बताया कि रायसेन में उन्नत कृषि मेला में शामिल होने के लिए पंच जनपद सदस्य, किसान मोर्चा के सदस्य एवं किसान, महिलाएं तैयार थे, मगर उन्हें रायसेन लेकर जाने की जिम्मेदारों ने सूचना तक नहीं दी। इससे जनप्रतिनिधियों में असंतोष है। उन्होंने कहा कि शिकायत केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व विधायक सुरेंद्र पटवा से करेंगे।

## गेहूं के खराब होने को लेकर प्रदर्शन करने जा रहे थे

# कृषि मेले में पहुंचने से पहले कांग्रेस नेता परेश नागर को किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

युवक कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं किसान नेता परेश नागर को रविवार को रायसेन कृषि मेले में जाने के दौरान पुलिस प्रशासन ने सर्किट हाउस के पास गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार, परेश नागर दीवाटिया वेयरहाउस में रखे लगभग 35 करोड़ रुपए मूल्य के गेहूं के खराब होने के मामले को लेकर कृषि मेले में प्रदर्शन करने जा रहे थे। उनका आरोप है कि इस गेहूं के रखरखाव पर सरकार द्वारा करीब 150 करोड़ रुपए खर्च किए गए, इसके बावजूद गेहूं सड़कर पूरी तरह खराब हो गया। परेश नागर का कहना है कि वे इस सड़े हुए गेहूं की प्रदर्शनी लगाकर पूरे देश को यह दिखाना चाहते थे कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में गेहूं के रखरखाव में किस तरह कथित भ्रष्टाचार हुआ है। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

## द्वितीय अवसर 26 अप्रैल को मिलेगा

# द्वादश वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम सांगानेर की हुई मुख्य वार्षिक परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को द्वादश वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम संस्थान सांगानेर की मुख्य वार्षिक परीक्षा का आयोजन औबेदुल्लागंज परीक्षा केंद्र पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विनोद जैन (आरएनजी मंडीदीप) उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता सुनील जैन तामोट ने की। विशेष अतिथियों में अमित जैन (मंडीदीप), मुकेश जैन (इंजीनियर), राजीव जैन, ऋषभ जैन (पत्रकार) एवं नेहिल जैन (औबेदुल्लागंज) का विशेष सहयोग रहा। सांगानेर संस्थान की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में आर्जव भैयाजी तथा स्थानीय पर्यवेक्षक के रूप में संतकुमार जैन (नाहर फैक्ट्री) उपस्थित रहे। परीक्षा में औबेदुल्लागंज एवं मंडीदीप के स्वाध्यायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन स्वाध्यायियों ने किसी अपरिहार्य कारणवश 12 अप्रैल को आयोजित मुख्य परीक्षा में भाग नहीं लिया, उनके लिए द्वितीय अवसर 26 अप्रैल को निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए औबेदुल्लागंज परीक्षा केंद्र क्रमांक 159 के केंद्र संयोजक मनोज जैन इजारदार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कार्तिक ने डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम से ली प्रेरणा

# वर-वधू ने अपने विवाह पर 400 से ज्यादा आदिवासियों को कराया भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज में सर्वानिदान हॉस्पिटल के संचालक मुंगावली में कार्तिक जैन ने अपनी शादी को सादगी और सेवा का उदाहरण बना दिया। दिखावे से दूर रहकर उन्होंने अनावश्यक खर्च बचाकर उसे जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। विवाह के अवसर पर 400 से अधिक आदिवासी भाइयों को भोजन कराकर उन्होंने सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया। यह पहल एपीजे अब्दुल कलाम के उस विचार को साकार करती है कि सपने वो नहीं जो हम सोते समय देखते हैं, बल्कि वो हैं जो हमें कुछ अच्छा करने के लिए प्रेरित करें।

# यंग इंडियंस के विजन से राष्ट्र निर्माण में बताई युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संत नगर

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट फॉर वुमेन ने कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री व यंग इंडियंस भोपाल चैप्टर के सहयोग से ओरिएंटेशन सत्र आयोजित किया। सत्र का नेतृत्व वायआई भोपाल की चेयर श्वेता कटारिया और दिव्यांश सिंह ने किया, जिन्होंने छात्राओं को यंग इंडियंस के विजन, मिशन और प्रमुख पहलुओं से परिचित कराया और राष्ट्र-निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इस सेशन का मुख्य आकर्षण संस्थान में वायआई एक्जीक्यूटिव काउंसिल का गठन था। नवगठित काउंसिल भोपाल चैप्टर के साथ मिलकर काम करेगी और स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन, सड़क सुरक्षा, उद्यमिता, लर्निंग और ग्रामीण विकास जैसे वर्टिकल्स में पहल का नेतृत्व करेगी। इस अवसर पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, ग्रुप एडवाइजर पीएस राठौर एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वायआई भोपाल टीम ने संस्थान के सामुदायिक विकास और छात्राओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर योगदान को सराहा।

# महान संत अमर शहीद भगत कंवरराम की प्रतिमा पर श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर चढ़ाए श्रद्धा के फूल

## अमर शहीद भगत कंवरराम की 141वीं जयंती पर लिया समाज सेवा का संकल्प

### संत कंवरराम के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए: चांदवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत संत हिरदाराम नगर के तत्वावधान में महान संत अमर शहीद भगत कंवरराम की 141वीं जयंती पूर्ण गरिमा एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। संत नगर के मुख्य मार्ग स्थित संत कंवरराम की आकर्षित एवं सुंदर प्रतिमा के समक्ष पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी ने भगत कंवरराम की जयंती पर प्रकाश डाला तथा उनके जीवन से समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई। पंचायत के अध्यक्ष माधु चंदवानी ने अपने उदबोधन में कहा कि जब सांप्रदायिकता के बादल में मंडरा रहे थे, संत हिन्दू मुस्लिम एकता के जीवत स्तंभ थे।

मुस्लिम भाई उन्हे कंवर फकीर पुकारते थे, जितनी श्रद्धा से हिन्दू भक्त कहते थे। कार्यक्रम के आरंभ में भगत कंवरराम साहिब की शाही प्रतिमा पर समस्त श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धा के फूल चढ़ाए। पार्षद अशोक मारण ने कहा कि अमर शहीद संत कंवरराम साहिब को ईश्वरीय शक्ति थी। वे गरीब व दीनदुखियों की सेवा करते थे। भाजपा मंडल के कोषाध्यक्ष हीरो हिन्दू व ठाकुर दास मनवानी ने भी संत कंवरराम साहिब के जीवन पर विचार रखे। इस अवसर पर पंचायत कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी ने अमर शहीद भगत कंवरराम की याद में मधुर गीत गाकर मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश आसवानी व आभार नंद दादलानी ने प्रकट किया। इस अवसर पर जेठानंद मंगतानी, माधव पारदासानी, हरीश मेहरचंदानी, लक्ष्मण नाथानी, राम पारदासानी, वासु गुलानी, राकेश शेवानी, मुरली गुरबानी, ईश्वर लाल मनवानी, राजकुमार थावानी, मोहन मनवानी, नरेश पेसवानी, प्रभुदास मूलचंदानी, रमेश मनवानी, गुरमुख ज्ञानचंदानी, जेठानंद मूलचंदानी, प्रेम पठानी, माधू घनशानी सहित धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे।



## वास्तविक सुख भक्ति में है, बाहरी रस में सुख नहीं है : संत ईश्वर लाल साहिब



वरिष्ठ समाजसेवी व हम सभी के प्रेरणा स्रोत स्व. दादा विशाल दरयानी की पंचम पुण्यतिथि पर दरयानी परिवार ने अपने निवास पर कटनी सतगुरु बाबा ईश्वर लाल साहिब का विशेष पारिवारिक सत्संग आयोजित किया। महाराज का सत्संग सुनने के लिए सिंधी समाज के लोग उमड़ पड़े। इस अवसर पर बाबा ईश्वर शाह ने कहा कि 'नाम महारस मीठा साधो, अंतर सिमरो अंतर आराधो' अर्थात वास्तविक सुख भक्ति में है, बाहरी रस में सुख नहीं है। जीव के भीतर नीरसपन, घट में आकुलता के बादल घिरे रहते हैं। प्यारा सतगुरु ही उस अमृत को देने में समर्थ है। नाम का सिमरन निशदिन करें। सत्संग का नियम रखें और सेवा करें। इस अवसर पर विशेष रूप से विधायक भगवानदस सबनानी सहित लगभग 500 से अधिक श्रद्धालुओं ने इस विशेष सत्संग का लाभ लिया। इस अवसर पर दरियानी परिवार द्वारा ब्रह्मा भोज आयोजित कराया गया।

## बचपन से ही आध्यात्मिक संस्कार मिलें तो बच्चे बुराइयों से अछूते रहते हैं




निरंकारी मिशन के भोपाल जोन में जोन स्तरीय बाल संत समागम संत निरंकारी सत्संग भवन, जहांगीराबाद में आगरा से पधारे ज्ञान प्रचारक महात्मा अमन महेंद्रू की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महात्मा अमनजी ने कहा कि बच्चों के जीवन में आध्यात्मिक चेतना का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान होता है। यदि बच्चों को बचपन से ही आध्यात्मिक संस्कार दिए जाएं तो वे आगे चलकर एक आदर्श गुरसिख बनते हैं और जीवन में माया, कुरीतियों एवं बुराइयों से अछूते रहते हैं। कार्यक्रम के अंत में जोनल इंचार्ज अशोक जुनेजा ने बाल संतों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।



रवींद्र भवन में आयोजित 'नृत्य रंजिनी' में देखने को मिला लय, ताल और भाव का अद्भुत समन्वय

रवींद्र भवन में नृत्य से सजी इस मनभावन संध्या का समापन एकाकार से हुआ, जिसमें सभी 135 नृत्यांगनाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं।



# घुंघरुओं की सुमधुर झंकार में पिरोई 135 नृत्यांगनाओं ने 'एकाकार' की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री राम चंद्र कृपालु भजमन हरण भाव भय दारुणम, नवकंज लोचन कंज मुखकर, कंज पद कन्जारुणम....राम की अराधना में कथक नृत्य के रूप में पिरोई राम स्तुति देख दर्शक भावविभोर हो उठे तो वहीं दूसरी आशुतोष शशांक शेखर, चन्द्र मौली चिदंबरा, कोटि कोटि प्रणाम शंभू.... बोलों से सजी शिव स्तुति में शिव का वंदन नजर आया। संध्या का सबसे आकर्षक क्षण तब आया, जब 'एकाकार' प्रस्तुति में गुरू क्षमा मालवीय के निर्देशन में 135 नृत्यांगनाओं ने एक साथ नृत्य प्रस्तुत किया। यह प्रस्तुतियां देखने को मिलीं सोमवार की शाम रविंद्र भवन में आयोजित 'नृत्य रंजिनी' में, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रेम शंकर शुक्ल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भारत भवन उपस्थित रहे तो वहीं उद्घोषक की भूमिका निभाई विनय उपाध्याय ने, प्रकाश परिकल्पना अनूप जोशी बंटी की रही।



## डॉ. पुरु दधीच द्वारा रचित त्रिपुरेश्वरी वंदना

शुरुआत त्रिपुरेश्वरी वंदना से हुई, सुनो त्रिपुरेश्वरी परमेश्वरी... बोलों से सजी, ताल एकताल एवं राग पहाड़ी में निबद्ध इस प्रस्तुति में रचना पद्मश्री डॉ. पुरु दधीच की रही। इसके बाद मधुराष्टकम की प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण की मधुरता का सुंदरता के वर्णन पर आधारित यह प्रस्तुति राग बागेश्वरी एवं ताल कहरवा में निबद्ध रही। वहीं बसंत गीत कुहूक रही कोयल वन वन... के बाद राम स्तुति पर दिल को छूने वाली प्रस्तुति पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं।

## मीरा की कृष्ण के प्रति प्रेम को दर्शाती प्रस्तुति

नृत्यांगनाओं ने शिव आराधना के रुप में भगवान शिव के नटराज रूप की अभिव्यक्ति दी, जो सृष्टि के संतुलन का प्रतीक है। तो वहीं पिया तोसे लगा रे मन... के रुप में मीरा की कृष्ण के प्रति प्रेम और समर्पण को भावपूर्ण रुप में अभिव्यक्त किया। साथ ही फारसी और अरबी स्वरों के प्रयोग से सजी तराना की प्रस्तुति और राग बहार में निबद्ध आज ब्रज में फाग बहार से सजी होरी धमार ने दर्शकों का खूब दिल जीता।

## नए प्रयोग के रुप में गजल और सामूहिक नृत्य के रुप में 'एकाकार'

प्रस्तुतियों के अगले कड़ी में नृत्यांगनाओं ने नए प्रयोग के रुप में गजल पर प्रस्तुति दी, जिसके बोल थे गुलो में रंग कहे...। नृत्य से सजी इस मनभावन संध्या का समापन एकाकार से हुआ, जिसमें सभी 135 नृत्यांगनाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बंटोरीं।



# पद्मावती से अलाउद्दीन खिलजी तकः फैशन शो में जीवंत हुआ ऐतिहासिक वैभव

## एथनिक एलिगेंस में सजी विरासत की झलक, 'बिजाबो- 26' में दिखा इतिहास का जीवंत रंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहीं जौहर कुंड में उतरती पद्मावती का भावपूर्ण रूप नजर आया, तो कहीं अलाउद्दीन खिलजी और महाराणा प्रताप की वेशभूषा में सजे छात्र ऐसे प्रतीत हो रहे थे मानो कोई ऐतिहासिक काल जीवंत हो उठा हो। एथनिक एलिगेंस के रुप में जब छात्रों ने अपनी स्टॉइल और अंदाज से भारतीय विरासत का भव्य उत्सव मनाया तो मानों चारों ओर का नजारा भारतीय विरासत, परंपरा और आधुनिकता के सुंदर संतुलन का जीवंत उदाहरण बन गया। मौका था बीएसएसएस आईएएस कॉलेज में आयोजित वार्षिक उत्सव 'बिजाबो- 26' का। इस बार एथनिक एलिगेंसः कॉस्ट्यूम्स एंड क्रॉनिकल्स ऑफ इंडिया थीम के साथ बेहद खास रहा।



## भारतीय संस्कृति, रचनात्मकता और प्रबंधन कौशल का संगम



कार्यक्रम में भारतीय संस्कृति, रचनात्मकता और प्रबंधन कौशल का शानदार संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ज्योति गुप्ता (पूर्व मिसेज सेंट्रल इंडिया 26) उपस्थित रहीं। साथ ही प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं कोरियोग्राफर शिवानी श्रीवास्तव और संघमित्रा ताईवाडे की मौजूदगी ने आयोजन को और भी खास बना दिया। विभिन्न कॉलेजों से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम में ऊर्जा और विविधता का संचार किया। वार्षिकोत्सव का यह आयोजन न केवल एक उत्सव रहा, बल्कि भारतीय विरासत, परंपरा और आधुनिकता के सुंदर संतुलन का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

# हरीश पाठक के उपन्यास 'गांठें' में 200 सालों के राजनीतिक व सामाजिक संघर्ष की दास्तां

## दुष्यंत संग्रहालय में पांच शीर्षस्थ लेखकों द्वारा उपन्यास पर गहन चर्चा का आयोजन






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिंदी के सुपरिचित कवि और कथाकार डॉ हरीश पाठक के नए उपन्यास 'गांठें' भारत के 200 सालों की राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक स्थिति का अभूतपूर्व चित्रण करता है। इसमें परिवारों की संरचना, दत्तक प्रथा, बहुविवाह एवं बालविवाह से उत्पन्न अन्याय, शोषण और संघर्ष की अनवरत दास्तान है।

हिंदी के पांच प्रख्यात लेखकों ने इस चर्चित उपन्यास पर बातचीत की दुष्यंत संग्रहालय में आयोजित पुस्तक विमोचन में। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदी के शीर्ष आलोचक और कवि प्रो विजय बहादुर सिंह ने की।

## सामाजिक तानेबाने को रेखांकित करते हुए सामने रखा इसका समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण

उन्होंने कहा कि 1965 से 1967 के दौरान माधव कॉलेज, उज्जैन में हरीश पाठक जब पढ़ते थे, तब मैं शोध कर रहा था। उन्होंने देश, समाज और परिवार के उस वक़्त के घटनाक्रम को बड़ी बारीकी से उकेरा है। प्रख्यात कवयित्री और कथाकार प्रो सविता भार्गव ने चर्चा की शुरूआत करते हुए उपन्यास का कथानक, घटनाओं, पात्रों का विवरण और एक तरह से उपन्यास का पूरा निचोड़ विस्तार से प्रस्तुत किया, जिससे श्रोताओं का उपन्यास से पूर्णतः परिचय हो गया। हिंदी के जानेमाने आलोचक रामप्रकाश त्रिपाठी ने पुस्तक के सामाजिक तानेबाने को रेखांकित करते हुए इसका समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण सामने रखा।



ललितापाम जन विकास कल्याण समिति के समर कैंप का पहला दिन

# 5 से 16 साल तक के स्टूडेंट ने लिया मैराथन और सामूहिक योग में हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ललिताराम जन विकास कल्याण समिति के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। 5 से 16 वर्ष के स्टूडेंट्स के लिए आयोजित इस समर कैंप की शुरूआत सोमवार को एकांत पार्क से की गई। प्रथम दिवस के रूप में बच्चों ने मैराथन में भाग लिया साथ ही उन्हें योग भी कराया गया। जिसे बच्चों ने बेहद उत्साह के साथ किया। 26 अप्रैल तक जारी इस समर कैंप में विजेता छात्राओं का सम्मान भी किया जाएगा।

पद्मश्री टिपाणिया, कालूराम बामनिया, भेरूसिंह चौहान ने किया सम्मानित

# राष्ट्रीय शब्द निरंतर सम्मान- 2026 से इंदौर में सम्मानित हुए कवि-कथाकार संतोष चौबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कबीर जन विकास समूह द्वारा आयोजित कबीर जन उत्सव-2026 में संतोष चौबे, वरिष्ठ कवि-कथाकार, निदेशक, विश्व रंग एवं कुलाधिपति, रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि को राष्ट्रीय शबद निरंतर सम्मान-2026 से एग्रीकल्चर कॉलेज, इंदौर में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान कबीर को अपने लोकगायन से संपूर्ण विश्व में पहुंचाने वाले विश्व प्रसिद्ध कबीर लोकगायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपाणिया, पद्मश्री कालूराम बामनिया, पद्मश्री भेरूसिंह चौहान ने प्रदान किया।



## युद्ध के हालातों में कबीर के प्रेम और करुणा प्रासंगिक

इस अवसर पर संतोष चौबे ने वर्तमान संदर्भ में कबीर की जरूरत पर कहा कि वर्तमान संदर्भ में ही नहीं इस जगत में कबीर की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी। आज जबकि विश्व के कई हिस्सों में युद्ध से भारी तबाही हो रही हैं, ऐसे में कबीर के प्रेम, करुणा, जीव मात्र के प्रति दयाभाव के संदेश बहुत प्रासंगिक हो जाते हैं। आज संपूर्ण विश्व को कबीर के ढाई आखर प्रेम की बहुत जरूरत है। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध कबीर लोकगायक पद्मश्री प्रहलादसिंह टिपाणिया, पद्मश्री कालूराम बामनिया, पद्मश्री भेरूसिंह चौहान ने कबीर के पदों की अविस्मरणीय प्रस्तुतियां भी दी।

# रंग माध्यम नाट्य संस्था की प्रस्तुति 'जलियांवाला बाग से...'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में सरदार भगत सिंह का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। वह भारत के एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए जिस साहस का परिचय दिया, वह आज के युवकों के लिए एक बहुत बड़ा आदर्श है, जिस कारण उनका नाम अमर शहीदों में सबसे प्रमुख लिया जाता है। भगत सिंह बचपन से ही मेधावी थे। उन्होंने 14 वर्ष की आयु से ही पंजाब की क्रांतिकारी संस्थाओं में कार्य करने लगे थे। अमृतसर में बैसाखी के दिन 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड ने 12 वर्ष की आयु के भगत सिंह की सोच पर गहरा प्रभाव डाला था। भगत सिंह की इसी शौर्य गाथा पर आधारित नाटक 'जलियांवाला बाग से....' का मंचन रंग माध्यम नाट्य संस्था द्वारा 14 अप्रैल को रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में मंचित किया जाएगा, जिसमें निर्देशन दिनेश नायर का है।

पारंपरिक हस्तशिल्प और आधुनिक डिजाइन के अद्भुत संगम से सजा गोहर महल

# 40 मिनट के डेमोंस्ट्रेशन में शिल्पी ने बाग की रंग, रेखा और परंपरा को किया जीवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पारंपरिक हस्तशिल्प और आधुनिक डिजाइन का अद्भुत संगम से सजा गौहर महल का बाग उत्सव 2026 कला प्रेमियों के बीच खासा पसंद किया जा रहा है। बाग प्रिंट के जनक इस्माइल सुलेमान खत्री की स्मृति को समर्पित यह उत्सव 19 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें पारंपरिक हस्तशिल्प और आधुनिक डिजाइन का अद्भुत संगम शहरवासियों को देखने को मिल रहा है। सोमवार को उत्सव का मुख्य आकर्षण

## बाग उत्सव में हुआ बाग प्रिंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन, 19 अप्रैल तक चलेगा उत्सव

रहा बाग प्रिंट का लाइव डेमोंस्ट्रेशन, जिसने दर्शकों को इस प्राचीन कला की बारीकियों से रूबरू कराया। लगभग 40 मिनट तक चले इस प्रदर्शन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त शिल्पी उमर फारूक खत्री ने अपनी कला का परिचय दिया। उन्होंने न केवल ब्लॉक प्रिंटिंग की प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से समझाया, बल्कि इसके सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व को भी विस्तार से रेखांकित किया।

## प्राकृतिक रंगों की विरासत

बाग प्रिंट की सबसे बड़ी खासियत इसके प्राकृतिक रंग हैं, जो वनस्पति और खनिज स्रोतों से तैयार किए जाते हैं। लाल रंग के लिए अलिजरीन और काले रंग के लिए लौह तत्वों से बने घोल का उपयोग किया जाता है। रंगाई की यह प्रक्रिया कई चरणों में पूरी होती है कपड़े को बार-बार धोना, सुखाना और फिर रंगना जिससे रंगों में गहराई और टिकाऊपन आता है। आज के मशीन युग में भी बाग प्रिंट अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है।

## नक्काशीदार ब्लॉक्स का किया उपयोग

डेमोंस्ट्रेशन के दौरान खत्री ने बताया कि बाग प्रिंट की असली पहचान उसके प्राकृतिक रंगों और हस्तनिर्मित तकनीक में निहित है। ब्लॉक प्रिंटिंग के लिए लकड़ी के विशेष नक्काशीदार ब्लॉक्स का उपयोग किया जाता है, जिन्हें अत्यंत सावधानी और सटीकता के साथ कपड़े पर उकेरा जाता है। इस प्रक्रिया में हरड़ से डाई किए हुए कपड़े का इस्तेमाल किया जाता है, जो रंगों को गहराई और स्थायित्व प्रदान करता है।उन्होंने बताया कि रंगों को उभारने के लिए कपड़े को लगभग 200 डिग्री तापमान पर भट्ठी में पकाया जाता है, जिससे मेहरून और काले रंग की विशेष आभा सामने आती है।



बीरभूम में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता शाह ने भी रैली की 'दीदी' पर साधा निशाना

# ममता को यहां से निकालिए, कटमनी व सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करेगी भाजपा की सरकार, टीएमसी महिलाओं की रक्षा नहीं कर सकी

शाह ने कहा कि ममता कहती हैं कि महिलाओं को शाम से बाहर नहीं निकलना चाहिए। आप एक बार भाजपा सरकार बना दीजिए, हम ऐसा बंगाल बनाएंगे जहां रात को भी बच्ची स्कूटी पर निकल सकेगी। कोई संदेशखाली, आरजी कर, दुर्गापुर लॉ कॉलेज जैसी घटना यहां नहीं हो सकेगी



एजेंसी ▶▶ बीरभूम

यहां केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने भी रैली की। इस दौरान शाह ने कहा कि आप लोग कटमनी और सिंडिकेट से परेशान हैं। किसी गरीब को घर बनाने के लिए ईंट लानी हैं, तो ममता के सिंडिकेट वाले पैसे मांगते हैं, सीमेंट लाना है, तो भी पैसे देने पड़ते हैं। आप ममता को यहां से निकाल दो, कटमनी और सिंडिकेट वालों को उल्टा लटकाकर सीधा करने का काम भाजपा की सरकार करेगी। शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम से बाहर नहीं निकलना चाहिए। आप एक बार भाजपा सरकार बना दीजिए, हम ऐसा बंगाल बनाएंगे, जहां रात को एक बजे भी छोटी बच्ची स्कूटी पर निकल सकेगी। कोई संदेशखाली, आरजी कर, दुर्गापुर लॉ कॉलेज या साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज जैसी घटना नहीं होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने तय किया है कि हम यूसीसी लाएंगे। हम सातवां वेतन आयोग हर सरकारी कर्मचारी को देंगे। बहनों के खाते में हर महीने तीन हजार रुपए जमा हो जाएंगे। गर्भवती माताओं को 21 हजार रुपए देंगे। यहां के बेरोजगार युवाओं को हम हर महीने 3,000 रुपए देने का काम करेंगे।

### 5 मई को बनेगी भाजपा सरकार

बीरभूम में शाह ने दो और पश्चिम बर्धमान में एक बड़ी चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने टीएमसी पर कड़ा प्रहार किया। शाह ने कहा बंगाल में 5 मई को भाजपा की सरकार बनने वाली है। दीदी को टाटा-बाय-बाय कहने का निर्णय जनता ने ले लिया है।



रैली के दौरान लोगों का अभिवादन करते गृहमंत्री शाह

**जनता अब बम का जवाब बैलेट से देगी**

शाह ने कहा कि दीदी, आपके गुंडों के बम धमाकों से बंगाल की जनता अब नहीं डरेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि बंगाल की जनता बम का जवाब बैलेट से देगी।

**भाजपा आई तो 4 शादियां नहीं होंगी**

शाह ने कहा कि बंगाल में कुछ लोगों को 4 शादी करने की छूट है, अगर भाजपा सत्ता में आई तो यूसीसी लागू कर इस पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

### ममता के उत्पाती मतदान नहीं रोक पाएंगे, बेखौफ वोटिंग करिए

वेस्ट मेदिनीपुर के रानीगंज में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने सीएम ममता पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ममता बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन नहीं दे रहीं हैं और बंगाल में घुसपैठ के लिए बीएसएफ को जिम्मेदार ठहरा रही हैं। शाह ने कहा कि आप लोग बेखौफ और बे-रोक-टोक मतदान करना। ममता बनर्जी के किसी भी गुंडे की मजाल नहीं है कि इस बार वो बंगाल के किसी भी मतदाता को रोक पाए।

### ममता का चेला हुमायूं अब तो बाबरी मस्जिद बनाना चाह रहा

शाह ने हुमायूं कबीर को ममता का चेला करार दिया। ममता राम मंदिर का विरोध करती थीं और अपने चेले-चपाटों को बंगाल में आगे कर बाबरी मस्जिद बनाने का सपना दिखा रही हैं। कबीर बंगाल में बाबरी मस्जिद बनाना चाहता है।

### ममता तो राज्य की बहनों की रक्षा नहीं कर सकीं

शाह ने कहा कि ममता दीदी कहती हैं कि महिलाओं को शाम 7 बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। ममता दीदी, थोड़ी शर्म तो कीजिए, खुद महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी आप बंगाल की बहन की रक्षा नहीं कर सकीं।

भाजपाध्यक्ष नवीन की हुंकार

### नशे के दलदल में धंसा तमिलनाडु का भविष्य, अब डीएमके के कुशासन का हिसाब करेगी जनता



**रामनाथपुरम।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम में विशाल जनसभा को संबोधित किया। नितिन ने डीएमके सरकार पर भ्रष्टाचार, परिवारवाद और कुशासन के गंभीर आरोप लगाए तथा राज्य में बढ़ते अपराध और नशे के प्रसार को लेकर डीएमके सरकार की जमकर आलोचना की। अब इस कुशासन का जनता हिसाब करेगी।

चुनाव प्रचार के सिर्फ 9 दिन बाकी

### अब तक तमिलनाडु में नहीं हुई कांग्रेस की एंट्री, गठबंधन पर उठे सवाल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में चुनाव के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों के पास प्रचार के लिए सिर्फ 9 दिन ही बाकी है। ऐसे में सभी दल पूरी ताकत के साथ रैलियां और रोड शो कर रहे हैं। सभी चुनाव में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस चुनाव में डीएमके का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। लेकिन इस गठबंधन पर अब सवाल उठ रहे हैं। इसका कारण है राहुल गांधी की रैली।

मुर्शिदाबाद में ओवैसी का ममता पर निशाना

### भाजपा से पुराने रिश्तों की दिलाई याद

मुर्शिदाबाद स्थित रघुनाथगंज में एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते



हुए टीएमसी और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर जमकर निशाना साधा। ओवैसी ने स्थानीय मुद्दों को हवा देते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद की सरजमीं पर किसी ने इंडस्ट्री या हमारे बच्चों के रोजगार की बात की? उन्होंने कहा कि आपने ममता को 3 बार मुख्यमंत्री बनाया और बदले में इस क्षेत्र को क्या मिला? ओवैसी ने कहा कि इस बार आप को बहुत ही एहतियात से सोच-समझकर अपने वोट का इस्तेमाल करना है। मैं यह कहना चाहूंगा कि बंगाल के मुस्लिम अकलियत (अल्पसंख्यक) से बहुत नाइंसाफी की गई।

बीरभूम में टीएमसी की जनसभा

### ममता ने पीएम को घेरा, युवाओं को प्रभावित करने 'मन की बात' दिखाई




बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। ममता ने बीरभूम के सूरी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम युवाओं के मन को प्रभावित करने के लिए प्रसारित किया जा रहा है। ममता ने टीएमसी की जीत का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली की ताकतों का इस्तेमाल करके बंगाल चुनाव नहीं जीत पाएगी, टीएमसी को 226 से अधिक सीटें मिलेंगी।

**खबर संक्षेप**

### गिर में शेर का किया गया सफल रेस्क्यू

**गिर।** गुजरात के गिर क्षेत्र नवाबंदर में एक शेर कुएं में गिरा, जिसे वन



विभाग की टीम ने रस्सी और पिंजरे के सहारे घंटों की मशक्कत के बाद सफलतापूर्वक बचाया। करीब एक घंटे तक यह ऑपरेशन चला। ऐसे जानवरों को जसाधर एनिमल केयर सेंटर ले जाया जाता है।

### खेड़ा केस में सुप्रीम कोर्ट पहुंची असम पुलिस

**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई



अग्रिम जमानत के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। यह जमानत तेलंगाना हाई कोर्ट ने उस मामले में दी थी, जो असम में दर्ज है। हाईकोर्ट ने खेड़ा को एक हफ्ते की अग्रिम जमानत दे दी है। कोर्ट ने खेड़ा को एक हफ्ते का समय दिया

### लालू पर एफआईआर रद्द नहीं, पेशी से मिली छूट

**नई दिल्ली।** जमीन के बदले



नौकरी घोटाले के मामले में आरजेडी के प्रमुख लालू प्रसाद यादव को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने रोक लगाने की उनकी मांग को खारिज कर दिया है। लालू को व्यक्तिगत पेश होने से छूट दी है।

नए मुख्यमंत्री की शपथ की राजभवन में तैयारियां शुरू

# कल होगा बिहार में नई सरकार का गठन पर्यवेक्षक शिवराज करेंगे नेता का ऐलान

## सोमवार को सीएम नीतीश और डिप्टी सीएम सम्राट में हुई हाईलेवल बैठक

एजेंसी ▶▶ पटना

बुधवार को बिहार में नए मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। पार्टी दफ्तार से लेकर राजभवन तक इसकी तैयारी चल रही है। सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी की नीतीश के आवास पर हाईलेवल मीटिंग चली। इसमें जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, ललन सिंह, बिजेंद्र यादव, विजय चौधरी, श्रवण कुमार, जमा खान मौजूद थे। इसमें 14 अप्रैल को होने वाली एनडीए की विधायक दल की बैठक और जदयू कोटे से बनने वाले मंत्री और निशांत कुमार को लेकर बातचीत हुई। बैठक खत्म होने के बाद बाहर निकले मंत्री जमा खान ने साफ कहा कि 15 अप्रैल को ही नई सरकार का शपथ ग्रहण होगा। इसकी तैयारी चल रही है। मुख्यमंत्री नीतीश के आवास से निकलने के बाद बाद ललन सिंह और संजय झा ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के आवास पर जाकर बैठक की। यहां पर नेताओं के बीच नए मंत्रिमंडल पर बाचतीत की।

प्रधानमंत्री भी समारोह में होंगे शामिल



गुफ्तगू करते उप मुख्यमंत्री सम्राट और सिन्हा

**आज नीतीश की आखिरी बैठक**

सचिवालय की ओर से मंत्रिपरिषद की बैठक की तारीख और भी जारी कर दी गई है। 14 अप्रैल को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश की अध्यक्षता में मंत्रि परिषद की बैठक होगी।

### भाजपा की बैठक के बाद एनडीए के विधायक दल की मीटिंग

जेडीयू के वरिष्ठ नेता संजय झा और विजय चौधरी की ओर से पिछले 24 घंटे में जो बयान जारी किया गया है, उससे साफ लग रहा है कि मुख्यमंत्री के नाम पर जदयू कोई खास लेना देना नहीं है। जदयू का स्पष्ट कहना है कि मुख्यमंत्री भाजपा को ही तय करनी है। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने साफ कहा कि 14 अप्रैल को पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक होगी। इसके बाद सरकार के गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

### लोकभवन की सुरक्षा कड़ी की गई

पटना जिला प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट, अणे मार्ग, लोकभवन की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पटना में डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम को लोकभवन बुलाया गया था। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की। डीएम को कई दिशा निर्देश दिए गए हैं।केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आने के बाद पीएम नरेंद्र मोदी भी पटना आ सकते हैं। पीएम मंगलवार शाम को पटना आएंगे। वे लोक भवन में रुकेंगे। नई सरकार के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे।

आज होंगी अहम बैठकें

### 2 बजे जेडीयू की तो 3 बजे भाजपा विधायक दल की होगी बैठक

बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री को चुनने का रोडमैप फाइनल हो गया है। एनडीए विधायक दल का नया नेता सीएम बनेगा और अपने नाम पर गठबंधन से मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास जाकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगा या करेगी। जेडीयू के अध्यक्ष और मौजूदा सीएम नीतीश कुमार दोपहर 2 बजे सीएम आवास पर जेडीयू विधायक दल की बैठक करेंगे। इस बैठक में नीतीश की जगह पर पार्टी किसी नए नेता को चुनेगी।

### शिवराज की देखरेख में होगी नाम की घोषणा

भाजपा के पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह



चौहान भाजपा विधायक दल की बैठक में नेता के नाम का ऐलान करेंगे। शाम 4 बजे बिहार विधानमंडल के सेंट्रल हॉल में एनडीए विधायक दल की मीटिंग होगी। इस बैठक में एनडीए के विधायक नीतीश की जगह लेने वाले नए नेता यानी नए मुख्यमंत्री को चुनेंगे।

### बुधवार को होगा शपथ ग्रहणः जमा खान

नीतीश के करीबी मंत्री जमा खान ने पटना में कहा कि



लगभग सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। हमारे नेता का जो निर्णय होगा बिहार के अंदर वही होगा। मंगलवार को कैबिनेट की बैठक है। इसके साथ ही बुधवार को उम्मीद है कि शपथ ग्रहण होगा।

सुप्रीम कोर्ट फर्जी मतदान पर सख्त

# बायोमीट्रिक सिस्टम से मतदान पर केंद्र-ईसी से मांगा जवाब



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को मतदान से पहले मतदाताओं की बायोमीट्रिक और फेस रिकग्निशन पहचान लागू करने की मांग वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया। यह याचिका भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दायर की है। सीजेआसई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने मामले पर चुनाव आयोग और केंद्र से जवाब मांगा। अदालत ने यह भी कहा कि ऐसी व्यवस्था लागू करने के लिए नियमों में बदलाव की जरूरत होगी और इससे सरकारी खजाने पर बड़ा वित्तीय बोझ भी पड़ सकता है। उपाध्याय ने कहा कि इस व्यवस्था को लागू करने के लिए राज्यों का सहयोग भी जरूरी होगा।

### चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और निष्पक्षता प्रभावित हो रही

याचिका में कहा गया है कि रिश्वत, अनुचित प्रभाव, फर्जी पहचान , डुप्लीकेट वोटिंग और घोस्ट वोटिंग जैसी समस्याएं अब भी चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता और निष्पक्षता को प्रभावित कर रही हैं, जिससे नागरिकों को व्यापक नुकसान होता है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में केंद्र, चुनाव आयोग और संबंधित राज्यों के जवाब मिलने के बाद आगे की सुनवाई करेगा।

### पीठ ने बजट और सहयोग पर ईसी का पक्ष मांगा

पीठ ने कहा कि पहले चुनाव आयोग इस पर अपना रुख स्पष्ट करे। अगर राज्य सहयोग नहीं करते या वित्त मंत्रालय बजट मंजूर नहीं करता, तब अदालत का रुख किया जा सकता है। बाद में अदालत इस मामले की सुनवाई के लिए तैयार हो गई। आगामी चुनावों में इस व्यवस्था को लागू नहीं किया जा सकता, लेकिन भविष्य के चुनावों के लिए विचार किया जा सकता है।

### 'सूची के बाहर' नहीं कर पाएंगे मतदान

कोर्ट ने कहा कि बंगाल में चुनावों के नतीजों पर तब तक कोई दखल नहीं होगी, जब तक की हार-जीत का अंतर एसआईआर के दौरान बाहर किए गए लोगों की संख्या से कम न हो। मतदाता दो संस्थाओं के बीच पिस रहे हैं। कोर्ट ने सोमवार को साफ-साफ कहा कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के खिलाफ अपील लंबित है, उन्हें आगामी पश्चिम बंगाल चुनाव में मतदान करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

महिला आरक्षण मुद्दा ही नहीं, यह पहले ही संसद में सर्वसम्मति से पारित हो चुका

# महिला आरक्षण की आड़ में गलत परिसीमन करना और जातिगत गणना से बचना चाह रही मोदी सरकारः कांग्रेस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा कि मोदी सरकार महिला आरक्षण के पीछे छुपकर 'शकुनी चाल' चल रही है, ताकि वह देश में गलत परिसीमन कर सके और उसे जातिगत जनगणना न करानी पड़े। कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी के लेख का हवाला देते हुए कहा कि परिसीमन के जरिए छोटे और परिवार नियोजन के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले राज्यों को पूर्ण या तुलनात्मक रूप से कोई



नुकसान नहीं होना चाहिए। लेकिन मोदी सरकार जनगणना के आंकड़ों के बिना जो परिसीमन करने जा रही है, वह गलत तरीका होने के साथ-साथ खतरनाक है। इससे उत्तर-दक्षिण राज्यों के बीच विभाजन भी पैदा होगा। उन्होंने कहा कि परिसीमन का मतलब सिर्फ सीटें बढ़ाना नहीं है, बल्कि न्यायसंगत प्रतिनिधित्व देना है।

### किस आधार पर होगा सीटों का आरक्षण?

उन्होंने कहा कि 2011 में आखिरी जनगणना हुई थी और फिर 2021 में अगली जनगणना होनी थी, लेकिन यह 5 साल पीछे चल रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना जनगणना के आंकड़ों के परिसीमन कैसे किया जा सकता है? जिन-जिन राज्यों में एसआईआर हो रहा है, वहां लाखों-करोड़ों लोगों के नाम कटे हैं, यानी सरकार मान रही है कि अलग-अलग जगहों पर जनसंख्या के आंकड़े बदल रहे हैं। ऐसे में किस आधार पर परिसीमन किया जाएगा? सरकार कैसे फैसला लेगी कि एससी-एसटी आरक्षित सीटें कौन सी होंगी? इसके पूरे आंकड़े अगले साल 2027 तक उपलब्ध हो जाएंगे?

बेटे आनंद ने निभाईं रस्में, अंतिम दर्शन को लगा रहा लोगों का तांता

# आशा ताई पंचतत्व में विलीन, अंतिम विदाई में उमड़ा सैलाब

## सीएम फडणवीस समेत कई दिग्गज भी पहुंचे

एजेंसी ▶▶ दादर

दिग्गज गायिका आशा भोसले के अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर तमाम फिल्मी कलाकारों और राजनेताओं का आना-जाना लगा रहा। गायिका को राजकीय सम्मान दिया गया। इसके बाद आशा ताई अपने अंतिम सफर पर निकलीं। सफेद और पीले रंग के फूलों से उनका मोक्ष रथ सजाया गया। दादर के शिवाजी पार्क में उनका अंतिम संस्कार किया गया। एआर रहमान से लेकर सचिन तेंदुलकर, तब्बू, राकेश रोशन, राकेश रोशन, सिंगर्स सुदेश भोसले, जावेद अली और नितिन मुकेश समेत नील नितिन मुकेश पहुंचे। उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटा गया। बेटे आनंद भोसले ने आशा भोसले को मुखाग्नि दी और इस दौरान वे टूट गए।

**पोस्टर और फूलों से सजा शिवाजी पार्क**



### सीएम फडणवीस ने परिवार को ढांढस बंधाया

ताई के अंतिम संस्कार के बाद महाराष्ट्र सीएम देवेंद्र फडणवीस



उनकी पोती और परिवार से मिले। राज ठाकरे ने भी उनके परिवार से मुलाकात की। गायक शान, अभिनेता विवेक ओबेरॉय, निर्देशक रमेश सिप्पी और अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरे ने आशा ताई को श्रद्धांजलि दी।

### मुंबई पुलिस ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

गायिका आशा भोसले को मुंबई पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।




### तेंदुलकर नहीं रोक सके अपने आंसू



ताई के देहांत पर विश्व के महानतम क्रिकेटर्स में शुमार सचिन तेंदुलकर फूट-फूटकर रोने लगे। सचिन की बीवी अंजलि भी मौजूद थीं। सचिन ने भावुक संदेश में बताया कि वे गायिका को उनके गीतों के माध्यम से हमेशा याद रखेंगे।

अमेरिका की धमकियों पर तेहरान ने किया पलटवार कहा

# ईरान पोर्ट को निशाना बनाया तो इलाके का कोई बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा



## ईरान बोला- खाड़ी के बंदरगाह या तो सबके लिए या किसी के लिए नहीं

### अमेरिका ने ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी शुरू की

### ईरान संग खुलकर आया चीन, ट्रंप ने चेताया, कहा हमारे मामले में दखल नहीं

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन/तेहरान

इस्लामाबाद में शांति वार्ता असफल होने के बाद अमेरिका लगातार ईरान को धमका रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार धमकियां दे रहे हैं। उनकी धमकियों पर ईरान ने भी पलटवार किया है। तेहरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर उसके बंदरगाहों को निशाना बनाया गया, तो फारस की खाड़ी और ओमान सागर में कोई भी पोर्ट सुरक्षित नहीं रहेगा।

ईरान की सेना और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) ने कहा कि क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। अगर सुरक्षा सबके लिए नहीं होगी, तो किसी के लिए भी नहीं होगी। वहीं, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने घोषणा की है कि अमेरिका सोमवार से ईरान के बंदरगाहों और तटीय इलाकों पर नाकाबंदी (ब्लॉकेड) लागू करने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत ईरान के बंदरगाहों में आने-जाने वाले सभी देशों के जहाजों पर नजर रखी जाएगी और उन्हें रोका जा सकता है। हालांकि, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले वे जहाज जो ईरान के अलावा अन्य देशों के बंदरगाहों के बीच सफर कर रहे हैं, उन्हें आने-जाने की इजाजत दी जाएगी। वहीं ट्रंप ईरान को लेकर धड़ाधड़ एक्शन लेते नजर आ रहे हैं और उनके ज्यादातर फैसलों से न सिर्फ ईरान, बल्कि चीन भी प्रभावित हो रहा है। चीन द्वारा ईरान को सैन्य हथियारों की मदद करने से जुड़े इंटेल के बाद बीते दिनों डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा बयान दिया था और कहा था कि चीन द्वारा ईरान की सैन्य मदद करने से जुड़े सवाल पर ट्रंप ने कहा था कि, इसके परिणाम गंभीर होंगे. मुझे शक है कि वे ऐसा करेंगे, अगर हमने उन्हें ऐसा करते हुए पकड़ लिया, तो उन पर 50 प्रतिशत का टैरिफ लगेगा, जो कि सचमुच एक बहुत बड़ी रकम है।

- **चीन को धमकी** : ट्रंप ने चीन को साफ चेतावनी दी है कि अगर उसने ईरान की सैन्य मदद की, तो अमेरिका उस पर 50% तक भारी टैरिफ लगा देगा।
- **होर्मुज की नाकाबंदी** : ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी नौसेना होर्मुज स्ट्रेट में नाकाबंदी करेगी और ईरान को टोल देने वाले जहाजों को भी रास्ते में रोक लिया जाएगा।
- **ईरान ने टोल मांगा** : ईरान ने दावा किया कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह उसके कंट्रोल में है और वहां से गुजरने वाले जहाजों को रियाल में टोल देना जरूरी होगा।
- **50 लोग गिरफ्तार** : ईरान में करीब 50 लोगों को जासूसी के आरोप में पकड़ा गया है, जिन पर अमेरिका और इजराइल को संवेदनशील जानकारी देने का आरोप है।

### ट्रंप का दावा- अब तक 158 ईरानी जहाज तबाह किए

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि नाकेबंदी का मकसद ईरान की तेल बिक्री रोकना है। ट्रंप के मुताबिक, कई अन्य देश भी इस प्रयास में अमेरिका का साथ दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि ईरान की सैन्य ताकत को भारी नुकसान हुआ है और उसकी नौसेना लगभग खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 158 जहाज तबाह किए जा चुके हैं। इस बीच वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान में हुई वार्ता के विफल होने के बाद अमेरिका ईरान पर दोबारा सैन्य हमले करने पर भी विचार कर रहा है। व्हाइट हाउस ने साफ किया है कि सभी विकल्प खुले हैं और हालात के हिसाब से आगे का फैसला लिया जाएगा।

### नाकाबंदी से पहले ईरान से जुड़े दो तेल टैंकर होर्मुज से निकले

ईरान से जुड़े दो तेल टैंकर अमेरिका की संभावित नाकाबंदी से पहले फारस की खाड़ी से बाहर निकल गए हैं। ये दोनों जहाज होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते बाहर निकेल। रिपोर्टस के मुताबिक, ऑरोरा नाम का टैंकर ईरान के ऑयल प्रोडक्ट लेकर जा रहा था। वहीं न्यू फ्यूचर नाम का दूसरा टैंकर डीजल लेकर जा रहा है। अमेरिका ईरान के बंदरगाहों और समुद्री इलाकों पर नाकाबंदी करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में इन टैंकरों को जल्दी बाहर निकाल लिया गया ताकि किसी रोक या कार्रवाई से बचा जा सके।

## चीन : हमारे जहाज होर्मुज से आ-जा रहे



अब चीन ट्रंप की धमकियों के बीच खुलकर ईरान के साथ खड़ा नजर आ रहा है। होर्मुज पर नाकाबंदी की घोषणा के बाद ड्रैगन ने ईरान का समर्थन किया है और अमेरिका को बड़ी चेतावनी भी दी है। ट्रंप के कदम पर प्रतिक्रिया देते हुए चीनी रक्षा मंत्री डोंग जून ने कहा कि, बीजिंग दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध है और मध्य पूर्व की स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने आगे सख्त लहजे में कहा कि, हमारे जहाज होर्मुज स्ट्रेट में लगातार आ-जा रहे हैं। ईरान के साथ हमारे व्यापारिक और ऊर्जा समझौते हैं। हम उनका सम्मान करेंगे और उम्मीद करते हैं कि कोई और हमारे मामलों में दखल न दे. होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल है और यह हमारे लिए खुला है। दुनिया की तेल जरूरतों को पूरा के लिए सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर नाकाबंदी को लेकर अमेरिका ने कदम पाकिस्तान में हुई वार्ता के बेनतीजा निकलने के बाद उठाया है। इस नाकाबंदी से चीन की एनर्जी सप्लाई बुरी तरह प्रभावित हो सकती है, क्योंकि चीन, ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। ऐसे में होर्मुज में शिपमेंट से जुड़ी किसी भी तरह की रुकावट से न सिर्फ ईरान के रेवेन्यू को चोट लगेगी, बल्कि चीन की तेल सप्लाई में बड़ी परेशानी पेश आ सकती है, जो चीन इकोनॉमी के लिए अच्छी नहीं है। यही कारण है कि ट्रंप की धमकी के बाद चीन बौखलाया नजर आ रहा है।

## ट्रंप पर भड़के पोप ने कहा-मैं राजनेता नहीं हूं



पोप लियो 14 ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी तरह की बहस से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनका काम राजनीति करना नहीं, बल्कि दुनिया में शांति का संदेश देना है। दरअसल, हाल ही में ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखकर पोप लियो की आलोचना की थी। उन्होंने पोप को कमजोर और विदेश नीति के लिए खराब बताया था। सोमवार को अफ्रीका के अल्जीरिया दौरे के दौरान पोप लियो 14 ने पत्रकारों से कहा- मैं कोई राजनेता नहीं हूं और मेरा ट्रंप से बहस करने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका मुख्य काम दुनिया में शांति को बढ़ावा देना है। पोप लियो ने हाल ही में ईरान युद्ध पर चिंता जताई थी। उन्होंने कहा था कि दुनिया में बढ़ती आक्रामकता और ताकत का घमंड खतरनाक है और इससे बचने के लिए प्रार्थना और शांति जरूरी है। पोप लियो ने कहा है कि वह युद्ध के खिलाफ अपनी आवाज उठाना जारी रखेंगे, भले ही उन्हें आलोचना का सामना करना पड़े।

### लेबनान और इजराइली सेना के बीच हमले जारी

लेबनान के उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने इजराइल के कई ठिकानों और बस्तियों पर एक साथ कई हमले किए हैं। हिजबुल्लाह के मुताबिक, उसके लड़ाकों ने मिसगव आम बस्ती को निशाना बनाया। इसके अलावा, कफर गिलादी में इजराइली सैनिकों पर हमला किया गया। संगठन ने यह भी कहा कि उसने जारित इलाके में मौजूद इजराइली सैन्य बैरक को भी निशाना बनाया। वहीं दूसरी तरफ इजराइल की सेना ने कहा कि उसने दक्षिण लेबनान के बिन्त जबील इलाके में ग्राउंड ऑपरेशन शुरू कर दिया है।

## होर्मुज संकट के बीच तेहरान से आई खुशखबरी 7 साल बाद भारत पहुंचा ईरानी कच्चा तेल

## टैंकर में करीब 20 लाख बैरल तेल

अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर चल रही तनातनी के बीच ईरान से भारत के लिए बड़ी राहत आई है। करीब सात साल के बाद ईरान का कच्चा तेल फिर से भारत पहुंचा है। शिप ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, दो बड़े सुपरटैंकर भारत के पूर्वी और पश्चिमी तट पर पहुंचे हैं, जो ईरानी कच्चा तेल लेकर आए हैं। जानकारी के मुताबिक 'फेलिसिटी' नाम का एक बहुत बड़ा क्रूड कैरियर, जिसे नेशनल ईरानियन टैंकर कंपनी ऑपरेट करती है, रविवार देर रात गुजरात के सिका तट के पास पहुंचा। इस टैंकर में करीब 20 लाख बैरल कच्चा तेल है, जिसे मार्च के बीच में खार्ग द्वीप से लोड किया गया था। वहीं दूसरा टैंकर 'जया' ओडिशा के पारादीप तट के पास पहुंचा है। उसमें भी लगभग इतनी ही मात्रा में कच्चा तेल है। इसे फरवरी के आखिर में खार्ग द्वीप से लोड किया गया था। भारत पहुंचे इन कार्गो के खरीदारों की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। पारादीप पोर्ट मुख्य रूप से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन चलाती है, जिसने पुष्टि की है कि उसने छूट के तहत कम से कम एक खेप खरीदी है। वहीं सिका क्षेत्र रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के लिए एक अहम क्रूड हैंडलिंग हब है, जहां इन कंपनियों का इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद है। बता दें कि करीब सात साल बाद भारत पहुंचे ये ईरानी तेल के पहले कार्गो हैं। इससे पहले अमेरिका ने पिछले महीने कुछ शर्तों के साथ प्रतिबंधों में राहत दी थी। एक महीने की इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद ईरानी तेल को बेचने की इजाजत दी गई थी, ताकि वैश्विक ईंधन सप्लाई में कमी ना आए और कीमतें काबू में रहें। हालांकि, बीते शनिवार को पाकिस्तान में शांति वार्ता टूटने के बाद अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी की घोषणा कर दी है, जिससे ईरान को तेल निर्यात से हो रही आय को सीमित किया जा सके।

### ईरान से बड़ी मात्रा में तेल खरीदता था भारत

गौरतलब है कि इससे पहले भारत ईरान से बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदता था। रिफाइनरी के लिए अनुकूल होने के कारण ईरानी 'लाइट' और 'हेवी' ग्रेड की काफी मांग थी। 2018 में भारत ने रोजाना करीब 5.18 लाख बैरल ईरानी तेल खरीदा था, जो जनवरी से मई 2019 के बीच घटकर 2.68 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया था। इसके बाद मई 2019 से आयात पूरी तरह बंद हो गया था। उस समय भारत के कुल तेल आयात में ईरानी तेल की हिस्सेदारी 11.5 प्रतिशत तक थी।

## फ्रांस-यूके होर्मुज में नौसैनिक मिशन पर चर्चा करेंगे

*फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि फ्रांस और ब्रिटेन मिलकर होर्मुज स्ट्रेट में नौसैनिक मिशन पर चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में ब्रिटेन और अन्य देशों के साथ एक कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी, जिसमें समुद्री सुरक्षा पर चर्चा होगी। मैक्रों ने साफ किया कि यह मिशन पूरी तरह रक्षात्मक होगा और युद्ध में शामिल पक्षों से अलग रहेगा। इस बहुराष्ट्रीय पहल का होर्मुज में जहाजों की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही बहाल करना है। उन्होंने कहा कि हालात अनुकूल होते ही इस मिशन को तैनात किया जाएगा।*


### जर्मनी में पेट्रोल सस्ता होगा,2 महीने टैक्स कटौती

*जर्मनी में पेट्रोल और डीजल सस्ता होने जा रहा है। सरकार ने दो महीने के लिए ईंधन पर टैक्स घटाने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पेट्रोल और डीजल पर करीब 17 यूरो सेंट प्रति लीटर तक टैक्स कम किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह कदम ऊर्जा संकट से प्रभावित आम लोगों और कारोबार को राहत देने के लिए उठाया गया है। टैक्स कटौती से ईंधन की कीमतों में कमी आएगी, जिससे ट्रांसपोर्ट और रोजमर्रा के खर्च पर असर कम पड़ेगा।*

### भारत से ईरान को दूसरी खेप में मेडिकल मदद भेजी

*भारत की ओर से भेजी गई मेडिकल सहायता की दूसरी खेप ईरान के रेड क्रिसेंट सोसायटी को रवाना की गई है। ईरान के राजदूत ने भारतीय नागरिकों का धन्यवाद करते हुए उनकी मदद को मानवीय सहयोग बताया गया है। इस बीच दूतावास ने जानकारी दी है कि दान के लिए इस्तेमाल हो रहा उसका बैंक अकाउंट अब चालू नहीं है। अब लोग हैदराबाद स्थित ईरानी कांसुलेट में जाकर नकद दान कर सकते हैं।*

### ट्रंप ने कहा-चीन पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे



*वाशिंगटन। पाकिस्तान में शनिवार को शांति वार्ता विफल हुई तो जैसे डोनाल्ड ट्रंप के मंसूबे पूरे नहीं हुए लगते हैं। ऐसा इसलिए लगता है क्योंकि, उन्होंने धमकियों का सिलसिला फिर से शुरू कर दिया है। चीन को भी निशाने पर लिया है। वह उन रिपोर्ट्स पर अपना रिएक्शन दे रहे हैं, मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार चीन पिछले बुधवार को शुरू हुए दो सप्ताह के सीजफायर के बीच अमेरिका को खेप भेजने की तैयारी कर रहा है। ट्रंप अगले महीने चीन का दौरा करेंगे, ऐसे में उन्होंने कहा कि मुझे शक है कि वे ऐसा करेंगे, लेकिन अगर हमने उन्हें ऐसा करते हुए पकड़ लिया, तो उनपर हम 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाएंगे। यह एक बड़ी रकम है।*

## खबर संक्षेप

### ईरान-अमेरिका तनाव और कनाडा का बड़ा फैसला



**टोरंटो।** ईरान और अमेरिका के बीच दो सप्ताह का संघर्ष विराम जारी है, हालांकि पाकिस्तान में हुई द्विपक्षीय वार्ता बेनतीजा रही। इसी बीच कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अमेरिका को झटका देते हुए घोषणा की है कि कनाडा अब अपने रक्षा बजट का 70% अमेरिकी कंपनियों पर खर्च नहीं करेगा। इस कदम का उद्देश्य घरेलू रक्षा उद्योग को मजबूत करना और यूएस पर निर्भरता कम करना है।

### आज बैसाखी पर खुलेंगे मचैल माता के कपाट



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में स्थित प्रसिद्ध मचैल माता धाम के कपाट आज बैसाखी के पावन पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। तीन महीने के शीतकालीन अवकाश के बाद माता चंडी की मूर्ति को शोभायात्रा के साथ मुख्य दरबार में पुनः विराजमान किया जाएगा। आधिकारिक मचैल यात्रा 25 जुलाई से शुरू होगी। जिला प्रशासन तैयारियों में जुट गया है।

### अलकायदा के 3 आतंकियों को उम्रकैद की सजा



**लखनऊ।** देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने और उत्तर प्रदेश में ब्लास्ट करने के लिए हथियार और विस्फोटक एकत्र करने का षड्यंत्र रचने के आरोपी अलकायदा के सहयोगी संगठन अंसार गजवातुल हिन्द के आतंकी मुशीरुद्दीन, मिनहाज और तौहीद को दोषी करार देते हुए एनआईए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश जैनेन्द्र कुमार पांडेय ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है।

## विदेश मंत्रालय ने दी वर्तमान हालात पर जानकारी

# पीएम मोदी के निर्देश पर भारत खाड़ी के देशों से संबंध मजबूत कर रहा

भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत हुई

20,400 मीट्रिक टन एलपीजी से भरा भारतीय जहाज होर्मुज से गुजरा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के साथ ईरान की वार्ता विफल होने के बाद विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत की कूटनीति पर अहम जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के निर्देशों का पालन करते हुए, हम खाड़ी देशों से अपने संबंध मजबूत कर रहे हैं। इसी के अनुरूप, विदेश मंत्री ने 11 से 12 अप्रैल, 2026 तक संयुक्त अरब अमीरात का दौरा किया था। विदेश मंत्री ने संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति से मुलाकात की और प्रधानमंत्री की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए देश में हमारे समुदाय के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारत-संयुक्त अरब अमीरात व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उनके मार्गदर्शन के लिए भी धन्यवाद दिया।



रणधीर जायसवाल

### फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित

वहीं, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने भी एक अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फिलहाल, फारस की खाड़ी क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं। पिछले 24 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों से जुड़ी कोई घटना दर्ज नहीं की गई है। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी पोत जग विक्रम 11 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा। पोत में लगभग 20,400 मीट्रिक टन एलपीजी भरी हुई है और इसमें 24 नाविक सवार हैं। इसके 14 अप्रैल को कांडला पहुंचने की उम्मीद है।

### घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य

*इसके अलावा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एलपीजी सिलेंडर को लेकर ताजा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर दी गई है और वर्तमान में घरेलू एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है। किसी भी वितरक के पास गैस की कमी (सूखापन) की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। ऑनलाइन बुकिंग की स्थिति भी लगभग 99% तक पहुंच गई है। इसके अतिरिक्त, अवैध उपयोग को रोकने के लिए, ओटीपी आधारित एलपीजी वितरण प्रणाली लागू की गई है। इस प्रक्रिया में, ओटीपी केवल उपभोक्ता के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजा जाता है। इसलिए, यदि उपभोक्ता इस कोड को किसी और के साथ साझा नहीं करता है, तो यह सुरक्षित रहता है और किसी अन्य व्यक्ति द्वारा इसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है।*

### तेल कंपनियों ने न्यूनतम स्टॉक सीमा निर्धारित की

*इसके अलावा, तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) ने वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए, प्रत्येक क्षेत्र के लिए न्यूनतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है, जो 85% से 90% के बीच है। इस स्तर से ऊपर वितरण अनुमोदन (डीएसी) को दरकिनार करने के लिए केवल राज्य प्रमुख या क्षेत्र-स्तरीय अधिकारियों की अनुमति आवश्यक है।*

## आत्मनिर्भर भारत को लगे 'पंख'

# देश में ही रिपेयर होंगे तेजस के इंजन, जीई एयरोस्पेस के साथ वायुसेना का हुआ करार

### मेक इन इंडिया पहल से रक्षा रखरखाव क्षमता होगी मजबूत

### भारतीय वायुसेना करेगी संचालन, जीई देगा तकनीकी सहायता

तेजस एफ 404-आईएन 20 इंजन के लिए भारत में बनेगा मरम्मत डिपो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मेक इन इंडिया पहल को मजबूती देते हुए अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस ने सोमवार को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के साथ एक नया समझौता किया है। इसके तहत भारत में एफ404-आईएन20 इंजन के लिए रिपेयर और मेंटेनेंस सुविधा (डिपो) स्थापित की जाएगी, जो एचएएल के तेजस फाइटर जेट को शक्ति प्रदान करते हैं। यह नई सुविधा भारत में ही बनाई जाएगी और इसका संचालन भारतीय वायु सेना करेगी, जबकि जीई एयरोस्पेस तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। इस कदम का उद्देश्य भारत की स्वदेशी रक्षा मेंटेनेंस क्षमता को मजबूत करना और दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करना है। जब यह सुविधा चालू हो जाएगी, तो इंजन की मरम्मत और रखरखाव में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा, जिससे तेजस फाइटर जेट की उपलब्धता बेहतर होगी। समझौते के तहत यह डिपो पूरी तरह से भारतीय वायु सेना के स्वामित्व और संचालन में रहेगा। वहीं जीई एयरोस्पेस तकनीकी विशेषज्ञता, प्रशिक्षण, सपोर्ट स्टाफ और जरूरी स्पेयर पार्ट्स व विशेष उपकरण उपलब्ध कराएगा। जीई एयरोस्पेस की डिफेंस एंड सिस्टम्स सेल्स और बिजनेस डेवलपमेंट की वाइस प्रेसिडेंट रीटा फ्लेहर्टी ने कहा कि यह साझेदारी भारत की सशस्त्र सेनाओं को मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।




एआई इमेज

## नेपाल सीमा तक हाइवे दौड़ाने जा रही दिल्ली

# भारत की तरफ झुकेंगे पीएम बालेन शाह या चीन के चक्कर में देंगे गच्चा?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के पड़ोसी देश नेपाल में नए चुने गए प्रधानमंत्री बालेन शाह ने सत्ता में आते ही 17 देशों के राजदूतों से काठमांडू में मुलाकात की। इसमें भारत, चीन, अमेरिका, जापान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, कतर और संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर भी थे। इसी के साथ ही यह कयास लगने शुरू हो गए कि बालेन शाह सरकार की विदेश नीति कैसी होगी? खासतौर पर भारत के प्रति। बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी नई होने की वजह से ये कयास लगाए जा रहे हैं कि नेपाल का झुकाव भारत या चीन में से किस तरफ होगा? इस बीच, भारत ने



नेपाल सीमा तक हाइवे दौड़ाने का भी प्लान कर लिया है। भारत के सड़क एवं राजमार्ग परिवहन मंत्रालय ने कहा है कि केंद्रीय कैबिनेट ने 4 लेन की बाराबंकी-बहराइच सड़क बनाए जाने को मंजूरी दी है, जो नेशनल हाइवे-927 का हिस्सा होगा। यह रास्ता भारत और नेपाल के संबंधों को और मजबूती देगा। भारत इस वक्त नेपाल का सबसे बड़ा कारोबारी पार्टनर है।

## ड्रोन और हल्के विमानों की उड़ान क्षमता और संचालन में होगा सुधार

# उत्तर भारत में पहली बार बनेगा विमान इंजन टेस्टिंग केंद्र, ब्रिटिश कंपनी के साथ मिलकर परियोजना शुरू

यह तकनीक कम दूरी या लगभग वर्टिकल टेक-ऑफ की सुविधा देगी

आपदा राहत मेडिकल इवैक्यूएशन ड्रोन लॉजिस्टिक्स होगी हाईटेक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में उन्नत विमानन तकनीक को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट बोर्ड (टीडीबी), विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) ने गुरुग्राम स्थित केसी एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया है। यह समझौता बूस्ट इलेक्ट्रिक जंप टेक-ऑफ (बीई-जेटीओ) परियोजना के तहत किया गया है, जिसे भारत-यूके इंडस्ट्रियल सस्टेनेबिलिटी सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत यूके की एआरसी एयरोसिस्टम्स लिमिटेड के साथ मिलकर विकसित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए टीडीबी ने सशर्त अनुदान स्वीकृत किया है। इसका मुख्य उद्देश्य हाइब्रिड प्रोपल्शन आधारित



एआई इमेज

जंप टेक-ऑफ (जेटीओ) सिस्टम विकसित करना है, जिससे ड्रोन और हल्के विमानों की उड़ान क्षमता और संचालन में बड़ा सुधार हो सके। यह तकनीक कम दूरी या लगभग वर्टिकल टेक-ऑफ की सुविधा देगी, जिससे दुर्गम और दूरदराज इलाकों में भी आसानी से संचालन संभव होगा। टीडीबी के सचिव राजेश कुमार पाठक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सहयोग के जरिए इस तरह के अनुसंधान एवं विकास कार्यक्रम रणनीतिक क्षेत्रों में नई तकनीकों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि हाइब्रिड प्रोपल्शन और एडवांस टेक-ऑफ सिस्टम भारत की ड्रोन और क्षेत्रीय हवाई सेवाओं की क्षमता को मजबूत करेंगे और टिकाऊ विमानन समाधान को बढ़ावा देंगे। वहीं, केसी एविएशन के प्रमोटर्स ने इस सहयोग के लिए सरकार का आभार जताया और कहा कि इस परियोजना से उनकी तकनीक को वास्तविक परिस्थितियों में परीक्षण का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य के लिए स्केलेबल और उन्नत विमानन समाधान विकसित करने में तेजी आएगी।

### अत्याधुनिक टेस्ट-बेंच सुविधा स्थापित होगी

*परियोजना के तहत उत्तर भारत में एक अत्याधुनिक टेस्ट-बेंच सुविधा स्थापित की जाएगी, जहां रोटरक्राफ्ट प्रोपल्शन सिस्टम का परीक्षण और अनुकूलन किया जाएगा। यह सुविधा न केवल कंपनी के लिए बल्कि स्टार्टअप्स और अन्य डेवलपर्स के लिए भी उपयोगी साबित होगी, जो एडवांस्ड एरियल मोबिलिटी और ड्रोन तकनीक पर काम कर रहे हैं। इस तकनीक के इस्तेमाल से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, आपदा राहत, मेडिकल इवैक्यूएशन, ड्रोन लॉजिस्टिक्स और निगरानी जैसे क्षेत्रों में बड़े बदलाव की उम्मीद है। खासकर उन इलाकों में जहां पारंपरिक विमान संचालन मुश्किल होता है, वहां यह तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।*

## नरेला में विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता को लेकर मंत्री सारंग ने अधिकारियों के साथ की बैठक

# मानसून से पहले सड़क और सीवेज सहित बुनियादी ढांचों को दुरुस्त करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नरेला विधानसभा क्षेत्र के जोन-11 और जोन-12 में विकास कार्यों की गति और गुणवत्ता को लेकर मंत्री विश्वास सारंग ने सोमवार को नगर निगम, राजस्व एवं विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक ली। बैठक में मंत्री सारंग ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय-सीमा में, उच्च गुणवत्ता के साथ और जनता को बिना असुविधा दिए पूरे किए जाएं।



मंत्री सारंग ने अमृत 2.0 के अंतर्गत चल रहे सीवेज प्रोजेक्ट को लेकर निर्देश दिए कि शेष कार्य में तेजी लाई जाए और सितंबर की समय-सीमा से पहले ही कार्य पूर्ण करने का प्रयास किया जाए।

विशेष रूप से मानसून को ध्यान में रखते हुए कहा गया कि खुदाई और निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए, ताकि बारिश के दौरान सड़कों और कॉलोनियों में जलभराव या परेशानी की स्थिति न बने।

### खराब सड़कों के कारण जनता को परेशानी हुई तो जिम्मेदारी तय होगी

सड़क अधोसंरचना को लेकर मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि पूरे विधानसभा क्षेत्र की सभी सड़कों का वैज्ञानिक सर्वे कराया जाए। उन्होंने कहा कि हर सड़क के लिए रेस्टोरेशन प्लान तैयार किया जाए, यह तय किया जाए कि किस सड़क का कार्य किस बजट हेड से होगा और प्राथमिकता तय कर तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि खराब सड़कों के कारण अगर जनता को जरा भी परेशानी हुई तो फिर जिम्मेदारी तय होगी।

### बी-पैक्स सदस्यता महाभियान आज से होगा शुरू

सारंग के निर्देश पर सहकारिता विभाग द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती (14 अप्रैल, 2026) से प्रदेश में संचालित 4500 से अधिक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) में 10 लाख से अधिक किसानों को सदस्य बनाने का महा अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है। यह अभियान 15 मई तक चलेगा। बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख समितियाँ (बी-पैक्स) राज्य के ग्रामीण सहकारी तंत्र की आधारशिला हैं।

## कैबिनेट कमेटी की मंजूरी के बाद आदेश

# नरहरि बने केंद्र में जॉइंट सेक्रेटरी मध्यप्रदेश कैडर के 5 अफसरों को केंद्र में मिली अहम जिम्मेदारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



केंद्र सरकार की कैबिनेट कमेटी ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फैसला लेते हुए मप्र कैडर के पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त किया है। कैबिनेट कमेटी की मंजूरी के बाद जारी आदेशों में वर्ष 2001 बैच के प्रमुख सचिव पी. नरहरि को केंद्र में जॉइंट सेक्रेटरी बनाया गया है। नरहरि वर्तमान में मप्र के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में प्रमुख सचिव के पद पर पदस्थ हैं। फिलहाल वे पश्चिम बंगाल में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में तैनात हैं। वे वहां से वापसी के बाद केंद्र सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ लैंड रिसोर्सेज में जॉइंट सेक्रेटरी का पदभार संभालेंगे।

केंद्र सरकार से जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2009 बैच के आईएएस अफसर तेजस्वी नायक को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। नायक पहले से ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर सेवाएं दे रहे हैं। इसी कड़ी में मप्र कैडर की प्रियंका दास को नागरिक उड्डयन मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन) में जॉइंट सेक्रेटरी बनाया गया है। उनका कार्यकाल मार्च 2030 तक निर्धारित किया गया है। सुश्री दास राज्य में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाने के बाद पिछले वर्ष ही केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ की गई थीं।

### लबासना में मप्र के कई अफसरों की हुई नियुक्ति

प्रशासनिक प्रशिक्षण क्षेत्र में भी एमपी कैडर के अधिकारियों को अहम जिम्मेदारी दी गई है। श्रीमती षणमुख प्रिया मिश्रा को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में जॉइंट डायरेक्टर नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही वर्ष 2010 बैच के गणेश शंकर मिश्र को भी इसी अकादमी में जॉइंट डायरेक्टर बनाया गया है।

### केंद्रीय स्तर पर बढ़ी एमपी कैडर की पकड़

इन नियुक्तियों को केंद्र में मप्र कैडर के अधिकारियों की बढ़ती भागीदारी के रूप में देखा जा रहा है। अलग-अलग मंत्रालयों और संस्थानों में इनकी तैनाती से नीति निर्माण और प्रशासनिक कार्यों में राज्य कैडर की भूमिका और सशक्त होगी।

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने किया जेपी अस्पताल का सघन

**भोपाल।** जयप्रकाश जिला चिकित्सालय की सेवाओं का जायजा लेने सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने सोमवार को अस्पताल का निरीक्षण किया । इस दौरान एसएनसीयू, पीआईसीयू, पोषण पुनर्वास केंद्र, बच्चा वार्ड, टीकाकरण कक्ष, मेडिकल आईपीडी, सर्जिकल आईपीडी, ब्लड बैंक, इंटीग्रेटेड लैबोरेट्री, आकस्मिक चिकित्सा इकाई, आईसीयू का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डों में एसी चालू न होने पर तुरंत शुरू करवाने के निर्देश दिए। साथ ही एसएनसीयू एवं पीआईसीयू में पेस्ट कंट्रोल सिस्टम को पुख्ता करने कहा गया। सफाई सुपरवाइजर द्वारा निरीक्षण एवं रोगियों व परिजनों को पेयजल उपलब्ध करवाने निर्देशित किया गया। अस्पताल के आरएमओ एवं अस्पताल प्रबंधन को फायर सेफ्टी, पेस्ट कंट्रोल एवं इलेक्ट्रिकल ऑडिट की रिपोर्ट उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं।

### शहर में एक दर्जन स्थानों पर हुई अतिक्रमण हटाने



**भोपाल।** नगर निगम के अतिक्रमण विरोधी अमले ने सोमवार को शहर के एक दर्जन से ज्यादा स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण कर अवैध रूप से बना चबूतरा, छप्पर, आवागमन में बाधक चार पहिया वाहन, भवन निर्माण सामग्री, फुटपाथ आदि पर लगी सब्जी, दुकानों के बाहर रखा सामान, गन्ने की चरखी, ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, फोल्डिंग टेबिल, कुर्सी, स्टूल व अन्य अतिक्रमणों को हटाया और ठेला, कैरड व पन्नी सहित अन्य प्रकार का सामान जप्त किया। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर कोलार, बांसखेडी, निर्मलादेवी गेट, मंदाकिनी, फाईन एवेन्यू, डीमार्ट, भदभदा चौराहा, राहुल नगर, बोर्ड आफिस, एमपी नगर जोन-1, अयोध्या बायपास, इन्द्रपुरी भगत सिंह चौराहा, चांदबढ़, सोनिया गांधी पुलिया, प्रभात चौराहा, परिक्रमा पार्क, रायसेन रोड अप्सरा टाकीज, सेफिया कालेज, शाहजहांनाबाद गोलघर, बाग मुंशी हुसैन खां लाल मस्जिद, पीरगेट, जुमेराती, बरखेड़ी पातरा पुल, एयरपोर्ट रोड सिंगार चौली, दाता कालोनी आदि क्षेत्रों में कार्रवाई की गई।

### महिला मैनेजर के 'निजी पलों' का वीडियो वायरल, 4 पर केस दर्ज

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित एक मॉल में निजी इंश्योरेंस कंपनी की महिला ब्रांच मैनेजर का वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। मॉल में लगे सीसीटीवी कैमरे के ऑपरेटर ने उक्त वीडियो इंश्योरेंस कंपनी के कर्मचारियों को दिए थे। कर्मचारियों ने वीडियो अपने अधिकारियों को फॉरवर्ड कर दिए। कंपनी ने ब्रांच मैनेजर को नोटिस जारी कर तलब किया तो घटना का खुलासा हुआ। महिला ब्रांच मैनेजर ने घटना की शिकायत मिसरोद थाना पुलिस को की थी। पुलिस ने उक्त मामले में सीसीटीवी कैमरा ऑपरेटर, इंश्योरेंस कंपनी में कार्यरत दो कर्मचारी सहित एक पूर्व कर्मचारी पर वीडियो वायरल करने का मामला दर्ज किया है।
पुलिस के अनुसार 40 साल की महिला निजी इंश्योरेंस कंपनी में ब्रांच मैनेजर है।

## शराब दुकानों को लेकर आम नागरिकों का विरोध हो रहा तेज

**शराब माफिया की अर्थी सजाकर लगाई आग**

# लट्ठ लेकर महिलाओं ने रोका शराबियों का रास्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शराब दुकानों को लेकर विरोध तेज हो गया है। अवधपुरी के ऋषिपुरम इलाके में महिलाओं ने हाथों में लठ लेकर शराब दुकान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।
महिलाओं ने दुकान की तरफ जाने वाले रास्ते से शराबियों को जाने नहीं दिया। जिससे शराब खरीदारों को वापस लौटना पड़ा। महिलाओं का कहना है कि रहवासी इलाके में शराब दुकान नहीं चलने दी जाएगी। इधर दुकान हटाने की मांग को लेकर सुंदरकांड पाठ भी किया जा रहा है।

प्रदर्शन के दौरान शराब माफिया के विरोध में प्रतीकात्मक अर्थी भी सजाई गई। वहीं दूसरी ओर ईंटखेड़ी में भी शराब दुकान को लेकर विरोध तेज हो गया है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट ग्रामीणों के साथ दुकान के सामने धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने पहले दुकान का शटर बंद कराया और फिर वहीं टेंट लगाकर भजन-कीर्तन शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह दुकान भैंरोपुरा, कल्याणपुरा और खामखेड़ा जाने वाले मुख्य रास्ते पर स्थित है। दुकान के बाहर लोगों के शराब पीने से महिलाओं और बच्चों को आवाजाही में दिक्कत होती है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले कलेक्टर को आवेदन देकर दुकान हटाने की मांग की गई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर अब धरना शुरू किया गया है।

### अवधपुरी में शराब की दुकान के खिलाफ किया प्रदर्शन

**भोपाल।** अवधपुरी में डीआरएम रोड पर खुली शराब की दुकान के विरोध में शुभालय विला कॉलोनी के रहवासियों ने प्रदर्शन किया। इसमें बडी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। जिन्होंने शराब की दुकान जाने वाले रास्ते को ही दो घंटे के लिए बंद कर दिया। रमन तिवारी ने बताया कि सोमवार को आंदोलन का नौंवा दिन था। प्रदर्शन के दौरान शराब दुकान की अर्थी भी जलाई।



### पत्नी के छोड़कर जाने से दुखी पति ने लगाई फांसी

**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित बीडीए क्वार्टर गोदरमऊ में रविवार रात एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि दो साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई थी। वह अपने दो बच्चों के साथ रहता था। पत्नी के जाने से दुखी होकर वह शराब पीने का आदी हो गया था। पुलिस के अनुसार रफीक कुरैशी (32) बीडीए क्वार्टर, गोदरमऊ में रहता था और मजदूरी करता था। वह शराब पीने का शौकीन था। करीब दो साल पहले उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई। वह दो बच्चों के साथ रह रहा था। पत्नी के छोड़कर जाने के बाद वह कुछ अधिक मात्रा में ही शराब पीने लगा था। बच्चों ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे रफीक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली।

# समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी तेज, समिति को कैबिनेट की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में सरकार ने अहम कदम बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यूसीसी के अध्ययन और सुझाव के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने को मंजूरी दे दी गई है। यह समिति न केवल अन्य राज्यों के मॉडल का अध्ययन करेगी, बल्कि प्रदेश के सामाजिक और प्रशासनिक परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपनी विस्तृत रिपोर्ट भी देगी।कैबिनेट के फैसले के अनुसार, समिति के अध्यक्ष के नाम पर अंतिम निर्णय सरकार की ओर से किया जाएगा। समिति में अनुभवी समाजसेवियों, वरिष्ठ आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के साथ विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा, ताकि व्यापक दृष्टिकोण के साथ सुझाव तैयार किए जा सकें।

### सीसी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने मंत्रियों के साथ यूसीसी के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान यह तय किया गया कि समिति असम और उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता के मॉडल का गहन अध्ययन करेगी। इन राज्यों के अनुभवों के आधार पर मध्यप्रदेश के लिए उपयुक्त ढांचा तैयार किया जाएगा।समिति अपनी रिपोर्ट में कानूनी, सामाजिक और प्रशासनिक पहलुओं को शामिल करते हुए सरकार को सुझाव देगी। इसके बाद राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।
सरकार के इस फैसले को प्रदेश में एक बड़े सामाजिक और कानूनी सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## डॉ. आंबेडकर की 135वीं जयंती पर डिक्की का जीरो वेस्ट कार्यक्रम का आह्वान

**भोपाल।** दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (डिक्की) मध्यप्रदेश द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में "ज़ीरो वेस्ट जयंती" कार्यक्रम मनाने का व्यापक आह्वान किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत डिक्की के पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी जिलों में सामाजिक संगठनों, जयंती आयोजकों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस वर्ष जयंती कार्यक्रमों को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त और पर्यावरण अनुकूल बनाएं। डिक्की द्वारा इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया गया। जयंती कार्यक्रम स्थलों पर जागरूकता एवं अपील के पोस्टर-बैनर लगाए गए, वहीं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से भी बड़े स्तर पर अभियान चलाया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग इस मुहिम से जुड़ सकें। डिक्की मध्यप्रदेश के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया एवं उनकी टीम ने प्रदेश भर में सक्रिय भूमिका निभाते हुए सभी जिलों में इस अभियान को सफल बनाने हेतु निरंतर संवाद और सहयोग का आह्वान किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य डॉ. आंबेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज में स्वच्छता, जिम्मेदारी का संदेश फैलाना है, ताकि जयंती आयोजन केवल उत्सव न होकर एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सके।

■ जन-जन तक पहुंचाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार

## शिक्षकों-कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर बनी सहमति

# डीपीआई में हुई संगठन की अहम बैठक सरकारी वकीलों से बुलाए अभिमत




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आयुक्त, लोक शिक्षण (डीपीआई) के समक्ष आयोजित बैठक में मप्र राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों द्वारा शिक्षकों एवं कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख मुद्दों पर सकारात्मक सहमति बनी। बैठक में आयुक्त अभिषेक सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कर्मचारी संघ की ओर से प्राप्त सुझावों एवं बिंदुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिक्षकों की टीईटी परीक्षा के संबंध में एक स्पष्ट एवं सुव्यवस्थित आदेश शीघ्र जारी किया जाएगा, जिसमें यह वर्गीकृत एवं सरलीकृत रूप में निर्धारित किया जाएगा कि किन शिक्षकों के लिए परीक्षा अनिवार्य होगी तथा किन्हें नियमानुसार छूट अथवा सरलीकरण प्रदान किया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश शासन द्वारा माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित प्रकरण के संदर्भ में शासकीय अधिवक्ता से अभिमत प्राप्त करने की कार्यवाही प्रगति पर है। अभिमत प्राप्त होते ही आवश्यकतानुसार सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्याचिका प्रस्तुत की जाएगी। डीपीआई से मिली जानकारी के अनुसार, टीईटी परीक्षा से संबंधित प्रकरण में विभाग द्वारा शिक्षकों को पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

**पर्यावरण कार्यकर्ता नितिन सक्सेना ने एनजीटी में याचिका दायर की**

# शहर में बड़े स्तर पर पेड़ काटे, नाम मात्र का पौधरोपण, एनजीटी ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




शहर में बड़े स्तर पर हरेभरे पेड़ों की कटाई होने और उनके एवज में नाममात्र के लिए किए जा रहे पौधरोपण को लेकर शहर के पर्यावरण कार्यकर्ता नितिन सक्सेना ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में याचिका दायर की है। मूल आवेदन में शिकायत की गई है कि शहर में संबंधित अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई की जा रही है, किंतु प्रतिपूरक पौधरोपण और पौधों के जीवित रहने पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। एनजीटी के न्यायमूर्ति शिव कुमार सिंह (न्यायिक सदस्य) एवं सुधीर कुमार चतुर्वेदी (विशेषज्ञ सदस्य) की पीठ ने इस मामले में सोमवार को आदेश पारित किया है। बेंच को बताया गया कि बड़े स्तर पर पेड़ों की कटाई की जा रही है, लेकिन इसके एवज में नाममात्र के लिए पौधरोपण किया जा रहा है। बीएमसी अथवा पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया पौधरोपण भी उचित रखरखाव के अभाव में पौधे सूख रहे हैं।

### मानक का किया उल्लंघन

*प्रस्तुत तथ्यों में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता हरप्रीत सिंह गुप्ता ने बेंच को बताया कि जिला मुख्य वन संरक्षक (सामाजिक वानिकी विभाग) ने 30.05.2023 को निर्देश जारी किए थे कि पौधों की न्यूनतम ऊंचाई 5 फीट (2 वर्ष से अधिक), पॉलिथीन बैग 30-40 सेमी और न्यूनतम कॉलर गर्थ 5 सेमी होनी चाहिए। लेकिन बीएमसी के पत्र व्यवहार में इस मानक का पालन नहीं किया गया। साथ ही यह स्पष्ट नहीं है कि पौधरोपण बीएमसी ने किया या सामाजिक वानिकी विभाग ने। बीएमसी की नोटशीट से पता चलता है कि राशि सामाजिक वानिकी विभाग को हस्तांतरित की गई, लेकिन निर्धारित मानक फिर भी नहीं अपनाए गए। बीएमसी के पत्र व्यवहार से स्पष्ट है कि पेड़ कटाई के एवज में प्राप्त अथवा जमा राशि के लिए कोई अलग खाता नहीं है, जो ऑडिट एवं लेखा नियमों का सीधा उल्लंघन है। अधिवक्ता हरप्रीत सिंह गुप्ता ने बीएमसी की एक्शन टेकन रिपोर्ट में परस्पर-विरोधाभासी तथ्यों की ओर अधिकरण का ध्यान दिलाया।*

### एनजीटी ने यह निर्देश दिए

*सुनवाई के दौरान एनजीटी बेंच ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भोपाल नगर निगम और प्रभारी वन अधिकारी (सामाजिक वानिकी, भोपाल) को विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिए हैं। दोनों अधिकारियों को तीन सप्ताह के अंदर व्यक्तिगत हलफनामा (शपथ पत्र) दाखिल करना होगा। इसमें काटे गए पेड़ों का विवरण, जमा की गई राशि का विवरण, निधि का उपयोग, पौधरोपण और 1 जनवरी 2026 तक उनके जीवित रहने की स्थिति, इस वर्ष की वर्षा ऋतु में पौधरोपण की भावी योजना आदि बताना होगी। अब इस मामले की अगली सुनवाई की 17 जुलाई 2026 को होगी।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930